वर्ष-31, अंक- 272, पृष्ठ-12 | श्रावण कृष्ण पक्ष 09, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शनिवार
19 जुलाई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 10

एक नजर

सांसद ढुल्लू के खिलाफ दायर पीआईएल को झारखंड हाई कोर्ट ने किया खारिज

रांची। झारखंड के धनबाद सांसद ढुल्लू महतो की आय से अधिक संपत्ति की जांच की मांग करने वाली जनहित याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने धनबाद सांसद को बड़ी राहत देते हुए उनकी संपत्ति की जांच की मांग वाली पीआईएल को खारिज कर दिया है। हाई कोर्ट ने इस जनहित याचिका को सुनाई योग्य नहीं माना है। पूर्व में सभी पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में फैसला सुनाया है। मामले में राज्य प्रार्थी सोमनाथ चटर्जी ने दुल्लू महतो की आय से अधिक संपत्ति की जांच सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग और राज्य पुलिस की एसआईटी से कराने का आग्रह किया था।

भाकपा के पूर्व विधायक ओमी लाल आजाद का निधन

रांची। भाकपा के पूर्व विधायक ओमी लाल आजाद का निधन शुक्रवार को टीएमएच अस्पताल जमशेदपुर में 87 वर्ष की उम्र में हो गया। ओमी लाल आजाद पार्टी के गिरिडीह सीट से विधायक रहे। वे गिरिडीह में लंबे से मजदूरों का नेतृत्व करते रहे और कोयला कामगार यूनियन के केंद्रीय सचिव रहे। पार्टी की ओर से आजाद के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया गया और कहा गया कि वे बेहद कर्मठ और ईमानदार नेता के रूप में लंबे समय तक जनता के सेवा और संघर्ष में बिताए।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

आज / कल

पलामू में चतुर्थ वर्गीय पदों पर बहाली की प्रक्रिया स्थगित

- मंत्रिपरिषद के निर्देश पर जिला प्रशासन ने विज्ञापन संख्या 01/2025 को तत्काल प्रभाव से रोका

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला अंतर्गत चतुर्थ वर्गीय पदों पर पैनल निर्माण हेतु जारी बहाली प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, पलामू कार्यालय से आम सूचना जारी करते हुए बताया गया है कि विज्ञापन संख्या 01/2025 के तहत आरंभ की गई प्रक्रिया को रोक दिया गया है।

यह निर्णय राज्य सरकार के निर्देशानुसार लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड सरकार, रांची द्वारा पत्रांक 4140, दिनांक 14 जुलाई 2025 के माध्यम से सूचित किया गया है कि मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) के पत्र के अनुसार मंत्रिपरिषद की 11 जुलाई को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि राज्य के अंतर्गत चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति के लिए एक नई भर्ती एवं सेवा शर्त नियमावली बनाई जाएगी। जब तक यह नियमावली अधिसूचित नहीं होती, तब तक सभी मुफ्फसिल कार्यालयों में वर्ग-4 के पदों पर नियुक्ति एवं बहाली की प्रक्रिया को स्थगित रखने का निर्देश जारी किया गया है। इसी आलोक में पलामू जिला प्रशासन ने बहाली प्रक्रिया पर रोक लगाई है। उपायुक्त ने उक्त सूचना को आमजन तक पहुंचाने हेतु जिला जनसम्पर्क कार्यालय एवं एनआईसी को समाचार पत्रों और जिला वेबसाइट पर प्रकाशित कराने का निर्देश दिया है। साथ ही नोडल पदाधिकारी (नियुक्ति कोषांग 2025) को सभी प्राप्त आवेदन पत्रों के साथ संलग्न डिमांड ड्राफ्ट/पोस्टल ऑर्डर के रूप में ली गई आवेदन शुल्क की राशि को वापस करने और आवेदन पत्रों को सुव्यवस्थित रूप से संरक्षित रखने का निर्देश दिया गया है।

यह सूचना आयुक्त, पलामू प्रमंडल, सचिव (राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग), तथा सचिव (कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग), झारखंड सरकार को भी प्रेषित की गई है।

झारखंड को आवास प्लस सूची से बचे लाभार्थियों के लिए मिले अतिरिक्त आवास : सांसद

- पलामू सांसद ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री को पत्र लिखकर की 2.22 लाख आवासों की स्वीकृति की मांग

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर झारखंड राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत "आवास प्लस 2018" की प्रतीक्षा सूची में शामिल शेष 2 लाख 22 हजार 69 पात्र लाभार्थियों के लिए आवास स्वीकृत करने की मांग की है। यह पत्र 17 जुलाई 2025 को भेजा गया। सांसद ने पत्र में लिखा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का सफल क्रियान्वयन देशभर में हो रहा है, जिसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार और ग्रामीण विकास मंत्रालय के प्रति आभार जताया।

सांसद ने जानकारी दी कि झारखंड राज्य को अब तक आवास प्लस सूची के तहत 8,15,210 आवासों का लक्ष्य आवंटित हुआ है, जिसमें से 7,40,973 लाभार्थियों को आवास स्वीकृत किए गए और 3,89,221 आवासों का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

शेष पेज 11 पर...

रिम्स-2 के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक से मिलेंगे 1000 करोड़ रुपए

- झारखंड को मिला एशिया के सबसे बड़े सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उपहार
- फरीदाबाद के अमृता हॉस्पिटल मॉडल पर बनेगा रिम्स-2
- शीघ्र होगा भूमिपूजन, 2600 बेड वाला अत्याधुनिक अस्पताल बनेगा हेल्थ टूरिज्म का केंद्र

नवीन मेल डेस्क

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दूरदर्शी नेतृत्व में झारखंड को एशिया के सबसे बड़े सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल रिम्स-2 की सौगात मिलने जा रही है। रांची में बनने वाले 2600 बेड के इस विश्वस्तरीय अस्पताल के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक से 1000 करोड़ रुपये की सहायता राशि मिलेगी। परियोजना की वित्तीय रूपरेखा और क्रियान्वयन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी।

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि शेष राशि राज्य सरकार की योजना मद से व्यय की जाएगी। अस्पताल की डिज़ाइन और निर्माण प्रक्रिया अंतिम चरण में है और शीघ्र भूमिपूजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद झारखंड न केवल पूर्वी भारत, बल्कि पूरे देश के लिए एक हेल्थ केयर हब और मेडिकल टूरिज्म डेस्टिनेशन बनकर उभरेगा।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने फरीदाबाद स्थित अमृता हॉस्पिटल का दौरा किया और वहां की चिकित्सा प्रणाली, प्रबंधन व शोध क्षमताओं का अध्ययन किया। इसी आधार पर रिम्स-2 को अमृता मॉडल पर विकसित किया जाएगा। मंत्री ने दिल्ली में मुख्यमंत्री से भेंट कर पूरी योजना की जानकारी साझा की। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. अंसारी ने कहा कि यह सिर्फ एक अस्पताल नहीं, बल्कि झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव का संकेत है।

शेष पेज 11 पर...

रिम्स-2 की प्रमुख विशेषताएं

- कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स जैसी सेवाएं एक ही परिसर में
- मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग व पैरामेडिकल संस्थान, डॉक्टरों के क्वार्टर, हॉस्टल, स्टेडियम
- अत्याधुनिक रिसर्च सेंटर व टेलीमेडिसिन यूनिट की सुविधा
- एक ही परिसर में उपचार, शिक्षा, प्रशिक्षण और सुविधाओं का एकीकृत ढांचा

झारखंड पुलिस ने छह माह में पांच आतंकी, 197 नक्सली और 767 साइबर अपराधी किए गिरफ्तार

- आतंकवाद, नक्सलवाद और साइबर क्राइम पर कसा शिकंजा, मुठभेड़ में 17 नक्सली और उग्रवादी ढेर

रांची। झारखंड पुलिस लगातार कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर लगाम लगाने का प्रयास कर रही है। आतंकवाद, नक्सलवाद और साइबर क्राइम पर शिकंजा कस रही है। इसमें झारखंड पुलिस को महत्वपूर्ण सफलताएं भी मिली हैं।

आईजी अभियान/पुलिस प्रवक्ता माइकल राज एस ने वर्ष 2025 जनवरी से जून (छह माह) की उपलब्धि की जानकारी देते हुए शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि अपराध के खिलाफ चलाए गए अभियान में राज्य के विभिन्न जिलों से पांच आतंकी, 197 नक्सली, 767 साइबर अपराधी और संगठित गिरोह के 12 अपराधी गिरफ्तार किए गए। इसके अलावा पुलिस के साथ मुठभेड़ में 17 नक्सली और उग्रवादी मारे गए। वहीं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर 10 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण भी किया। उन्होंने बताया कि इस अवधि में कुल 113 हथियार बरामद किए गए, जिनमें 31 लूटे गए पुलिस हथियार, 20 रेगुलर हथियार और 62 देसी हथियार शामिल हैं। पुलिस ने 8591 गोलियां, 176.5 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ, 3811 जिलेटिन और 4.51 लाख रुपये की लेवी राशि भी जब्त की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने नक्सलियों द्वारा बिछाए गए 179 आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) को भी नष्ट किया है। वहीं झारखंड और ओडिशा पुलिस के संयुक्त अभियान में ओडिशा के के. ब्लांग थाना क्षेत्र से 3811 किलोग्राम जिलेटिन बरामद किये गये। आईजी अभियान ने बताया कि जनवरी से मई 2025 तक नशा कारोबार के खिलाफ 389 मामले दर्ज किए गए और 393 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

शेष पेज 11 पर...

रांची में स्कूल भवन की छत गिरने से बुजुर्ग की मौत

रांची। झारखंड के रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित पिस्का मोड़ के पास शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। टंगरा टोली में स्थित एक पुराने और लंबे समय से बंद पड़े स्कूल भवन की छत अचानक गिर गई, जिसमें एक बुजुर्ग व्यक्ति की मलबे में दबकर मौत हो गई, जबकि तीन नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज देव कमल अस्पताल में चल रहा है। उपायुक्त ने मृतक के परिजन और घायलों को मुआवजा देने का निर्देश दिया है। बताया जा रहा है कि घटना के समय स्कूल भवन के पास कुछ लोग खड़े थे। जबकि कुछ लोग इमारत के अंदर मौजूद थे। तभी अचानक स्कूल की छत भरभराकर गिर पड़ी, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और तीन लोग घायल हो गए, मृतक की पहचान बुजुर्ग सुरेश बैठा के रूप में हुई है, जो बारिश के चलते अपने घर की बजाय स्कूल भवन में सो रहे थे। वहीं घायलों में प्रीतम तिर्की, रोहित लकड़ा और मनीष शामिल हैं।

लोहरदगा स्टेडियम का बीसीसीआई की टीम ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। बीसीसीआई की टीम लोहरदगा के बलदेव साहु महाविद्यालय क्रिकेट मैदान का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ड्रेसिंग रूम दोनों पवेलियन सेंटर विकेट और प्रेक्टिस विकेट का निरीक्षण किया। साथ ही साथ साइट स्क्रीन जहां पर लगा है उसको भी उन्होंने देखा और लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी को चार सेंटर विकेट बढाने तथा और चार प्रैक्टिस बनाने के लिए कहा। इसके अलावा उन्होंने कुछ और दिशा निर्देश देकर कहा कि से जल्द से जल्द इन्हें पूरा कर ले और उम्मीद है इस साल आपको बीसीसीआई का बोर्ड मैच मिल जाएगा. उन्होंने स्टेडियम के इंफ्रास्ट्रक्चर की काफी सराहना की। इस अवसर पर लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उनको गुलदस्ता और टी शर्ट भेंट किया। मैदान के निरीक्षण के बाद उन्होंने शहर के विभिन्न होटलों का मुआयना किया और सारी जानकारियां ली खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था उनके खाने पीने की व्यवस्था तथा जिम वगैरह को उन्होंने गौर पूर्वक देखा और उससे संतुष्ट हुए। बीसीसीआई की टीम की ओर से अमित कुमार साथ में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसियेशन के पूर्व रणजी खिलाड़ी और पूर्व सचिव राजेश वर्मा उर्फ बॉबी दा तथा राजीव रंजन साथ में आए हुए थे। इस अवसर पर आलोक राय,भास्कर दास गुप्ता, नेयाज मल्लिक, सतीश वर्मा, प्रवीण प्रसाद, मुकेश दुबे, आशीष कुमार ,अमित कुमार, जय जीत चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

खानाबदोशों की गतिविधियों पर डीआईजी सख्त थानेदारों को दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश

- टेंट लगाकर डेरा जमाए समुदायों की संदिग्ध हरकतों पर निगरानी, पहचान, सत्यापन व पृष्ठभूमि जांच के आदेश

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक नौशाद आलम ने प्रक्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में खानाबदोश समुदायों की संदिग्ध गतिविधियों को गंभीरता से लेते हुए सख्त निर्देश जारी किए हैं। जानकारी के अनुसार, इन समुदायों द्वारा टेंट या झोपड़ियों में अस्थायी रूप से निवास कर जड़ी-बूटी बेचने और परिवार के सदस्यों से भीख मंगवाने का काम किया जा रहा है। साथ ही, उनकी उपस्थिति से संबंधित क्षेत्रों में चोरी, लूटपाट और असामाजिक घटनाओं की संभावना भी लगातार बनी हुई है। इस कारण आम लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल उत्पन्न हो रहा है, जो कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकता है। डीआईजी नौशाद आलम ने थानेदारों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में ऐसे समुदायों की गतिविधियों पर तत्काल सघन निगरानी शुरू करें और चार स्तरों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। पहला निर्देश यह है कि जहां भी ये खानाबदोश समुदाय टेंट लगाकर रुके हुए हैं, वहां तत्काल पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। संबंधित थाना की मोबाइल पेट्रोलिंग यूनिटों को सतर्क रखा जाए ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई हो सके। दूसरे, इन समुदायों के प्रत्येक सदस्य की पहचान सुनिश्चित की जाए। यदि उनके पास कोई पहचान पत्र हो तो उसकी जांच हो, साथ ही अस्थायी निवास की अवधि और स्थान का विस्तृत रिकॉर्ड तैयार कर अद्यतन रखा जाए। तीसरा, इन व्यक्तियों की आपराधिक पृष्ठभूमि की त्वरित जांच की जाए। यदि वे पूर्व में किसी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त रहे हों, तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। चौथा, ग्राम प्रधान, चौकीदार और स्थानीय निवासियों से सतत संपर्क बनाए रखा जाए ताकि किसी भी आपराधिक मंसूबे या संदिग्ध गतिविधि की गोपनीय सूचना मिलते ही कार्रवाई की जा सके। डीआईजी ने स्पष्ट किया है कि यह मामला अत्यंत संवेदनशील है, और किसी भी स्तर पर की गई लापरवाही को घोर प्रशासनिक चूक मानते हुए संबंधित अधिकारी को उत्तरदायी ठहराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि थानेदारों द्वारा इस दिशा में निष्क्रियता दिखाई गई तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

शहरी निकाय चुनाव को लेकर झारखंड हाईकोर्ट सख्त, मुख्य सचिव को किया तलब

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में स्थानीय शहरी निकाय चुनाव को लेकर दाखिल अवमानना याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की। यह याचिका निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो की ओर से दायर की गई थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई और राज्य के मुख्य सचिव को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया। जस्टिस आनंदा सेन की अदालत में इस अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के रवैये पर नाराजगी जाहिर करते हुए कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य सरकार न्यायालय के आदेश को बाइपास कर राज्य में रूल ऑफ लॉ का गला घोंट रही है। हाई कोर्ट अब इस मामले की अगली सुनवाई 25 जुलाई 2025 को करेगी।

इंडिया

दुबई का गोल्डन वीजा और सबसे गंदे शहरों वाला भारत

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

स्वच्छता सर्वेक्षण 24-25 में इंदौर के बाद इस बार 10 लाख आबादी की श्रेणी में अहमदाबाद सबसे ऊपर और सबसे गंदे शहरों में तीसरे नंबर पर रांची शामिल है। जबकि 10 लाख से कम आबादी वाले शहरों में तीसरे नंबर पर जमशेदपुर है। इन सबके बीच खबर दुबई के गोल्डन वीजा की है जो भारत की कथित गंदगी और अव्यवस्था से ऊबे धनाढ्य लोगों के लिए स्वर्ग की तरह प्रचारित हो रहा है। दुनिया के प्रमुख शहरों से तुलना की बात करें तो प्राचीन से विकसित भारत बनने में गुणवत्तापूर्ण सड़कों, सार्वजनिक आधारभूत ढांचे, खुली जगहों तक पहुंच, पर्याप्त स्वच्छता और प्रदूषण नियंत्रण के मामले में कई चुनौतियां दिखती हैं। गुरुग्राम, नोएडा, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और अन्य भारतीय शहरों में उच्च-स्तरीय अपार्टमेंट और विला तो उपलब्ध हैं, लेकिन महंगे होने के बावजूद वे वैश्विक मानकों पर खरे नहीं उतरते। धनी भारतीय काम और छुट्टियों के लिए विश्व की यात्रा के क्रम में सिंगापुर, बैंकॉक, यूरोप और यहां तक कि दुबई या मस्कट जैसी जगहों से वापस आते हैं तो उन्हें यहां की कमियां खलती हैं । यूएई में प्रवेश की नई गोल्डन वीजा योजना की चर्चा बहुत है वैसे यह गोल्डन वीजा कार्यक्रम 2019 से चल रही है, पर अब 23 लाख रुपए के बराबर लगाकर निर्धारित शर्तों को पूरा करने वाले भारतीय नागरिक अब दुबई में आजीवन निवास प्राप्त कर सकेंगे, बिना महंगी अचल संपत्ति खरीदे या व्यावसायिक उपक्रमों में पूंजी निवेश की जरूरत के, जो पहले लागू थी। अनेक वेतनभोगी भारतीय 30 प्रतिशत आयकर देते हैं और कमाऊ जोड़ा किसी बड़े शहर में 2.5 करोड़ रुपए के अपार्टमेंट का लोन चुकाने के बाद राजनीति से लेकर रहन-सहन की परेशानी से बचने के लिए दुबई में संभावनाएं तलाश रहा है । दुबई में अभी आयकर नहीं है इसलिए और गृह ऋण पर ब्याज दर आमतौर पर 2-5 फीसदी के बीच होती है, जबकि भारत में यह लगभग 8-10 फीसदी है। दुबई के कई स्कूल और कॉलेज, भारत के प्रमुख शहरों के कुछ निजी स्कूलों जितने ही अच्छे या उनसे बेहतर हैं। इसके अलावा, दुबई भारत की तुलना में उच्च शिक्षा के लिए बेहतर संभावनाओं का प्रवेश द्वार बन सकता है।

यदि बड़ी संख्या में भारतीय वहां जाते हैं, तो इससे दुबई की छवि कम श्रम-प्रधान से वास्तविक महानगरीय और वैश्विक रूप से विविधतापूर्ण स्थान की बन सकती है। ज्यादा लोगों के दुबई में बसने से यूएई की अर्थव्यवस्था के बढ़ने की उम्मीद है। स्वाभाविक रूप से, लोग घूमने-फिरने, बाहर खाने-पीने, घर खरीदने और ईंधन की खपत पर पैसा खर्च करेंगे। भारत से दुबई और दुबई से भारत में पैसा भेजना भी आसान है, क्योंकि कई भारतीय बैंकों की इस खाड़ी देश में शाखाएँ हैं । आज से दो दशक पहले के भारत की तुलना में इंडिया में सड़क और आधारभूत संरचनाओं में अभूतपूर्व सुधार हुए हैं और मेट्रो से लेकर हवाई सेवाओं तक में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है । ऑनलाइन सेवाओं में तो क्रांति हुई है जिस कारण यूपीआई भुगतान में भारत विश्व के शीर्ष में है और भारतीय मुद्रा अनेक देशों में महत्व पा रही है । दूसरी ओर कनाडा जैसे देशों से अनेक भारतीय परिवार वहां के बिगड़े हालत के कारण वापस आए भी हैं । विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत उभर रहा है जिसमें यहां की स्वास्थ्य और स्वच्छता में उल्लेखनीय सुधार का भी योगदान है जिस कारण लोग कम बीमार पड़ रहे हैं । सवाल यह है कि सुविधाभोगी वर्ग यदि दुबई चला जाए तो क्या भारत की गति रुक जाएगी ? सदियों से भारत से प्रतिभा पलायन होता रहा अनेक लोग विदेशों में जाकर सुखी भी हुए पर जो परिजन संग आत्मीय सुख और सुरक्षा का भाव भारत में मिलता था उसकी कमी कई बार सालती है जब भाषा संस्कृति या रंग भेद के आधार पर विदेशों में भेदभाव होता है। हमें अपनी मातृभूमि की कमियों को दूर कर इसे स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए अनुशासन और एक दूसरे के सुख-दुःख का दयां रखना चाहिए इसलिए कि दुबई हो या अमेरिका मेहनत,ईमानदारी और परस्पर सहयोग ही इन देशों को स्वर्ग की तरह बना रहे हैं न कि सिर्फ पैसा । हम अपने घर से लेकर शहर को यदि साफ़ नहीं रखते तो दुबई में जाकर भी हमें सुख नहीं मिल सकता।

आजकल अधिकांश वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी के बजाय सलाहकार के रूप में काम करते हैं और परिवार के सदस्यों के लिए आजीवन गोल्डन वीजा प्रदान करके यह योजना प्रतिभाशाली भारतीयों को दुबई में रहने के लिए आकर्षित करने का एक जरिया माना जा सकता है।प्रमुख भारतीय शहरों और दुबई के बीच की दूरी 4-5 घंटे की है और दोनों जगहों के बीच रोजाना कई उड़ानें हैं। चूंकि दुबई एक वैश्विक केंद्र है,

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य को ईडी ने हिरासत में लिया

- न्यायालय ने चैतन्य बघेल को 5 दिन की रिमांड पर भेजा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निवास पर छापेमारी के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनके बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर विशेष न्यायाधीश डमरूधर चौहान के कोर्ट में पेश किया। ईडी ने चैतन्य बघेल से पूछताछ के लिए 5 दिन की पुलिस रिमांड मांगी है, जिसे मंजूर कर लिया गया। ईडी शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चैतन्य से पूछताछ करेगी। चैतन्य बघेल के वकील फैजल रिजवी ने बताया कि ईडी की ओर से 5 दिन की रिमांड मांगी गई थी। उन्होंने पत्रकारों को बताया आज तक चैतन्य बघेल को एक भी समन जारी नहीं किया गया है। शराब घोटाले से जुड़े आरोपित लक्ष्मी उर्फ पप्पू बंसल के बयान को आधार मानते हुए चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि चैतन्य बघेल का आज जन्मदिन था और सुबह जब वह पूजा कर रहे थे, इस दौरान पूजा स्थल में जूते पहने हुए जाकर ईडी की टीम ने उन्हें गिरफ्तार किया। न्यायालय के सामने हमने यह बात

शेष पेज 11 पर...

तालाब में बना दिया आंगनबाड़ी केंद्र सेविका पहुंची तो लौट गईं वापस

● हैदरनगर प्रखंड कार्यालय की लापरवाही उजागर

● पंचायत प्रतिनिधियों को भी नहीं दी गई जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर (पलामू)। हैदरनगर प्रखंड और अंचल कार्यालय की घोर लापरवाही सामने आई है। प्रखंड के बंगला टोला में आंगनबाड़ी केंद्र का नया भवन ऐसे स्थान पर बना दिया गया है, जहां पूर्व से ही पानी भरा रहता है और वह क्षेत्र आंशिक रूप से तालाब की भूमि मानी जाती है। हैरानी की बात यह है कि भवन निर्माण पूरा होने के बाद विभाग ने इसे औपचारिक रूप से हैंडओवर भी ले लिया, लेकिन न तो निर्माण स्थल की वस्तुस्थिति की जांच की गई और न ही पंचायत प्रतिनिधियों को इस बारे में कोई जानकारी दी गई। स्थिति तब और हास्यास्पद हो गई जब सेविका भवन संचालन के उद्देश्य से पहुंचीं और वहां की स्थिति देखकर बिना केंद्र शुरू किए ही वापस लौट गईं। नवनिर्मित भवन का फर्श निर्माण के कुछ ही समय बाद टूटने लगा है और दीवारों की रंगाई इतनी घटिया किस्म की है कि नया भवन भी पुराने जर्जर भवन की तरह नजर आ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इस पर गहरी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि सरकार की योजनाएं केवल कागजों पर चल रही हैं और जमीनी हकीकत में गुणवत्ता की घोर अनदेखी की जा रही है। साथ ही निर्माण कार्य की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग भी की जा रही है।

तालाब में आंगनवाड़ी केंद्र बनाना स्थलीय जांच का विषय : वीडीओ

तालाब में आंगनवाड़ी केंद्र बनाए जाने के मामले में हैदरनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने कहा कि किसी भी केंद्र के निर्माण के। लिए प्रखंड कार्यालय से एनओसी नहीं दिया गया और न ही प्रावधान है। जहां तक तालाब में केंद्र बनाने का मामला है तो यह स्थलीय जांच का विषय है। उच्चाधिकारी के मार्गदर्शन अनुरूप अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

पकड़े गये तीन फर्जी परीक्षार्थी

हुसैनाबाद। शुक्रवार को एके सिंह कॉलेज, जपला में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रथम पाली की परीक्षा में दूसरे के बदले परीक्षा देने के प्रयास में गेट पर ही तीन फर्जी परीक्षार्थी पकड़ लिए गये। सहायक केंद्राधीक्षक डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा ने बताया कि फर्जी परीक्षार्थियों के नाम इस प्रकार है। इस संबंध में केंद्राधीक्षक ने कहा हैं कि परीक्षा कक्ष में किसी के बदले परीक्षा देने पर दोनों पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा। कोई भी व्यक्ति इस तरह की अपराधिक चेष्टा न करें। अभिभावक भी अपने बच्चों को समझायें। अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आहर काटने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश

नवीन मेल संवाददाता

पलामू। तरहसी प्रखंड के उदयपुरा पंचायत विश्रामचक गांव में आहर काट देने से सारा जमा पानी बह गया। फसलों को भी नुकसान पहुंचा। आधा किलोमीटर दूर कच्ची सड़क बह गयी। इस घटना से लोगों में भारी आक्रोश है। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शुक्रवार को विरोध जताया और इसे गांव हित में अनर्थ बताया। गांव की सहमति नहीं लेने पर भी नाराजगी जाहिर की गयी। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों लगातार बारिश होने के कारण विश्रामचक आहर में भरपूर पानी जमा हो गया था और सिंचाई के लिए किसान आश्वस्थ थे। इससे सटे कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में भारी जलजमाव हो गया था। वार्डन की ओर से इस संबंध में अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी को जानकारी दी गयी। सीओ सह बीडीओ के निर्देश पर जेसीबी लाकर मनमाने तरीके से आहर को काट दिया गया। आहर काटने से सारा पानी बह गया। बहाव क्षेत्र में लगी फसल को नुकसान पहुंचा। आधा किलोमीटर दूर कुसलाडीह से लकड़ाही जाने वाली सड़क क्षतिग्रस्त हो गयी। तेज बहाव के कारण सड़क बीच से कट गयी। बरकोमा, लकड़ाही, छकनाडीह, डेल्हा सहित आधा दर्जन गांवों का आवागमन बाधित हो गया है। आहर काटे जाने की सूचना मिलने पर तरहसी पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य कृष्ण मुरारी सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुटे और प्रशासनिक कार्रवाई पर विरोध जताया। कृष्ण मुरारी सिंह ने कहा कि गांव की सहमति लिए बिना मनमाने तरीके से आहर को काट दिया गया, जिससे खेती के लिए जमा पानी अनावश्यक बह गया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यह गांव के लिए दुर्भाग्य और अनर्थ वाली बात साबित हुई है। इस जलाशय से सैकड़ों एकड़ खेत को पटवन के लिए पानी मिलता है। आहर काटने से पहले जनप्रतिनिधियों को जानकारी देनी चाहिए थी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर जानकारी मिलती तो पानी निकालने के लिए कई तरीके थे, जिसका इस्तेमाल किया जा सकता था। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने भी प्रखंड प्रशासन की इस कार्रवाई की निन्दा की और फसल के साथ साथ सड़क बह जाने पर चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि अब खेती कैसे होगी, इसकी चिंता अभी से सताने लगी है। इधर, अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी बालेश्वर राम ने मामले में खानापूर्ति करते हुए कहा कि आहर के काटे गए हिस्से को जेसीबी लगाकर मरम्मत करा दी गयी है। पानी का बहाव बंद कर दिया गया है। क्षतिग्रस्त सड़क भी ठीक करा दी गयी है। ग्रामीण आवागमन कर सकते हैं।

राष्ट्रीय मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में 6 छात्र उत्तीर्ण

नवीन मेल संवाददाता

नीलाम्बर-पीताम्बरपुर। राजकीय कृत कन्या मध्य विद्यालय लेस्लीगंज में 2024 -25 सत्र के लिए आयोजित राष्ट्रीय मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में विद्यालय से छह छात्र-छात्रा मीनाक्षी कुमारी, विवेक कुमार, राजेश कुमार, प्रिया कुमारी, गौतम कुमार एवं कुंदन कुमार उत्तीर्ण घोषित किए गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र नाथ मिश्रा ,सहायक शिक्षक अंकज कुमार, नीलम देसाई सहित सभी शिक्षकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष इस विद्यालय से मेधा छात्रवृत्ति सहित अन्य परीक्षाओं में काफी संख्या में बच्चे सफलता प्राप्त करते रहे हैं। इस अवसर पर मुखिया रेखा देवी ने उपस्थित छात्र छात्राओं और अभिभावकों को कहा कि प्रतिभा केवल बड़े बड़े शहरों में ही नहीं अपितु सुदूर देहात में भी बच्चों में प्रतिभा कूट कूट कर भरा हुआ है। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को पढ़ाई को लेकर प्रोत्साहित करने के साथ उज्जवल भवष्यि की कामना की। वहीं समाजसेवी छोटे लाल सोनी ने भी सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं लोगों द्वारा इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की सराहना की गई।

कांवरियों का जत्था देवघर रवाना

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद शहरी क्षेत्रों से दो दर्जन से अधिक कांवरियों ने पवित्र श्रावण मास में शुक्रवार को देवघर के लिए भगवान शिव पर जलाभिषेक करने के लिए रवाना हो गए। इस कांवरियों के जत्था में युवा कांवरिया शामिल है। इससे पूर्व बाजार क्षेत्र का भ्रमण करते हुए आशुतोष धाम शिव मंदिर से पूजा अर्चना के बाद कांवरियों का जत्था जपला रेलवे स्टेशन पर आशुतोष धाम मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बस से रवाना हुए। इसमें मुख्य रूप से सभी कावंरियों का नेतृत्व कंचन सोनी के साथ बोलबम देवघर, प्रयागराज, खाटू श्याम, अयोध्या के लिए कांवरियों का ग्रुप निकला। इस मौके पर बबलू गुप्ता, राजीव ठाकुर उर्फ कल्लू, मिक्कू ठाकुर, अखिलेश चौधरी राजा, मोनू ,शिवम, रणजीत सिंह, मनोज गुप्ता, रामा तिवारी, अरबिंद मालाकार, भानु सोनी, दिनेश ठाकुर के अलावा महिलाएं कांवरियों का भी नाम शामिल हैं।

सिंचाई कॉलनी की ओर जाने वाले रेल फाटक बंद

बड़े व भारी वाहनों का आवागमन हो गया बाधित

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। सतबहिनी स्टेशन के बीच सिंचाई कॉलोनी रोड पर रेल फाटक संख्या-55 ए को अब स्थाई रूप से अवरोधक खड़ा कर बंद कर दिया गया। इससे भारी वाहनों से खासकर, सरकारी खाद्यान्न गोदाम तक अनाज का भंडारण मुश्किल में पड़ गया है। बताया गया कि थर्ड लाइन विस्तारीकरण को लेकर इसके वैकल्पिक मार्ग के रूप में अंडरपास ब्रिज बनाया तो गया, मगर वह बड़े और भारी वाहनों के आवागमन को लेकर उपयोगी नहीं बना है। तब इसे मद्देनजर रखते हुए प्रखंड प्रशासन के आग्रह पर उक्त फाटक को खासकर खाद्यान्न ढुलाई के लिए विशेष परिस्थिति में खोलने का विकल्प खुला रखा गया था। जिसे भी अब पूरी तरह से सील कर दिया गया। ऐसी स्थिति में खाद्यान्न गोदाम ही नहीं विद्युत सब स्टेशन, थाना, पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण पर्वतीय निरीक्षण भवन, उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय और मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य पथ में स्थित दर्जन भर पिछड़े और पठारी गांवों तक बड़े और भारी वाहनों के आवागमन बाधित हो गया है।

उपयोगी अंडरपास ब्रिज निर्माण का मिला था आश्वासन

लोगों का कहना है कि गानवसहित इस रेल फाटक को पूरी तरह से बंद करने से पहले बड़े वाहनों के लिए उपयोगी एक अन्य अंडरपास ब्रिज बनाने का आश्वासन दिया गया था। इसे लेकर 27 अगस्त 2024 को डीडीयू मंडल के तत्कालीन डीआरएम को शिकायत करने पर उन्होंने जनवरी तक एलएचएस 55 ए के बगल में बड़े वाहनों के लिए उपयोगी दूसरा अंडरपास ब्रिज बनाने का आश्वासन दिया था। जिसे पूरा किए वगैर फाटक को स्थाई रूप से बंद कर दिया जाना जनहित विरोधी है। प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार का कहना है कि वगैर कोई सूचना दिए फाटक को स्थाई रूप से बंद करना नियम संगत नहीं है। इसे लेकर रेलवे के अधिकारियों को पत्र लिखकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया जाएगा।

न्यूज बॉक्स

मालगाड़ी के डिब्बे लगने से यात्री परेशान

हुसैनाबाद। पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड डेहरीऑन सोन रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पिछले दो दिनों से मालगाड़ी की खाली डिब्बे के खड़ी करने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि बुजुर्ग महिलाओं को एक नंबर प्लेटफार्म से दूसरे नंबर प्लेटफार्म पर जाने में ज्यादा परेशानी होती है। सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव भी दो नंबर प्लेटफार्म पर ही काफी समय से कर दिया गया हैं। जबकि नियमतः उसे भी एक नंबर प्लेटफॉर्म पर लगना चाहिए। इस रेलवे की लापरवाही के कारण यात्रियों को रेलवे लाइन पार होने में दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। जपला रेलवे स्टेशन के प्रबंधक संजय कुमार सिंह का कहना है कि उक्त खाली पड़े मालगाड़ी के डब्बे को क्यों लगाया गया है, इसके लिए उपर से बात कर हटाने के लिए बोला जाएगा। उसे अविलंब एक नंबर प्लेटफॉर्म से हटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यात्रियों को परेशानी होती हैं। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति के सदस्य मनोज शर्मा ने कहा कि इस मामले को लेकर डीआरएम को कई बार प्रेषित पत्र भेजा गया है, परंतु तीसरी लाइ शुरू होने के बाद भी रेल उपभोक्ताओं के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता रहा है। उन्होंने चेतावनी दी हैं कि इस पर तत्काल पहल नहीं किया गया तो रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति जोरदार आन्दोलन करेगी। जिसकी सारी जवाब देही रेल प्रशासन पर होगी।

हैदरनगर व हुसैनाबाद में भाजपा नेताओं का स्वागत

हैदरनगर। भाजपा के चर्चित नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे के निधन पर झारखंड प्रदेश के कई शीर्ष नेताओं ने मृतक के घर पहुंचकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। प्रदेश भाजपा की टीम में कर्मदेव सिंह संगठन मंत्री, मनोज सिंह महामंत्री, पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, पूर्व सांसद प्रत्याशी सह अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात भुइंया आदि शामिल थे। उन्होंने मृतक के शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस संकट की घड़ी में समस्त परिजनों को धैर्य रखने की जरूरत है। इस दौर में भाजपा का समस्त परिवार उनके साथ है। इसके भाजपा की टीम हैदरनगर स्थित राजपूतान टोला में भाजपा कार्यकर्ता अनिल सिंह की माता के भोज कार्यक्रम में शामिल होकर मृतका के समस्त परिजनों का हौसला बढ़ाया। यहां से हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय स्थित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति रविन्द्र कुमार सिंह के आवास पर इनका समूह के पहुंचते ही फूलमाला से जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर पार्टी के सक्रिय नेता संतोष सिंह, अजय गुप्ता, राजेश कर्ण, पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन राम, हैदरनगर के सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार सिंह, उदय विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह आदि शामिल हैं।

प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष ने बीडीओ को लिखा पत्र

उंटारी रोड। उंटारी रोड प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह के द्वारा उंटारी रोड बीडीओ श्रवण कुमार भगत को एक आवेदन पत्र देकर प्रखंड को प्राप्त हुए पैसों की जानकारी मांगी है। अपने आवेदन में लिखा है कि प्रखंड को सामग्री की खरिददारी के लिए कितना राशि प्राप्त हुआ था। साथ ही उससे कितनी राशि की सामग्री की खरीदारी की गई। प्रखंड कार्यालय के भवन की स्थिति काफी दयनिय सी हो गई है। भवन की छत से बरसाती पानी टपक रहा है। जिससे कार्यालय का कार्य भी बाधित हो रहा है। लिखा है कि सरकार विकास के नाम पर प्रखंड को पैसा देती रही है। लेकिन राशि की बंदरबांट कर लिया जाता है। साथ ही बताया कि क्रय की गई एक भी सामग्री कार्यालय में नहीं दिखाई दे रहा है। प्रखंड कार्यालय परिसर में जनता के लिए शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है। प्रखंड कार्यालय जाने वाली माताएं बहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रखंड के द्वारा खर्च किए गए राशि से संबंधित पूरी जानकारी की मांग की है। साथ ही इसकी प्रति पलामू उपायुक्त को भी दी है।

पशुपालकों को नहीं मिल पा रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

पलामू। विश्रामपुर पशुपालन कार्यालय हमेशा बंद रहता है। कार्यालय बंद रहने से विश्रामपुर, उंटारी रोड व पांडू के पशुपालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कार्यालय में पदाधिकारी कब आते और चले जाते हैं इसकी जानकारी किसी को नहीं मिल पाती हैं। जिसके कारण प्रखंड क्षेत्र के पशुपालक को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पशुपालन विभाग से पशुपालकों के लिए कई योजनाएं चलाई जाती हैं। जिसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा और ना उसे संबंधित जानकारी कार्यालय से। क्षेत्र का एक मात्र पशु चिकित्सालय इन दिनों अपने हाल पर ही आंसू बहा रहा है। शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे आसपास के लोग अपने पशुओं को इलाज को ले अस्पताल पहुचें। जहां अस्पताल के मुख्य दरवाजा व भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी जितेन्द्र वर्मा का कार्यालय में ताला लगा हुआ था। वहीं चिकित्सा पदाधिकारी के भवन से 500 मीटर की दूरी पर स्थित पुराने भवन मे बैठे कम्पाउडर सुनील कुमार दुबे ने बताया कि पिछले शुक्रवार से कार्यालय नहीं खुला है। वे जबसे विभाग मे काम कर रहे हैं यहीं से दवा देते हैं। अस्पताल की स्थिति विरान व बदहाल सी बनी है। स्थानीय पशुपालकों का कहना है कि यह अस्पताल कागजों पर चल रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। उंटारी रोड सहित विश्रामपुर और पांडू प्रखंड के भी पशुपालक इस अस्पताल पर हीं निर्भर रहते हैं, लेकिन उन्हें आए दिनों दर-दर भटकना पड़ता है। अस्पताल आने के बाद भ्रमणशील चिकित्सा पदाधिकारी बराबर गायब रहते हैं। मजबूरन पशुओं का इलाज निजी डॉक्टरों से कराना पड़ता है। जिससे पशुपालकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। लोग बताते हैं कि अस्पताल में कई महीनों से नियमित टीकाकरण अभियान भी बंद पड़ा है। कई बीमारियों से ग्रसित मवेशियों को समय पर इलाज और दवाएं नहीं मिल पा रही।

बच्चों में शिक्षा के प्रति रूचि बढ़ाने का प्रयास करें : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। स्थानीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने कहा कि विभिन्न क्रियाकलाप के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्विज प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता जैसे आयाम के माध्यम से बच्चों में रोचकता बढ़ाई जा सकती है। वहीं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि गुरु गोष्ठी में यूं डायस, प्रोग्रेशन, एमडीएम एसएमएस, मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार हेतु रजिस्ट्रेशन, इको क्लब रजिस्ट्रेशन, एसएमसी पुनर्गठन, पुस्तक वितरण का व्योरा ई विद्या वाहिनी पर अपलोड करने आदि विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बीपीएम शशिकांत कुमार, बीआरपी अनुज मिश्रा, सीआरपी ओमप्रकाश मिश्रा, संजय गुप्ता, जितेंद्र कुमार, प्रधानाध्यापक अजय राय, धर्मेंद्र कुमार सिंह,नरेन्द्र पांडेय, अभिलाषा कुमारी, उषा कुमारी, ममता कुमारी, पुष्पा कुमारी, सुरेश सिंह, अर्जुन राम, अरविंद गुप्ता, शिवशंकर राम सहित कई प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

सोनबरसा के पास मुख्य नहर में हुआ रिसाव

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। दायीं मुख्य नहर में सोनबरसा गांव के पास छेद खुल जाने की वजह से बाढ की विभिषिका के टलने के बाद भी भीमबराज से पानी छोड़ने में विलंब हुआ। छेद को बालू की बोरियों से बंद करने के बाद संध्याकाल में 1100 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि कोयल नदी का जलप्रवाह सामान्य स्तर पर आ गई है। फिर भी उनके मार्गदर्शन में सहायक अभियंता सुलेंद्र कुमार के साथ जेई सौरभ पटेल, निर्भय कुमार और शुभम राज स्थिति पर नजर रख रहे हैं। मुख्य नहर की जरूरत के पर्याप्त भंडारण के अलावा अब कोयल नदी में मात्र 32250 क्यूसेक ही पानी छोड़ा जा रहा है। बाढ के दौरान मुख्य नहर में गाद भर जाने की वजह से जलप्रवाह को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था।

लाइनिंग वर्क की खामियां बनी प्रारंभ से ही पानी छोड़ने में बाधक

जानकारों की मानें, तो लाइनिंग वर्क में ख्रामियां इस बार मुख्य नहर में समय से पानी छोड़ने में बाधक बनी हैं। पहले 16 जून को छोड़ा गया पानी उसी शाम बंद कर दिया गया। बाद में 1 व 3 जुलाई की तय तिथि के बाद जाकर 5 जुलाई को पानी छोड़ा गया था। इस बीच नबीनगर इलाके में लाइनिंग वर्क की ख्रामियों की वजह से स्थिति के कमजोर होना मुख्य नहर में पानी छोड़े जाने में विलंब का कारण बना रहा था। अब सोनबरसा के पास यह स्थिति देखने को मिली। यही वजह भीमबराज की स्थिति सामान्य होने के बाद भी मुख्य नहर में पानी छोड़ने में विलंब का कारण बना। जहां भी बरसात शुरू होने से पहले तक लाइनिंग वर्क चलता रहा था।

रेहला संत तुलसीदास कॉलेज में शोक सभा

पलामू। रेहला-बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास इंटर महाविद्यालय में शुक्रवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के संस्थापक सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे के आकस्मिक निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। ईश्वर मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करें, इसे ले दो मिनट का मौन भी रखा गया। सभा की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य अर्चना कुमारी व संचालन राजीव कुमार चौबे ने किया। प्राचार्य अर्चना कुमारी ने कहा कि इस महाविद्यालय की स्थापन में स्व. टिकैत चौबे की महत्वपूर्ण भूमिका थी। उनके इस योगदान को कॉलेज प्रबंधन व स्थानीय लोग हमेशा याद रखेंगे। राजीव कुमार चौबे ने कहा कि कॉलेज के स्थापना से लेकर इसके विकास के लिए उन्होंने बहुत कुछ किया है।

विश्रामपुर पंचायत समिति सदस्यों की हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

पलामू। प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख रम्भा कुमारी व संचालन बीडीओ राजीव कुमार सिंह ने किया। बैठक में सिचाई कूप में लाभुकों को किए गए भुगतान में बरती गई अनियमितता का मामला गरमाया रहा। प्रमुख रंभा कुमारी ने सिंचाई कूप में किये गये लाभुकों को भुगतान के मामले के साथ सूची भी उपलब्ध कराने की मांग की। ताकि उसमें बरती गई अनियमितता की जांच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। प्रमुख रम्भा कुमारी ने कहा कि आवास योजना में भी वैसे कई लाभुकों को पैरवी, पहुंच व आर्थिक लाभ लेकर अयोग्य लोगों को आवास मुहैया कराया गया है। आवास चयन में जरूरतमंदों को अनदेखी कर संपन्न लोगों को उसका लाभ दिया गया है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों से आवास योजना के लाभुकों की सूची उपलब्ध कराने को कहा, ताकि वैसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कराया जा सके। बीडीओ राजीव कुमार सिंह ने भी सदस्यों से वैसे लोगों की सूची उपलब्ध कराने को कहा है ताकि उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किया जा सके।

नया सॉफ्टवेयर अपडेट होने के कारण जपला मुख्य डाकघर 5 दिन रहेगा बंद

हुसैनाबाद। पलामू जिले के जपला मुख्य डाकघर में डाक विभाग द्वारा नया सॉफ्टवेयर आईटी 2.0 में अपडेट किया जा रहा है। जिसके कारण सभी तरह के कार्य प्रभावित रहेंगे। इस सम्बंध में जपला के प्रभारी उप डाकपाल अभिषेक प्रभाकर ने बताया कि नया अपडेट होने तक निदेशानुर्सार जपला मुख्य डाकघर में शुक्रवार से आगामी 22 जुलाई 2025 तक सभी तरह के कार्य बन्द रहेगें । पुनः 23 जुलाई से पूर्व की तरह कार्य किये जायेंगे। इसके लिये उपभोक्ताओं को संयम बरतने की बात कहीं है।

सौंदर्यीकरण

भीम चूल्हा बना पर्यटकों के लिए एक और प्रमुख आकर्षण केंद्र

रेलवे सुरंग को सजाकर बनाया गया आकर्षक

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। सोननगर-पतरातु थर्ड लाइन रेल कोरिडोर में मोहम्मदगंज-सतबहिनी स्टेशन के बीच बोगदा पहाड़ की खुदाई कर बनाया गया सुरंग भीमचूल्हा आए पर्यटकों के लिए आकर्षण के एक और केंद्र में शामिल हो गया है। इस सुरंग में रौशनी की व्यवस्था के साथ ही रंगों की कूंची से इसके दोनों मुहाने को पूरी तरह झारखंडी रंग-रूप दिया जा रहा है। इसमें धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिकृति के साथ ही बाघ और हाथी सहित अन्य कई प्रकार के आकर्षक दृश्य उपस्थित किए गए हैं। सुरंग के शीर्ष पर जाने के लिए सीढीनुमा पायदान भी बनाए गए हैं। इससे प्राकृतिक सौंदर्य के नयनाभिराम दृश्यों के बीच सुरंग स्थल मनभावन नजारा पेश कर रही है। इसकी आभा में निखार भी आ गया है। हालांकि रेलवे की ओर से थर्ड लाइन पर निर्बाध गति से ट्रेन परिचालन को देखते हुए पटरी से दूरी बनाए रखने के साथ ही सावधान और सतर्क रहने की हिदायत की गई है। भीम टनल नामकरण की जरूरत पर बल ऐतिहासिक भीमचुल्हा पर्यटक स्थल के पास इसके स्थित होने की वजह से कई सामाजिक और राजनीतिक नेताओं ने इसका भीम टनल नामकरण करने पर बल दिया है। उन्होंने इसे लेकर दिसंबर में केंद्रीय राज्यमंत्री एल मुरुगन के आगमन पर इस स्थल का उनके अवलोकन करने के पश्चात ज्ञापन सौंपकर इसकी मांग रखी थी। इस पर मंत्री ने नई दिल्ली पहुंचकर इस संबंध में रेलमंत्री को पत्र लिखा था। तब संबंधित पत्र की प्रति प्रेषित कर राज्यमंत्री के निजी सहायक स्थानीय निवासी अनिकांत सिंह ने इस संबंध में लोगों को जानकारी दी थी। अब जबकि सुरंग बनकर उपयोग में आने लगा है। इसे आकर्षक रूप दिया जा रहा है, तो इसके भीम टनल नामकरण को लेकर रेल मंत्रालय कौन सा कदम उठा रहा देखने वाली बात होगी। इस मांग को केंद्रीय राज्यमंत्री के समक्ष रखने में जिला पार्षद अंजू देवी,प्रखंड प्रमुख अर्चना देवी,उपप्रमुख नगीना सिंह, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह के अलावा मुखिया कमला देवी, शोभा देवी, उमेश राम,प्रिया सिंह, उपमुखिया रविरंजन कुमार सिंह, निलेश कुमार सिंह, पंसस ममता देवी,समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह, शुभम कुमार सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, रौशन कुमार, सुशील कुमार मेहता और वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यनारायण सिंह, रामजन्म राम, राहुल सिंह सहित अन्य कई लोगों के नाम शामिल हैं।

सड़क दुर्घटना में श्रृंगार स्टोर संचालक की मौत

मेदिनीनगर। पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव में गुरुवार रात हुई सड़क दुर्घटना में सिंगार स्टोर संचालक की मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक ने उसे खड़े अवस्था में पीछे से धक्का मार दिया। मृतक की पहचान रजहरा गांव के मोहम्मद गुलाम वारिस (28) के रूप में हुई है। शुक्रवार सुबह एमएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम किया गया। परिजनों के अनुसार पाटन थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव में वारिस सिंगार स्टोर का दुकान चलाता था। गुरुवार की रात दुकान बंद कर वारिस किशनपुर में एक ठेले पर खड़ा था और घर जाने की तैयारी कर रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार बाइक ने उसे पीछे से धक्का मार दिया। बाइक के धक्के से गिरकर वारिस गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीण और परिजनों के जरिये उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर अस्पताल पुलिस चौकी की एएसआई सुशीला टीटू, नीरज सिंह, शशि रंजन पांडे और पुलिस जवान महेंद्र कुमार, विकास कुमार अस्पताल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पाटन थाना की पुलिस वाहन को जब्त कर थाना ले गई है और आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुट गई है। बाइक सवार की पहचान करने में जुटी है।

कचरवा डैम बना झील, 9.75 करोड़ की योजना बारिश में फिर डूबी

शिलान्यास के एक साल बाद भी अधर में लटका सौंदर्यीकरण

- 2024 में सांसद वीडी राम ने किया था शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 स्थित कचरवा डैम का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य एक बार फिर पूरी तरह ठप हो गया है। पिछले दिनों हुई लगातार बारिश ने डैम को लबालब भर दिया है, जिससे यह बहुप्रतीक्षित योजना एक बार फिर पानी में डूबती नजर आ रही है। एजेंसी की सुस्ती, समय प्रबंधन की कमी और प्रशासनिक उदासीनता ने इस परियोजना को माखौल बना कर रख दिया है। 9.75 करोड़ रुपये की लागत से अमृत 2.0 परियोजना के अंतर्गत विकसित हो रही यह परियोजना इंडियन इलेक्ट्रिकल सर्विस लिमिटेड कंपनी को सौंपी गई है। इसका उद्देश्य डैम के चारों ओर पार्क, पैदल पथ, विद्युत व्यवस्था और जल सुविधा के साथ एक आकर्षक पर्यटन स्थल बनाना था। दावा किया गया था कि यह शहरवासियों और पर्यटकों के लिए एक प्रमुख पिकनिक स्पॉट बनेगा, लेकिन एक साल बीतने के बाद भी यह सपना अधूरा ही है।

जुलाई 2024 में पलामू सांसद वीडी राम ने इस योजना का शिलान्यास किया था, परंतु शुरुआती बारिश के कारण कार्य शुरू ही नहीं हो सका। मार्च 2025 में पानी निकाल कर कुछ काम शुरू किया गया, लेकिन अब पुनः भारी बारिश ने पूरे डैम को भर दिया, और कार्य दोबारा ठप हो गया। नगर निगम के अनुसार, 3.42 लाख घन मीटर मिट्टी काटने का लक्ष्य था, लेकिन अब तक महज 60 प्रतिशत मिट्टी ही निकाली जा सकी है। यानी एक साल में आधा भी काम नहीं हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि गंभीरता से काम होता तो यह स्थिति नहीं होती। सवाल यह है कि क्या एजेंसी और नगर निगम को यह अंदाज़ा नहीं था कि मानसून फिर लौटेगा? काम पूरा करने की निर्धारित अवधि 18 महीने है, जिसमें से 12 महीने पहले ही बीत चुके हैं। अब केवल छह महीने शेष हैं, जबकि कार्य की गति देखकर यह कह पाना मुश्किल है कि बचे हुए समय में कुछ ठोस प्रगति होगी भी या नहीं। इस बारे में नगर निगम के सहायक अभियंता देवेश कुमार ने कहा कि बारिश खत्म होते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा और उम्मीद है कि वर्ष के अंत तक कार्य पूर्ण हो जाएगा। लेकिन आम लोग सवाल कर रहे हैं कि क्या हर बार केवल उम्मीदों से ही काम चलेगा?

दिवंगत अधिवक्ताओं की स्मृति में पलामू अधिवक्ता संघ की शोकसभा

- महासचिव अजय कुमार पाण्डेय ने जताई गहरी संवेदना
- श्यामा प्रसाद मिश्रा व केदारनाथ को दी गई श्रद्धांजलि, दो मिनट पका मौन रखकर किया गया नमन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला अधिवक्ता संघ द्वारा शुक्रवार को संघ भवन में वरिष्ठ अधिवक्ताओं श्यामा प्रसाद मिश्रा एवं केदारनाथ के निधन पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया। यह सभा अपराह्न 3:30 बजे शुरू हुई, जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया और अपने दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा की अध्यक्षता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव 0प्रसाद यादव ने की। कार्यक्रम के दौरान दिवंगत अधिवक्ताओं के योगदान, जीवन मूल्य और संघ के प्रति उनके समर्पण को गहरे भाव के साथ याद किया गया। संघ के महासचिव अजय कुमार पांडेय ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि अधिवक्ता श्यामा प्रसाद मिश्रा और केदारनाथ न केवल वरिष्ठ अधिवक्ता थे, बल्कि संघ के सशक्त स्तंभ और मार्गदर्शक भी रहे। उनका व्यवहार संयमित, सोच सकारात्मक और कार्य के प्रति निष्ठा प्रेरणास्पद रही है। महासचिव ने कहा कि इन दोनों अधिवक्ताओं की अनुपस्थिति से संघ को अपूरणीय क्षति हुई है। यह शोक की घड़ी हम सबके लिए अत्यंत पीड़ादायक है। पलामू जिला अधिवक्ता संघ शोकसंतप्त परिजनों के साथ इस दुख में सहभागी है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि दिवंगत आत्माओं को शांति तथा उनके परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। शोकसभा के अंत में दोनों दिवंगत अधिवक्ताओं की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

स्वामी प्रज्ञानंद अस्पताल में 20 से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सदर प्रखंड के जोरकट में स्थित स्वामी प्रज्ञानंद सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में श्री कृष्णा संस्थान की ओर से दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 20 और 21 जुलाई को होगा। शिविर में सर गंगाराम हॉस्पिटल, नई दिल्ली के अनुभवी चिकित्सकों की टीम रोगियों के स्वास्थ्य की जांच करेंगे। यह जानकारी मेदिनीनगर सर्किट हाउस में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने दी। पूर्व मंत्री ने बताया कि शिविर का उदघाटन शनिवार को 11 बजे स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से कुछ गांवों को गोद लेकर वहां रहने वाले अभावग्रस्त लोगों का लंबे समय तक मुफ्त इलाज करने का भी निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ गीता मेदिरीता, ह्दय रोग विशेषज्ञ डॉ कविता त्यागी और दंत रोग विशेषज्ञ डॉ सुमित मुंजाल विशेष रूप से शामिल होंगे। रोगियों का इलाज के साथ साथ उनके बीच दवा का भी निःशुल्क वितरण किया जायेगा। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस शिविर में शामिल होकर अपना इलाज कराने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि शिविर सुबह 10 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक लगेगा।

कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करें : उपायुक्त

मेदिनीनगर। उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में कौशल विकास अनुश्रवण एवं कार्यन्वयन समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में डीसी ने सरकारी कौशल विकास योजनाओं विशेष रूप से मुख्यमंत्री सारथी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जागरूकता निर्माण के लिए विभिन्न विभागों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने स्थानीय प्लेसमेंट के अवसरों को बढ़ाने के लिए, उद्योगों से कार्यबल आवश्यकताओं और विशिष्ट कौशल आवश्यकताओं से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और बेहतर कार्यान्वयन के लिए रोडमैप तैयार करने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा सभी कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों के प्रदर्शन का भी समीक्षा किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, जिला नियोजन पदाधिकारी सह जिला कौशल पदाधिकारी धनंजय कुमार, सिविल सर्जन डॉ अनिल श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, यूएनडीपी प्रतिनिधि अभिषेक कश्यप समेत अन्य उपस्थित रहे।

बाल सुधार गृह में लगा मेडिकल कैंप, बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के दिशा-निर्देशों और पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय के निर्देश पर शुक्रवार को शहर स्थित वात्सल्य धाम बाल सुधार गृह में एक दिवसीय मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सुधार गृह में रह रहे सभी बालकों की स्वास्थ्य जांच की गई।

मेडिकल टीम द्वारा बच्चों का खून जांच, आंखों की जांच, बुखार समेत अन्य मौसमी बीमारियों की गहन जांच की गई। इसके अतिरिक्त आवश्यकता अनुसार बच्चों के बीच आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया।

चिकित्सकों ने बच्चों को बरसात के मौसम में बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। डॉक्टरों ने बताया कि वर्षा के मौसम में प्रदूषित पानी का सेवन नहीं करना चाहिए और आसपास की सफाई का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। स्वच्छता ही रोगों से बचाव का सर्वोत्तम उपाय है। इस अवसर पर अधिकार मित्र विनय प्रसाद के अलावा मेडिकल टीम के सदस्य और बाल सुधार गृह के कर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय रहते बीमारी की पहचान कर उपचार सुनिश्चित करना था।

सावन मेले के ड्यूटी में तैनात हवलदार की मौत

मेदिनीनगर। देवघर में सावन मेले में प्रतिनियुक्त गिरिडीह के हवलदार वीरेंद्र सिंह का हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतक पलामू जिले के रहने वाले थे। गिरिडीह पुलिस लाइन में प्रतिनियुक्त थे। शुक्रवार को निधन के बाद जवान के शव को गिरिडीह के न्यू पुलिस लाइन लाया गया। जहां उन्हें अंतिम सलामी दी गई। इस दौरान डीएसपी कोसर अली, मेजर सन्नी कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार वीरेंद्र सिंह को सावन मेले कि ड्यूटी के लिए देवघर भेजा गया था। ड्यूटी के दौरान ही उनके सीने मे तेज दर्द उठा। तो पहले देवघर मे इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें गिरिडीह सदर अस्पताल भेजा गया। लेकिन बेहतर इलाज के लिए उन्हें धनबाद रेफर कर दिया गया। धनबाद ले जाने के दौरान वीरेंद्र सिंह की मौत हो गयी।

वेदव्यास आवास योजना के तहत 23 मछुआरों को मिलेगा पक्का आवास

- मछुआरों को मत्स्य विभाग से पंजीकृत होना आवश्यक,1.92 लाख रुपए प्रति आवास का प्रावधान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। वेदव्यास आवास योजना के तहत कच्चे मकान में रहने वाले जिले के 23 गरीब मछुआरों को पक्का आवास मुहैया कराया जाएगा। इस योजना के तहत आवास का लाभ उठाने के लिए उन्हें जिला मत्स्य विभाग से पंजीकृत होना आवश्यक है। योजना के अंतर्गत केंद्र व राज्य सरकार संयुक्त रूप से मछुआरों को आवास उपलब्ध कराने को ले वेद व्यास योजना शुरू की है। इसके पूर्व वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी 23 मछुआरों को आवास देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। वेद व्यास आवास योजना के तहत इन मछुआरा परिवारों का आवास निमार्णाधीन है। बताते चलें कि जिला स्तर पर कमेटी घटित की जाती है जिसके तहत जिले के उपयुक्त अध्यक्ष व जिला मत्स्य पदाधिकारी इसके सचिव होते हैं साथ ही संबंध विधानसभा के विधायक इसके सदस्य होते हैं। कमेटी के अनुमोदन के बाद ही इस योजना का लाभ चयनित मछुआरों को मिल पाएगा। इसके तहत जिले के मछुआरे मत्स्य विभाग से निःशुल्क आवेदन प्राप्त कर 31 जुलाई तक जमा कर सकते हैं।

बीडीओ करेंगे भौतिक सत्यापन : आवास निर्माण को ले प्राप्त आवेदन का सत्यापन कर अर्हता निर्धारण करने की जिम्मेदारी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी जाएगी। बीडीओ आवेदक की स्थिति का सत्यापन कर रिपोर्ट जमा करेंगे तब आवास का एकरारनामा किया जायेगा। बीडीओ सत्यापन के क्रम में समीक्षा करेंगे कि लाभुकों को पूर्व से कच्चा मकान है और मत्स्य विभाग से प्रशिक्षित भी है। अगर मछुआरे पूर्व में किसी आवास योजना के तहत लाभान्वित होंगे तो उन्हें इस आवास योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा।

मछुआरों को लाभान्वित करने के लिए प्रत्येक आवास निर्माण की प्राक्कलित राशि 1 लाख 92 हजार 200 रुपये निर्धारित है। लाभुकों के चयन के बाद भवन निर्माण संबंधित प्राक्कलित राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभुकों के खाते में किया जाएगा। मत्स्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 2019 तक इस योजना के तहत 1.20 लाख रुपए मकान निर्माण के लिए दिए जाते थे परंतु पिछले वर्ष से इसे बढ़ाकर एक लाख 92 हजार 200 रुपए कर दिया गया है।

तीन आवास अनुसूचित जाति एवं दो आवास महिलाओं दिए जाएंगे : इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु मछुआरे का पक्का आवास नहीं होना चाहिए। इसके साथ में बीपीएल के अंतर्गत आने वाले मछुआरों को इसमें प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही 23 आवास में से तीन अनुसूचित जाति को दिए जाएंगे। जबकि आवास की संख्या का 10% यानी दो आवास महिलाओं को दिया जाएगा। बाकी 18 आवास काअनुसूचित जनजाति सामान्य तथा ओबीसी वर्ग के मछुआरे लाभ उठा सकेंगे।

ट्रैफिक नियम उल्लंघन पर कार्रवाई, 13 बाइक जब्त

मेदिनीनगर। शुक्रवार को कचहरी चौक पर जिला परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान कई दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस और ट्रिपल लोडिंग करते पाया गया। ऐसे कुल 13 दोपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षित रूप से रखा गया, जिन्हें चालान और फाइन की प्रक्रिया के लिए जिला परिवहन कार्यालय पलामू को भेजा गया। वहीं, एक मोटरसाइकिल चालक और एक टेंपो सवारी गाड़ी के चालक को रात में शराब पीकर वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। इन पर भी कड़ी कार्रवाई करते हुए चालान भेजा गया है। जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 18 जुलाई 2025 को जारी रिपोर्ट के अनुसार 13 दोपहिया गाड़ियों पर 13,303, दो टेंपो पर 6,300 और शराब पीकर वाहन चलाने के एक मामले में 10,170 का जुर्माना लगाया गया है। इस तरह कुल 29,773 का चालान फाइन जारी किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

एनएसयूआई ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंप चारदीवारी की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। एनएसयूआई ने कॉलेज परिसर में स्थापित गणेश लाल अग्रवाल की प्रतिमा की चारदीवारी की जर्जर स्थिति को देखते हुए एनएसयूआई जीएलए कॉलेज इकाई के छात्रों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन एनएसयूआई कॉलेज अध्यक्ष ऋषु राज दुबे के नेतृत्व में सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि प्रतिमा की चारदीवारी जगह-जगह से टूट चुकी है और प्लास्टर भी उखड़ चुका है। जिससे न केवल प्रतिमा की गरिमा प्रभावित हो रही है, बल्कि उसकी सुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न हो गया है। छात्रों ने कॉलेज प्रशासन से मांग की कि चारदीवारी की जल्द से जल्द मरम्मत करवाई जाए, जिससे प्रतिमा की सुंदरता एवं सुरक्षा बनी रह सके। विश्वविद्यालय अध्यक्ष आशीष ठाकुर ने कहा कि गणेश लाल अग्रवाल जी की प्रतिमा कॉलेज का गौरव है। यह हमारे बीच प्रेरणा का स्रोत है। उसकी देखभाल करना हम सभी का कर्तव्य है। यदि जल्द मरम्मत कार्य नहीं किया गया तो विद्यार्थियों को आंदोलन का मार्ग अपनाना पड़ सकता है। प्राचार्य महोदय ने ज्ञापन प्राप्त कर आश्वासन दिया कि इस विषय पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर कॉलेज के करण कुमार, कृष्णकांत कुमार, सुशांत कुमार, अविनाश दुबे, आयुष दुबे, दीपक कुमार छात्र नेताओं एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

अग्रवाल समाज की नई कमेटी गठित, रंजन अध्यक्ष व मुकेश बने सचिव

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अग्रवाल समाज की बैठक शाहपुर एसएलए विद्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अग्रवाल समाज पलामू का कार्य समाज के सभी लोगों को एकीकृत कर सृदृढ़ समाज का निर्माण करना है। अग्रवाल समाज पलामू समाज के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगा।समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े अग्रवशंजो के उत्थान के लिए सदैव सक्रिय रहेगा। बैठक में सर्वसम्मति से रंजन कुमार अग्रवाल को अध्यक्ष और मुकेश कुमार अग्रवाल को सचिव निर्वाचित किया गया। बैठक में राजेश कुमार अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल व निवेदन अग्रवाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि आलोक कुमार अग्रवाल को संयुक्त सचिव, डॉ रंजन अग्रवाल, रविन्द्र कुमार अग्रवाल बेला व विकास कुमार अग्रवाल को संगठन मंत्री बनाया गया है। इसके साथ मुकेश कुमार अग्रवाल मीडिया प्रभारी व शुभम कुमार अग्रवाल को सूचना प्रसारण की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में चंदन अग्रवाल, विनित अग्रवाल, प्रियांशु अग्रवाल, अमृत अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, रिंटू अग्रवाल, सूर्या अग्रवाल,आर्यन अग्रवाल, राज अग्रवाल, राजू अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, संतू अग्रवाल टिंकू अग्रवाल, विक्की अग्रवाल और उज्जवल अग्रवाल को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। जबकि संतोष अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, नवीनचन्द्र अग्रवाल और सुधीर अग्रवाल को संरक्षक मनोनीत किया गया। बैठक में नारी शक्ति का गठन कर विस्तार की जिम्मेदारी रुपांजलि अग्रवाल को दी गई।

लायंस क्लब मेदिनीनगर का मेगा हेल्थ चेकअप कैंप अब अगस्त में होगा आयोजित

- स्वास्थ्य मंत्री के आगमन के कारण पूर्व निर्धारित तिथि में हुआ संशोधन, नई तिथि जल्द घोषित होगी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम प्रशासन और लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के संयुक्त तत्वावधान में प्रस्तावित मेगा हेल्थ चेकअप कैंप की तिथि में बदलाव किया गया है। पहले यह शिविर 20 जुलाई (रविवार) को आयोजित होने वाला था, लेकिन अब यह कार्यक्रम अगस्त माह में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ, डॉ. रविश कुमार और परियोजना अध्यक्ष लायन गुरुवीर सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि 20 जुलाई को झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी का पलामू दौरा प्रस्तावित है। वे एक निजी अस्पताल के उद्घाटन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और उसी अवसर पर एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। ऐसे में लायंस क्लब द्वारा निर्धारित मेगा हेल्थ कैंप की तिथि में परिवर्तन करना आवश्यक हो गया, ताकि अधिक से अधिक चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि यह निर्णय अन्य व्यावहारिक कारणों को ध्यान में रखते हुए भी लिया गया है। विशेष रूप से सफाईकर्मी, मजदूर वर्ग, रिक्शा चालक जैसे श्रमिकों के लिए यह शिविर आयोजित किया जाना था, लेकिन 20 जुलाई को इन वर्गों की सीमित उपलब्धता की संभावना को देखते हुए शिविर को स्थगित किया गया है। शिविर पूर्व निर्धारित स्थान टाउन हॉल परिसर, मेदिनीनगर में ही आयोजित किया जाएगा। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम, आधुनिक स्वास्थ्य जांच उपकरण और बेहतर सुविधाओं के साथ यह शिविर नगर निगम क्षेत्र के जरूरतमंद वर्गों के लिए समर्पित रहेगा। लायंस क्लब की ओर से बताया गया कि नई तिथि की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी और आगामी शिविर को अधिक व्यवस्थित, भव्य और जनोपयोगी बनाया जाएगा।

समारोह

डीसी की अध्यक्षता में हुई आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक

एक भी लाभुक बगैर राशन के ना रहे : उपायुक्त

- प्रगति की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त समीरा एस ने आपूर्ति विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न एजेंडों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने एनएफएसए, ग्रीन कार्ड, सोना-सोबरन धोतीसाड़ी योजना,आदिम जनजाति परिवार कल्याण योजना आदि का प्रखंडवार समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

पीवीटीजी समूहों के बीच राशन वितरण कराना सुनिश्चित कर

बैठक में उपायुक्त द्वारा पीवीटीजी योजना अंतर्गत खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करते हुए पीवीटीजी समूहों के बीच शतप्रतिशत राशन वितरण कराने की बात कही। एक भी पीवीटीजी लाभुक बगैर राशन के नहीं रहे,यह सुनिश्चित करने पर बल दिया बैठक में उपायुक्त ने बीएसओ लॉगिन में पेंडिंग एप्लीकेशन की समीक्षा की। इस दौरान चैनपुर में सबसे अधिक आवेदन पेंडिंग पाया गया। वहीं पीजीएमएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों में पाटन सबसे अव्वल रहा। उपायुक्त ने दोनों एमओ को उनके लॉगिन में पड़े आवेदनों को आगे फॉरवर्ड/ निष्पादन करने की बात कही। इसी तरह धान अधिप्राप्ति, सीसीएमआर जमा किये जाने, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत जुलाई 2025 का राशन उठाव एवं वितरण, चीनी-चना दाल वितरण सहित अन्य मामलों आदि की विस्तृत समीक्षा कर संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस अवसर पर विभिन्न एजीएम व एमओ उपस्थित रहे।

बैठक में डीएसओ प्रीति किस्कू ने बताया कि जिले में 95 प्रतिशत खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। बैठक में राशन कार्ड डिलिशन के अनुरूप वेकैंसी क्रिएट नहीं होने को लेकर डीसी ने डीएसओ को राज्य स्तर से समन्वय स्थापित कर इसका निराकरण करने की बात कही। इसके पश्चात उपायुक्त द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत जून एवं जुलाई माह में किये गये खाद्यानों की समीक्षा किया गया। इस दौरान उन्होंने सदर मेदिनीनगर, हैदरनगर, मोहम्मदगंज एवं तरहसी प्रखंडों में राशन वितरण कार्य में बढ़ोतरी लाने के निर्देश दिये। इसी तरह एनएफएसए अंतर्गत माह सितंबर 25 का खाद्यान्न के उठाव एवं डीएसडी की गोदामवार समीक्षा की गयी।

स्वास्थ्य मंत्री के आने से पहले खुली अस्पताल प्रशासन की नींद

20 को पलामू दौरे पर आ रहे हैं डॉ. इरफान अंसारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू प्रमंडल का एक मात्र मेडिकल कॉलेज अस्पताल है। जिसकी स्थिति कोई मंत्री या पदाधिकारी के आने से पहले ही कुछ अच्छी होती है, नहीं तो बाकी समय मरीज किसी अवस्था में अपना समय कटाते है। ज्ञात हो कि 20 जुलाई को झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री का दौरा स्थानीय मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का करने वाले हैं। जिसको लेकर अस्पताल प्रशासन की नींद खुली है और अस्पताल की विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की कोशिश की जा रही है ताकि स्वास्थ्य मंत्री को लगे की उनके अस्पताल में विधि व्यवस्था बहुत अच्छी चल रही है। अस्पताल के सीडी पर स्वास्थ्य विभाग के कई तरह से चमकीले स्टीकर पर लिखे स्लोगन चिपकाए जा रहे हैं। जहां लाइट की कमी है वहां नई ट्यूबलाइट लगाई जा रही है। अस्पताल की साफ सफाई की जा रही है। अस्पताल प्रशासन रात्रि तक काम कर रही है।

पति-पत्नी के विवाद में पुलिस-पब्लिक आमने-सामने

रमना। पति पत्नी का विवाद से उतपन्न हुआ मामूली झगड़ा ने एक नया और विकट समस्या खड़ा कर दिया। इस पति-पत्नी के मामले को सुलझाते-सुलझाते पुलिस और आम ग्रामीणों के बिच एक ऐसा विवाद उतपन्न कर दिया जिसमें पुलिस ने ग्रामीणों पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया। इस संबंध में ग्रामीणो ने बताया कि 17 जून को सिलीदाग पंचायत के बीवा टिकर टोला निवासी मनोज राम की पत्नी चिंता देवी द्वारा सास और पति के साथ झगड़ा झंझट हुआ था, इसी बात को लेकर चिंता देवी द्वारा थाना में शिकायत की गयी थी। सुबह मनोज राम के साथ पति पत्नी के झगड़े के प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीण महिला पुरुष थाना पहुंचे तो पुलिस ने मनोज राम को बुलाया और रूम में ले जाकर मारने लगा उसकी चीख बाहर तक सुनाई दे रही थी। कुछ देर बाद ग्रामीण गए और आग्रह किया कि सर झगड़ा का जांच कर लिया जाए। इसी बात को लेकर पुलिस अवर निरीक्षक आलोक कुमार एवं इनके सहयोगी उपस्थित पुलिसकर्मी उग्र हो गये और गाली-गलौज करते हुए सतेंद्र कुमार को मारने लगे। निर्दोष युवक को पीटते देख ग्रामीणो ने इसका विरोध किया। थाने में उपस्थित महिलाओं के साथ भी गाली गलौज किये। इस घटना कि सुचना पाकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेन्द्र नारायण सिंह थाना पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया बुझाया तब मामला शांत हुआ। पुलिस अवर निरीक्षक अलोक कुमार ने भी थाना प्रभारी को लिखित आवेदन दिया। जिसमें आरोप लगाया गया है कि सतेंद्र भगत, कोईली देवी, विंदा देवी, धर्मेन्द्र राम, रामप्रवेश कुमार एवं 20 अज्ञात महिला पुरुष पर सरकारी काम में बाधा डालने एवं दुर्व्यवहार का प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस द्वारा एक तरफा कार्रवाई से ग्रामीणों में असंतोष और भय का माहौल है।

15 वर्षों से चल रहे भूमि विवाद का निष्पादन : सीओ

मेराल। थाना के सभागार में शुक्रवार को थाना दिवस शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सी ओ यशवंत नायक और थाना प्रभारी विष्णु कांत ने थाना दिवस शिविर में राजहरा गांव के चल रहे 15 वर्षों से भूमि विवाद को आपसी सुलह समझौता के बीच मामला का निपटारा किया गया। यह मामला राजहरा गांव के राजीव कुमार सिंह और बनुआ गांव के रामदास सिंह के बीच भूमि विवाद चल रहा था। सीओ यशवंत नायक ने बताया कि शिविर में कूल भूमि विवाद से संबंधित 17 मामले आया था, जिसमें विभिन्न गांवों के 10 मामलों को आपसी सुलह समझौता करा कर निपटारा किया गया है। जबकि सात मामले में व्यवहार न्यायालय गढ़वा जाने की सलाह दिया गया है। थाना दिवस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांव से भूमि विवाद को लेकर आने वाले मामलों में खोरीडीह, लातदाग, मेराल, लोवादाग, तरके, ओखरगड़ा, गोंदा, तीसर टेटूका, तेनार, राजहरा, अधौरा, पेशका, हासनदाग आदि गांवों से 17 मामले आए थे। विदित हो कि थाना दिवस के अवसर पर सी ओ यशवंत नायक और थाना प्रभारी विष्णु कांत के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से अधिक से अधिक भूमि विवाद मामले का निपटारा होने पर लोगों में न्याय मिलने का उम्मीद जगा है। जिसके कारण शुक्रवार को भूमि विवाद से संबंधित थाना दिवस में अपने अपने मामले को लेकर अधिकांश लोग शामिल होने लगे हैं। इस मौके पर सीआई जॉनसन गिद्दी राजस्व कर्मचारी संजीव कुमार पांडे, संजीव कुमार मुकेश किसको मुखिया रामसागर महतो आदि लोग उपस्थित थे।

291 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

मेराल। शुक्रवार को कल्याण विभाग से प्रखंड के सात विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच 291 साइकिल का वितरण किया गया। विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर लालमोहन और प्रखंड कल्याण पदाधिकारी दिलीप कुमार रजक ने कल्याण योजना के तहत साइकिल को छात्र-छात्राओं के बीच वितरण किया। जिसमें वर्ग 8 के 140 छात्राएं और 151 छात्रों को साइकिल दिया गया। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी दिलीप कुमार रजक ने बताया कि वर्ग 8 में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को झारखंड सरकार के द्वारा कल्याण विभाग से निशुल्क साइकिल का वितरण किया जा रहा है। ताकि सुविधा के साथ विद्यालय जाकर बच्चे बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सके। मौके पर शिक्षक कुंदन कुमार, देवमती कुमारी, रामाशीष पटवा,सत्येंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। विदित ही कि छात्रों के बीच वितरण किया गया सभी साइकिल के टायर में हवा नहीं होने से छात्र-छात्राओं को साइकिल लेकर पैदल घर जाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं कई साइकिल का चैन में मोर्चा लगा हुआ और कई साइकिल में सीट टूटने और ताला खराब होने की बात बच्चों द्वारा बताया गया। इस संबंध में पूछने पर साइकिल सप्लायर के सुपरवाइजर श्रीकांत कुजूर ने बताया कि मेरे पास जो साइकिल उपलब्ध है वही साइकिल बच्चों को लेना होगा मेरे पास अलग से कोई दूसरा साइकिल उपलब्ध नहीं है।

एमओ ने की पीडीएस डीलरों के साथ बैठक

केतार। प्रखंड कार्यलय के सभागार में शुक्रवार को बीडीओ सह एमओ प्रशांत कुमार ने प्रखंड के सभी जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ बैठक की गई। इस बैठक में बीडीओ प्रशांत कुमार ने सभी पीडीएस डीलरों को अगस्त माह तक शत-प्रतिशत राशन वितरण करने को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने सभी डीलरों को निर्देश दिया कि जो भी राशन कार्डधारी दूसरे राज्य में पलायन कर गये है उनकी सूची बनाकर प्रखंड कार्यालय में जल्द जमा करें। साथ ही वैसे राशनकार्डधारी जो मृत हो गए है, जो विवाहित हो गए है और जो सक्षम है वो राशन का लाभ ले रहे है उनकी सूची बनाकर कार्यालय को जमा करें। ताकि आगे की प्रकिया की जा सके। इस मौके पर ऑपरेटर अमित कुमार, मुखिया प्रमोद कुमार, श्यामसुंदर बैठा, महेंद्र पासवान, सुरेश राम, अरुण बैठा, चंद्रदेव बैठा, बेलास बैठा, गोपाल बैठा, चंद्रदेव बैठा, चंदू पासवान, साकिर अंसारी, मोजहिदीन अंसारी उपस्थित थे।

बोकारो स्टील वर्क्स यूनियन ने दी ददई दुबे को श्रद्धांजलि

भवनाथपुर। टाउनशिप स्थित बोकारो स्टील वर्क्स यूनियन कार्यालय में शुक्रवार को इंटक अध्यक्ष स्वर्गीय चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर यूनियन पदाधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय श्रमिकों समेत बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। शोकसभा के दौरान स्व. दुबे के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। सभा को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने स्व. दुबे को एक संघर्षशील, मिलनसार और सिद्धांतवादी नेता बताया। उन्होंने कहा कि ददई दुबे ने हमेशा श्रमिकों और गरीबों की आवाज बुलंद की और यूनियन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनका निधन यूनियन के लिए एक अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। नेताओं ने कहा कि स्व. दुबे ने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का काम किया और कर्मचारियों के हितों के लिए हर परिस्थिति में डटे रहे। इस अवसर पर यूनियन के पदाधिकारी प्रदीप चौबे, आलोक त्रिपाठी, एटक यूनियन के गणेश सिंह, सेल डीजीएम एस.यू. मेधा, भगवान पानी ग्राही, डोमन यादव, राजेश कुमार यादव, राजमुनी सिंह, हीरा यादव, सुशील मिश्रा, जसवंत चौबे, ध्रुव दुबे सहित कई कर्मचारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत नेता को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुखिया ने किया सुलभ शौचालय का उद्घाटन

रमना। शुक्रवार को मुखिया अनीता देवी ने नवनिर्मित सुविधा भवन का उद्घाटन किया। राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग-2 में 15वें वित्त मद से मुखिया अनीता देवी ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता के लिए विद्यालय में सुलभ शौचालय का मरम्मती करवा कर बच्चों के लिए सुलभ साधन का समुचित व्यवस्था कराया। 1 एकड़ 37 डी में फैले इस विद्यालय में करीब 400 बच्चे पढ़ते हैं, लेकिन विद्यालय के बच्चों के लिए समुचित सुलभ साधन का व्यवस्था नहीं था, जिससे बच्चों एवं शिक्षकों को घोर कठिनाई का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा मुखिया को अवगत कराया गया था। इस समस्या को देखते हुए मुखिया ने अर्ध निर्मित शौचालय भवन का मरम्मती करने का अनुशंसा कि और सुलभ शौचालय बन कर तैयार हुआ। इस उद्घाटन के मौके पर मुखिया अनीता देवी ने कहा कि स्वछता के लिए अतिआवश्यक है कि सभी लोग मिलकर इसमें भागीदारी निभाए तब ही गांव के गली मुहल्ला साफ एवं स्वच्छ होगा, साथ ही अपने ग्राम पंचायत को खुले में शौच से मुक्त करना है, जिसका प्रारंभ विद्यालय से किया जा रहा, विद्यालय के बच्चों को अब खुले में शौच नहीं करना पड़ेगा। इस मौके पर मुख्य शिक्षक नंदकिशोर चौबे, मनोज कुजूर, विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष आशुतोष कुमार सहायक अध्यापक सुरेन्द्र राम, लाल सिंह वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार उपेंद्र कुमार, दिलीप ठाकुर एवं विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

पंचायत-नेत्री अभियान के तहत गढ़वा में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

अभियान का उद्देश्य महिला नेताओं को सशक्त करना : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। सशक्त पंचायत नेत्री अभियान अंतर्गत निर्वाचित महिला मुखियाओं को सशक्त और दक्ष नेतृत्वकर्ता के रूप में तैयार करने के उदेश्य से उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में एकदिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त दिनेश कुमार यादव, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश, सम्मानित प्रखंड प्रमुख एवं मुखिया द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उदेश्य गढ़वा जिले की सभी निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों को नेतृत्व क्षमता, सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित करना था ताकि वे पंचायत स्तर पर निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय

भूमिका निभा सकें। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि पंचायत राज निदेशालय, झारखंड द्वारा रिवेम्प्ड आरजीसीए योजना अंतर्गत सभी महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को सशक्त पंचायत- नेत्री अभियान के विषय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है,साथ ही सभी निर्वाचित महिला मुखियाओं को दिनांक 24 जुलाई से गढ़वा जिले के सभी प्रखंडों को तिथि वार पलामू में प्रशिक्षण दिया जाना है जिसका उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी है। उन्होंने कहा कि सशक्त महिला का सशक्त और प्रगतिशील समाज के निर्माण में सराहनीय योगदान है। उन्होंने कहा कि महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आत्मविश्वासपूर्वक भाग लेने और अपने तथा अपने समुदाय से जुड़े मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से उठाने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है। जब तक महिलाएं सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व नहीं निभाती, तब तक सच्चे मायनों में सशक्तिकरण संभव नहीं है। सशक्त महिला पंचायत नेतृत्व अभियान का उद्देश्य स्थानीय स्वशासन में महिला नेताओं को सशक्त करना और उनके नेतृत्व को नई ऊंचाई देना है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला पंचायती राज पदाधिकारी कुशवाहा ने कहा कि विगत वर्षों में सामाजिक एवं राजनीतिक दोनों घटकों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज विभाग में जो भी फंड आते हैं उसे कैसे धरातल पर उतरना है, समाज के सभी लोगों को उसका लाभ कैसे मिले, रेवेन्यू का निर्माण कैसे हो इसकी कार्य योजना तैयार करें एवं पलामू में आयोजित ट्रेनिंग में इसके बारे में अवश्य जानकारी प्राप्त करें। कार्यशाला में जिला प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और पंचायती राज विभाग के अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। उपस्थित प्रतिनिधियों ने विषयों को गहनता से समझा और उन्हें अपने पंचायत क्षेत्र में लागू करने के लिए प्रेरित हुए।

उपायुक्त ने सुनीं आमजनों की समस्याएं त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

गढ़वा। उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। उन्होंने जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये लोगों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी तथा उसके निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त द्वारा समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया। ग्राम केतार से आये ठुरामन साह ने अपना आवेदन देते हुए बताया कि उनकी भूमि पर दबंगों द्वारा जबरन खेती की जा रही है रोकने पर उनको जान से मारने की धमकी देते हैं। उन्होंने उपायुक्त से सीओ के माध्यम से उन दबंगों से अपनी जमीन दिलाने हेतु अनुरोध किया। वहीं खरोंधी से आयी पार्वती देवी ने अपना आवेदन के माध्यम से बताया कि उनकी शादी 2021 में केतार प्रखंड के निवासी धर्मेंद्र गुप्ता से हुई। उन्हें एक 3 साल का लड़का है तथा वह पिछले आठ माह से गर्भवती भी हैं। उनके पति एवं ससुर लड़ाई झगड़ा कर के उन्हें घर पर छोड़कर कहीं भाग गए हैं। उन्होंने उपयोग से न्याय दिलाने की मांग की। प्रखंड मेराल के ग्राम अधौरी से आई उदासी देवी ने अपने आवेदन के माध्यम से उपायुक्त को बताया कि गाय सेड का पैसा भेंडर को अभी तक नहीं मिला है जबकि 5 साल पहले ही यह सेड बनया जा चूका हैं, पूछने पर बताया जाता है कि अभी पैसा नहीं आया है आने के उपरांत भेंडर को पैसे का भुगतान कर दिया जाएगा। अतः उन्होंने उपायुक्त से भेंडर का पैसा दिलवाने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में 30 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए जिनके समाधान हेतु उपायुक्त दिनेश कुमार यादव द्वारा संबंधित पदाधिकारीयों व विभागों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

थाना दिवस पर 16 मामलों का निष्पादन

डंडई। थाना परिसर में शुक्रवार को विभागीय निर्देश पर अंचल अधिकारी के अध्यक्षता एवं थाना प्रभारी के संरक्षण में थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डंडई प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से भूमि विवाद से संबंधित मामलों को लेकर लोग पहुंचे हुए थे। थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी तथा अंचलाधिकारी देवलाल करमाली के द्वारा संयुक्त रूप से जमीन विवाद संबंधी 16 मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही विवाद को सुलझाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की गई। अधिकारियों के द्वारा कई लोगों को कुछ विवाद में लोक अदालत जाने का भी सुझाव दिया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को पुलिस के द्वारा साइबर फ्रॉड, सड़क सुरक्षा एवं नशा के प्रति जागरूक करने की दिशा में आवश्यक जानकारी भी दी गई। अंचला अधिकारी देवलाल करमाली ने बताया कि थाना दिवस के कार्यक्रम में 16 मामलों का निष्पादन किया गया है। जिसमें आपसी बंटवारा, सीमांकन, दखल कब्जा सहित भूमि से संबंधित कई मामलें शामिल है।

थाना दिवस पर तीन मामलों का निपटारा

केतार। गुरुवार को केतार थाना परिसर में अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस के अवसर पर जमीन विवाद से जुड़े 16 मामले आयें। इसमें दोनों पक्षों की बात सुनने के पश्चात तीन मामलों का सुनवाई की गयी। बाकी 13 मामलों का निपटारा दुसरे पक्ष के लोगों को नहीं आने से नहीं हो सका। इन मामलों का निपटारा अगले थाना दिवस पर होगी। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने कहा कि थाना दिवस आयोजन का उद्देश्य भूमि विवाद सम्बन्धित विवादों का शांतिपूर्ण समझौता कराकर सामंजस्य बैठाना और न्याय दिलाना है। अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा कि जमीन विवाद के मामलों में उत्पन्न आपसी विवाद को समाप्त करने के उद्देश्य से थाना दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

केतार के सरकारी स्कूलों में नहीं लगे तड़ित चालक, मासूमों की जान खतरे में

45 में सिर्फ दो स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्था, वज्रपात के मौसम में डर के साए में पढ़ाई

बिट्टू सिंह

केतार। प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में वज्रपात से सुरक्षा के लिए आवश्यक तड़ित चालक (लाइटनिंग अरेस्टर) अब भी नहीं लगाए गए हैं। नतीजतन, सैकड़ों मासूम छात्र-छात्राएं और शिक्षक हर दिन जान जोखिम में डालकर विद्यालय पहुंच रहे हैं। 45 स्कूलों में से महज दो में ही तड़ित चालक लगे हैं, शेष सभी संस्थानों में यह व्यवस्था नदारद है। मानसून के इस दौर में जब वज्रपात की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, ऐसे में सरकारी स्कूलों में यह लापरवाही बच्चों की जान के साथ खुला खिलवाड़ मानी जा रही है। अभिभावकों में भी इसे लेकर भारी आक्रोश और चिंता देखी जा रही है। उनका कहना है कि जब तक बच्चे स्कूल से सुरक्षित घर नहीं लौटते, तब तक पूरे परिवार की

सांसें अटकी रहती हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, दस से पंद्रह वर्ष पहले अधिकांश स्कूलों में तड़ित चालक लगाए गए थे, लेकिन अब वे या तो खराब हो चुके हैं या चोरी हो गए हैं। स्थिति यह है कि केतार प्रखंड के अधिकांश स्कूल पहाड़ी इलाकों में हैं, जहां वज्रपात की आशंका और भी अधिक रहती है। इसके बावजूद शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इस वर्ष भीषण गरज-तड़क के साथ हो रही बारिश के बीच वज्रपात की घटनाओं में कई लोगों और मवेशियों की मौत हो चुकी है। मौसम विभाग लगातार वज्रपात को लेकर चेतावनियां जारी कर रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई सुरक्षा उपाय नहीं किए गए हैं। शिक्षकों और अभिभावकों का कहना है कि यह स्थिति सीधे तौर पर शिक्षा विभाग की लापरवाही को उजागर करती है। बच्चों को असुरक्षित भवनों में बैठाकर पढ़ाना एक गंभीर प्रशासनिक चूक है। केतार प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय छाताकुड़ और उच्च विद्यालय परसोडीह में ही तड़ित चालक लगे होने की पुष्टि हुई है। बाकी 43 स्कूल आज भी भगवान भरोसे चल रहे हैं।

जिम्मेदारों ने क्या कहा?

शिक्षा विभाग के कनिष्ठ अभियंता धनंजय पांडेय ने बताया कि करीब दस वर्ष पहले सभी स्कूलों में तड़ित चालक लगाए गए थे, लेकिन अब वे खराब हो चुके हैं। फिलहाल दो विद्यालयों में ही यह व्यवस्था दुरुस्त है। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर राजा ने कहा कि तड़ित चालक लगाने के लिए अलग से कोई फंड नहीं आता है। कुछ उच्च विद्यालयों में यह व्यवस्था की गई है। इस संबंध में विभाग को सूचना भेज दी गई है।

बाबा धाम के लिए रवाना हुआ कांवरियों का जत्था

डंडई। प्रखंड के करके पंचायत से कई दर्जन की संख्या में कांवरियों का एक जत्था देवघर बाबा धाम के लिए रवाना हुआ। समस्त कांवरिया श्रद्धालुओं को पंचायत के पूर्व मुखिया श्रवण चंद्रवंशी के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सभी कांवरिया बम गाँव के शिव स्थानों पर पूजा अर्चना किया और बस में सवार होकर बोल बम बोल बम का नारा लगाते हुए आगे रवाना हुए। कांवरियों का जत्था को पंचायत के पूर्व मुखिया श्रवण चंद्रवंशी सहित गांव के कई अभिभावकों ने प्रसाद खिलाकर रवाना किया और स्वयं पूर्व मुखिया भी देवघर बाबा नगरी के लिए प्रस्थान किये।

कूपा पंचायत में ई-केवाईसी के नाम पर वसूली

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी (गढ़वा)। कूपा पंचायत भवन में मनरेगा मजदूरों से ई-केवाईसी के नाम पर 200 रुपया की अवैध वसूली का मामला सामने आया है। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा पूर्व उपप्रमुख एवं आजसू नेता गोरखनाथ चौधरी को दी गई। जिसके बाद वे तत्काल मौके पर पहुंचे और पूछताछ की। मौके पर मौजूद पीयूष कुमार नामक व्यक्ति ने बताया कि उसे प्रखंड कार्यालय से प्रतिनियुक्त किया गया है और उसके साथ रोजगार सेवक भी हैं। जब चौधरी ने प्रतिनियुक्ति से संबंधित पत्र की मांग की, तो एक पत्र दिखाया गया जिसमें सभी मजदूरों का ई-केवाईसी कराने का आदेश था। लेकिन मौके पर ई-केवाईसी के एवज में पैसा लिया जा रहा था, जो आदेश के विरुद्ध है। गोरखनाथ चौधरी ने तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी, खरौंधी से बात कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। बीडीओ ने स्पष्ट किया कि केवाईसी अनिवार्य है, लेकिन इसके लिए किसी तरह की राशि नहीं ली जानी चाहिए। उन्होंने जांच कर कार्रवाई की बात कही। चौधरी ने घोषणा की कि इस मामले की गढ़वा उपायुक्त से शिकायत की जाएगी ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो सके। मौके पर मौजूद लोगः प्रह्लाद चौधरी, एस. कुमार गुप्ता, तरेगण सिंह, सभापति चौधरी, राधे चौधरी, प्रेमनाथ चौधरी, नंदन पटेल, कविता देवी, आरती देवी, कांति देवी समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

कांवरियों की टोली देवघर रवाना

चिनियां। बाबा बैद्यनाथधाम के लिए श्रद्धा और आस्था से लबरेज चिनियां, बिलैतीखैर और रणपुरा से कांवरियों की टोली हर हर महादेव के जयघोष के साथ रवाना हुई। यात्रा से पूर्व सभी कांवरियों ने अपने-अपने गांव के देवस्थलों में पूजा-अर्चना कर गांव और समाज के कल्याण की कामना की। वहीं रणपुरा पंचायत समिति सदस्य पति दयानंद राम ने रणपुरा गांव के दर्जनों कांवरियों को अंगवस्त्र पहनाकर विदा किया। पावन कांवर यात्रा में कई संगठन सक्रिय रहे, जिनमें मुख्य रूप से युवा जागृति क्लब, बिलैतीखैर से दुर्गेश यादव, बीरेंद्र सिंह, देवदत्त यादव, सुनील यादव, रामबृक्ष सिंह, चिनियां नवयुवक कांवरिया संघ से भीम प्रसाद गुप्ता, अरविंद पासवान, गोविंद प्रसाद, धर्मेंद्र प्रसाद उर्फ कुली, संजय यादव, तो वही रणपुरा कांवरिया संघ से पुटू चंद्रवंशी, भुंडुल चंद्रवंशी समेत दो कांवरियों की भागीदारी रही।

डीएवी स्कूल में शिक्षण व्यवस्था में होगा सुधारः प्राचार्य

भवनाथपुर। डीएवी पब्लिक प्लस टू विद्यालय भवनाथपुर टाउनशिप में पदस्थापित नए प्राचार्य राजेश कुमार सिंह ने पत्रकार वार्ता में विद्यालय की स्थिति में सुधार का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि यहां के विद्यार्थियों का भविष्य संवारने के लिए वे शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करेंगे। इसके तहत प्रत्येक शनिवार को गर्मी की छुट्टियों में विद्यालय के शिक्षक छात्रों को कोचिंग देंगे। आवश्यकता होने पर विषय विशेषज्ञों को बाहर से बुलाया जाएगा।प्राचार्य सिंह ने बताया कि विद्यालय में पद ग्रहण करने के बाद उन्हें शिक्षकों के बीच गुटबाजी की जानकारी मिली है, जो विद्यालय के हित में नहीं है। वे इसे समाप्त कर सभी शिक्षकों का ध्यान शिक्षण कार्य पर केंद्रित कराएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय भवन के कुछ हिस्सों की मरम्मत की आवश्यकता है, जिसे जल्द पूरा किया जाएगा। विद्यालय के विकास में वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी लेंगे।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संस्कृति ज्ञान महाअभियान की शुरूआत

छात्रों में भारतीय संस्कारों के विकास पर जोर

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर नगरी में गुरुवार को 'संस्कृति ज्ञान महाअभियान' सत्र की औपचारिक शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में आचार्यगण, अभिभावक, अतिथि और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, भारतीय जीवन-दर्शन और संस्कारों का विकास अत्यंत आवश्यक है। भारतीय संस्कृति कोई सीमित धार्मिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह एक जीवन शैली है जो व्यक्ति को सामाजिक, पारिवारिक

और राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाती है। सत्र के अंतर्गत छात्रों को भारतीय सांस्कृतिक धरोहर, पारिवारिक मूल्य, कर्तव्यबोध और राष्ट्र सेवा की भावना से जोड़ने के लिए प्रेरक संवाद, गीत, श्लोक, वीडियो प्रस्तुति व अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धियां नहीं, बल्कि एक ऐसे चरित्रवान नागरिक का निर्माण करना है जो भारतीय संस्कृति से गहराई से जुड़ा हो। उन्होंने इसे विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का सार्थक प्रयास बताया।अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के समग्र व्यक्तित्व पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

उपायुक्त - सह - जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा

(जिला आपूर्त्ति शाखा) (Email Id- dso.chatra@jharkhandmail.gov.in)

-: नोटिस :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिले में NFSA एवं JSFSS योजनान्तर्गत आच्छादित निम्न राशन कार्ड लाभुकों द्वारा विगत 06 माह, 12 माह, 03 वर्ष एवं 05 वर्ष से अधिक अवधि से खाद्यान्न इत्यादि का उठाव नहीं किया जा रहा है और ना ही e-KYC किया जा रहा है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

District :- CHATRA					
Sl No	Block	Ration Card Not Lifted Count (6 Months) (Created 9 months before)	Ration Card Not Lifted Count (12 Months) (Created 15 months before)	Ration Card Not Lifted Count (3 Years) (Created 3 Years 3 months before)	Ration Card Not Lifted Count (5 Years) (Created 5 Years 3 months before)
1	CHATRA	1171	963	680	516
2	CHATRA (NAGAR PARISHAD)	612	504	363	281
3	GIDHAUR	238	194	130	93
4	ITKHORI	776	622	412	284
5	KANHACHATTI	548	439	304	239
6	KUNDA	337	265	187	106
7	LAWALAUNG	575	445	335	290
8	MAYURHAND	495	385	258	218
9	PATHALGORA	151	114	76	45
10	PRATAPPUR	1195	956	575	403
11	HUNTERGANJ	2000	1661	1226	990
12	SIMARIA	1280	1045	776	540
13	TANDWA	1919	1588	1139	649
Total		11297	9181	6461	4654

उपरोक्त लाभुकों द्वारा खाद्यान्न उठाव नहीं करने तथा e-KYC नहीं करने के कारण राज्य स्तर वर चतरा जिले की स्थिति खराब प्रदर्शित हो रही है।

"झारखण्ड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2024" की कंडिका 6(X) (ग) में उल्लेखित है कि यदि राशन कार्डधारी द्वारा लगातार छः माह से अधिक अवधि से जन वितरण प्रणाली दुकान से सरकार द्वारा प्रदत्त किसी भी प्रकार की सामग्री का उठाव नहीं किया गया हो तो जांचोपरान्त उनके राशन कार्ड का रद्दीकरण कार्य किया जाएगा।

उक्त परिप्रेक्ष्य में चतरा जिलान्तर्गत विगत 06 माह, 12 माह, 03 वर्ष एवं 05 वर्ष से अधिक अवधि से खाद्यान्न इत्यादि का उठाव नहीं करने वाले उक्त सभी राशन कार्डधारी नोटिस निर्गत के एक सप्ताह के अन्दर अनिवार्य रूप से संबंधित जन वितरण प्रणाली दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न का उठाव करते हुए e-KYC भी कराना सुनिश्चित करें अन्यथा यह माना जाएगा कि आपको खाद्यान्न उठाव में किसी प्रकार की रूचि नहीं है एवं आप राशन कार्ड की पात्रता नहीं रखते है। तदोपरान्त उक्त लाभुकों का राशन कार्ड रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

PR 357659 Food Public Distribution and Consumer Affairs (25-26)_D जिला आपूर्ति पदाधिकारी, चतरा

कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार।

(अ०ज०जा०, अ०जा०, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

"निविदा"

लातेहार जिलान्तर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं अन्य आवासीय विद्यालयों के लिए ड्यूल डेस्क, एल0ई0डी0 टी0भी0, कम्प्युटर डेस्कटॉप सेट, प्रिंटर, फोटोकॉपी मशीन, वेट मशीन, पेयजल हेतु RO with Chiller (150 Ltr.), डिजी सेट एवं सी0सी0टी0वी0 कैमरा इत्यादि का क्रय हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक– 01.08.2025 को 12:30 बजे अपराह्न तक परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लातेहार के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है।

निविदा दिनांक– 01.08.2025 को 03:

न्यूज बॉक्स

स्कूल तक के पहुंच पथ को दुरुस्त करें विभाग : विधायक प्रतिनिधि

चंदवा। जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण कई इलाकों का सड़क मार्ग जर्जर हो गया है। कई पुल पुलिया क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसके अतिरिक्त जिले के अनेकों स्कूलों का पहुंच पथ बारिश के कारण जर्जर, कीचड़नुमा हो गया है जिसके कारण विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने में परेशानी हो रही है। इस बाबत विधायक प्रतिनिधि आदर्श रविराज ने कहा कि स्कूल पथ को तत्काल दुरुस्त किया जाना चाहिए। मैंने इस संबंध में जिला शिक्षा अधीक्षक से बात भी की है। शिक्षा विभाग की ओर से विभागीय कनीय अभियंता को इस मामले में रिपोर्ट बनाने को कहा गया है, जल्द ही सभी स्कूलों तक के पहुंच पथ को दुरुस्त किया जाएगा।

70 साल पहले बनी बड़ी बांध टूटा, किसान मायूस

लातेहार। बालूमाथ प्रखंड के होलंग ग्राम में 70 साल पहले बनी बड़ी बांध टूट जाने से लगभग आठ सौ एकड़ खेतों में पानी अब नहीं पहुंचेगा। पानी नहीं पहुंचने के कारण धान रोपण का काम नहीं हो पायेगा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना लातेहार उपायुक्त को दूरभाष से दी। सूचना के बाद उपायुक्त के द्वारा टीम गठित कर स्थल का निरीक्षण किया गया। लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक के नेतृत्व में बालूमाथ बीडीओ, अंचल अधिकारी, डीएसपी, और थाना प्रभारी ने जांच टीम ने मंथन किया। लेकिन बांध टूटते ही किसानों का भी सपना टूट गया धान का बीड़ा बह गया और खेतों में बालू भर गया, किसानों ने कहा कि बहुत सारे किसान कर्ज लेकर धान की बुआई की थी। लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक ने कहा कि वैकल्पिक सड़क का निर्माण जल्द से जल्द करवा दिया जाएगा और जो किसानों को फसल की नुक्सान हुआ है जांच करने के बाद मुआवजा दियाजएगा।

घर में मिला अजगर, जंगल में छोड़ा

बेतला (लातेहार)। बरवाडीह प्रखंड के मोरवाई कलां पंचायत अंतर्गत सैदुप गांव निवासी मनोज पासवान के घर में उस समय अफरातफरी मच गई, जब परिजनों ने एक बड़ा अजगर सांप घर के एक कोने में देखा। जैसे ही यह खबर आसपास फैली, गांव के लोग इकट्ठा हो गए और वन विभाग को तुरंत सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षित ढंग से अजगर को पकड़कर जंगल में छोड़ा। इस दौरान किसी भी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ। अजगर के सुरक्षित रेस्क्यू के बाद वन विभाग की टीम ने स्थानीय ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में वन्य जीवों का गांव की तरफ आना आम बात है, ऐसे में सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने विशेष रूप से यह आग्रह किया कि यदि किसी घर या खेत में कोई भी वन्य जीव जैसे अजगर, नेवला या अन्य जीव नजर आए, तो तत्काल वन विभाग को सूचना दी जाए, ना कि खुद उसे भगाने या मारने की कोशिश की जाए।

एनएमएमएस की परीक्षा में सत्यम जिला टॉपर

बारियातू। एनएमएमएस परीक्षा 2024-25 की परीक्षा फल जारी किया किया। जिसमें संजय राम के पुत्र सत्यम कुमार रोल नंबर 3 ने 74 अंक प्राप्त कर एससी श्रेणी से जिला मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रीय आर्थिक दुर्बल वर्ग छात्रवृत्ति योजना के तहत लातेहार जिला के सभी मध्य विद्यालय की आठवीं कक्षा के अभ्यार्थी 2024 मे आवेदन किया था। जिसका 18 मई 2025 को उत्क्रमित हाई स्कूल लातेहार मे परीक्षा केंद्र बनाया था। बनाए गए परीक्षा केंद्र में सभी श्रेणी के छात्र छात्राओं ने भाग लिया लिया था। जिसका परीक्षाफल 16 जुलाई को जारी किया गया। एसटी, एससी, ओबीसी व अन्य का परीक्षा फल अलग-अलग जारी किया गया। जिसमें बारियातू प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय भाटचतरा के 8वीं कक्षा के उत्तीर्ण सत्यम कुमार एससी श्रेणी से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय भाटचतरा के छात्र सत्यम उत्तीर्ण होकर 2025 मे प्रोजेक्ट प्लस हाई स्कूल बारियातू मे नामांकन कराया है।

झाविस ने बीडीओ-सीओ को सौंपा ज्ञापन

चंदवा। प्रखंड के टूटे पुल पुलिया, सड़क व जलजमाव से ग्रामीणों को निजात दिलाने की मांग को लेकर झारखंड विकास समिति के बैनर तले शुक्रवार को चंदवा सीओ व बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि चंदवा के विभिन्न सड़कों की हालत बहुत ही जर्जर है, इन सड़कों से होकर रोजाना हजारों लोग आवागमन करते हैं। सड़क बंद हो जाने के कारण राहगीरों को बहुत कठनाई का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सरोजनगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास पुलिया टूट जाने के कारण इस सड़क से आवागमन बंद है, जिससे हजारों लोग प्रभावित हैं। इसके अलावे गायत्री मंदिर रोड में जल जमाव होने के कारण यह रास्ता बंद हो गया है। जल जमाव से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। देवी मंडप रोड की स्थिति बहुत ही जर्जर हो चुकी है। इस रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे उभर आये हैं। समिति ने अधिकारियों से इन समस्याओं पर जल्द निदान की मांग की है। मौके पर रवि डे, सतेंद्र प्रसाद यादव, नीलम देवी, विजय कुमार, अंकित तिवारी, इंद्रजीत शाह बंटी, रामवृक्ष प्रजापति, शंकर कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

हाथियों की से भयभीत ग्रामीण रतजगा करने को विवश

टंडवा (चतरा)। वन क्षेत्र अंतर्गत गोंदा, नावाटांड, राहम व सराढू के जंगलों में पिछले कई दिनों से लगभग एक दर्जन जंगली हाथियों द्वारा डेरा जमाये जाने से सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वाले लोग काफी भयभीत हैं। ग्रामीण जानमाल की सुरक्षा हेतु रतजग्गा करने के लिये विवश हैं। पिछले कुछ दिनों से जंगली हाथियों द्वारा रात में विचरण कर फसलों, पालतू पशुओं समेत कई घरों को भी क्षतिग्रस्त करने की छिटपुट घटनाऐं सामने आई है। वहीं वन विभाग द्वारा बचाव के लिये अपने स्तर से हर संभावित तरीके अपनाये जाने की बातें कही जा रही है। 17 जुलाई को रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना के निर्देश पर देर शाम वनकर्मी कार्तिक पासवान, निर्मल मुंडा, शत्रुघ्नचौबे, विजय कुमार, मनोज दास राहम, गोंदा व नावाटांड पहुंचे एवं ग्रामीणों के बीच पटाखे तथा डीजल-मोबिल देकर उन्हें बचने के लिये आवश्यक सलाह दिये।

सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

महिला ग्राम प्रधान के कामकाज पर नहीं होगा किसी का दखल: उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। पंडित दीन दयाल उपाध्याय, नगर भवन लातेहार में ह्यसशक्त पंचायत नेत्री अभियानविषय पर एक दिवसीय उद्घाटन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांस,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा एवं सम्मानित मुखियागण के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जब तक महिलाएं नेतृत्व में सक्रिय भागीदारी नहीं निभाएंगी, तब तक वास्तविक सशक्तिकरण संभव नहीं है। न पति न रिश्तेदार, महिला ग्राम प्रधान के कामकाज पर नहीं होगा किसी का

दखल ये बात महिलाओं को समझने की जरूरत है। सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आत्मविश्वास के साथ भाग लेने का अवसर दिया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य पंचायतों में महिला नेतृत्व को सशक्त बनाना है ताकि वे स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, जल एवं स्वच्छता जैसे विषयों पर प्रभावी निर्णय ले सकें। यह पहल महिलाओं को नेतृत्व में सशक्त बनाकर समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सशक्त महिला का सशक्त और प्रगतिशील समाज के निर्माण में सराहनीय योगदान है। जबतक महिलाएं सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व नहीं निभाती, तब तक सच्चे मायनों में सशक्तिकरण संभव नहीं है। कार्यशाला के दौरान जिला पंचायत राज पदाधिकारी के द्वारा संबंधित विषय के उद्देश्य के बारे में बताया गया कि इस प्रशिक्षण द्वारा लिंग आधारित भूमिकाओं और पहचान से जुड़े व्यक्तिगत अनुभवों पर विचार तथा लैंगिक गतिशीलता को प्रभावित करने वाली बाधाओं के निवारण, महिलाओं में निर्णय लेने के प्रक्रिया एवं उसे लागू करना, स्थानीय सुशासन से जुड़े मुद्दों की पहचान और व्यवहारिक समाधान करना तथा महिला प्रतिनिधियों के अधिकार एवं शक्तियों की पहचान कराना है। साथ ही प्रशिक्षण के विभिन्न विषय वस्तुओं के संबंध में विस्तृत रूप में बताया गया।

कार्यशाला में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांस, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग दीपक कुमार महतो, जिला मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा, कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद् अजय कच्छप, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू, जिले के विभिन्न पंचायतों की महिला मुखिया एवं महिला वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

मां नगर भगवती मंदिर की दान पेटी चोरी

- दो वर्ष पूर्व भी चोरों ने दिया था मंदिर परिसर में चोरी की घटना को अंजाम

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। लातेहार जिला सहित पूरे झारखंड समेत कई राज्यों में आस्था के प्रतीक कहे जाने चंदवा के नगर ग्राम स्थित मां उग्रतारा नगर मंदिर प्रांगण में लगे लोहे के दान पेटी की ताले को काटकर लाखो रुपये की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली। घटना की भनक शुक्रवार की दोपहर तब हुई जब श्रद्धालुओं ने दान पेटी का कुंडी के कटे होने का आभाष हुआ तो उन्होंने इसकी सूचना मंदिर समिति के लोगों व चंदवा पुलिस को दी, जिसके बाद सअनि भीम यादव की अगुवाई में पुलिस की टीम मंदिर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि घटना को एक-दो दिनों के अंदर ही रात्रि में अंजाम दिया गया है। लेकिन खबर लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया था कि घटना कब की है। मंदिर के पुजारी सह प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा व समिति के गोकुल शाही ने बताया कि दान पेटी आखरी बार दुगार्पूजा के समय खोला गया था, जिसके बाद दान पेटी नहीं खुला था। बता दें राज्य के पूर्व डीजीपी डीके पांडेय नगर मंदिर में उक्त दान पेटी लगवाई थी। बता दें कि मां उग्रतारा नगर मंदिर सीसीटीवी की जद में है। मंदिर के हर कोने में सीसीटीवी लगा हुआ है। दान पेटी मंदिर प्रांगण स्थित गर्भ गृह प्रवेश द्वार के सीढ़ी के समीप है। बावजूद इसके चोरों के हिम्मत इतनी थी कि उक्त घटना को अंजाम दिया। बता दे कि वर्ष 2023 में 24 फरवरी को भी मां उग्रतारा मंदिर प्रांगण में लगे दान पेटी को ठीक इसी प्रकार से काटकर चोरी की घटना हुई थी, जिसके बाद मामला कई दिनों तक सुर्खियों में भी रहा था। घटना के बाद पुलिस का दावा था कि जल्द ही घटना के संलिप्त अपराधी गिरफ्त में होंगे, लेकिन आज तक अपराधी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सके, इसी का परिणाम है कि दूसरी बार घटना की पूर्णवृति हुई है। मंदिर समिति के लोगो व श्रद्धालुओं ने कहा कि यह अति दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। प्रशासन तत्काल इस घटना में संलिप्त को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाये ताकि ऐसी हिमाकत कोई दोबारा न कर सके। इधर घटना संज्ञान में आने के तुरंत बाद भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लातेहार एसपी कुमार गौरव व चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार से जल्द से जल्द घटना का उद्भेदन करने की मांग की है। शाहदेव ने कहा है कि लगभग 2 वर्ष पूर्व भी इसी प्रकार चोरों ने कुंडी काटकर पैसा उड़ा लिया था। उस वक्त सीसीटीवी में चोर गतिविधि करते दिख रहे थे। फिर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी। मंदिर के कुछ दूरी पर शराब भी बीकना शुरू हो गया है और शराबियों का जमावड़ा होता रहता है इस पर भी अभिलंब लगाम लगाने की आवश्यकता है।

योग्य लोगों को नहीं मिल रहा अबुआ आवास

टंडवा (चतरा)। पक्का मकान का हर गरीब का पहला सपना होता है जिसे साकार करने लिये सरकार विभिन्न योजनाएं चला रही है। टंडवा प्रखंड क्षेत्र के कबरा पंचायत अंतर्गत सिसई का रहने वाला लकवाग्रस्त युगेश्वर भुईयां की है जिसकी आकस्मिक मौत हो गई। मामले की जानकारी देते हुवे पंसस शशि बाला देवी ने बताया कि वरीयता सूची में शामिल उसकी पत्नी ऐतवरिया देवी के नाम से आवास आवंटित होने का वो सपना संजोए ही इस दुनिया छोड़कर चलीं गयी। जबकि मानसून की हुई पहली भारी बारिश के दौरान उसका जर्जर मकान भी दशकर्मा के दिन काफी हिस्सा गिर गया। पंसस शशि बाला द्वारा प्रखंड प्रशासन से समुचित संज्ञान लेने की आग्रह की गई है।

श्री श्री उग्रतारा उच्च विद्यालय से लैब इंस्ट्रूमेंट की चोरी

चंदवा। थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत श्री श्री उग्रतारा उच्च विद्यालय नगर में गुरुवार को विद्यालय बंद होने के उपरांत अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना को लेकर विद्यालय के प्राचार्य ने चंदवा थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा है कि गुरुवार को विद्यालय बंद होने के उपरांत विज्ञान लैब से बायोलॉजी इंस्ट्रूमेंट,फिजिक्स इंस्ट्रूमेंट एवं मैथ इंस्ट्रूमेंट की चोरी कर ली गयी। इसके अलावे विद्यालय के बिजली वाइंरिंग को भी क्षतिग्रस्त किया गया है। पानी टंकी में लगे सभी नलों की भी चोरी कर ली गयी है। इससे पूर्व भी दो रूम का ताला तोड़कर पँखा एवं घड़ी की चोरी की गई थी। जिसकी सूचना पूर्व में ही चंदवा थाना में दी जा चुकी है। विद्यालय परिवार ने विधायक प्रकाश राम एवं लातेहार उपायुक्त से यथाशीघ्र विद्यालय की चहारदिवारी निर्माण कराने का अनुरोध किया है।

वज्रपात से किसान की मौत, महिला घायल

- आनंद उरांव का आकस्मिक मौत से पार्टी को अपूरणीय क्षति:प्रदीप गंझू

नवीन मेल संवाददाता

बालूमाथ। थाना क्षेत्र के झाबर पंचायत अंतर्गत के सुइयां टोला में वज्रपात से आनंद उरांव (30 वर्ष) की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं दूसरी घटना झाबर पंचायत के डेम्बू ग्राम में हुई है जहां एक महिला उर्मिला देवी पति धर्मेंद्र यादव घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार आनंद अपने खेतों पर खेती के लिए गया हुआ था इसी दौरान तेज बारिश होने लगी तेज वर्षा से बचने के लिए घर के पास दीवाल से सटकर खड़ा हो गया कि इसी दौरान वज्रपात हुई इसके चपेट में आनंद आ गया और

मूर्छित होकर वहीं गिर गया। परिजनों ने आनन-फानन में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य में लाया जहां डॉक्टर अशोक कुमार बड़ाइक में गहन जांच उपरांत आनंद को मृत घोषित कर दिया। आनंद झामुमो पार्टी के झाबर पंचायत अध्यक्ष थे। आनंद उरांव का मृत्यु हो जाने से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू ने बताया कि आनंद पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करने वाला समर्पित कार्यकर्ता था। इसके निधन से पार्टी में शोक की लहर है, आनंद के परिवारजनों के साथ झामुमो परिवार साथ है। झामुमो के जिला अध्यक्ष लाल मोतिनाथ शाहदेव ने पंचायत अध्यक्ष की आकस्मिक मृत्यु को अपूरणीय क्षति बतलाया है और दुःख व्यक्त की।

झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड कमिटी का गठन

- मो काजु झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष,जफीर अंसारी सचिव

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। प्रखंड के लुकुईया मोड़ के समीप शुक्रवार को झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष इनायत करीम के द्वारा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से लाधुप निवासी मो काजु को अल्पसंख्यक मोर्चा के चंदवा प्रखंड अध्यक्ष के रूप चयन किया गया। वहीं ब्रह्मणी निवासी जफीर अंसारी का चयन प्रखंड सचिव के पद पर किया गया है। इसके अलावा प्रखंड उपाध्यक्ष इरफान खान, कोषाध्यक्ष के पद पर सज्जाद अंसारी का चयन किया गया। झामुमो नेताओं ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। नेताओं ने उनपर कुशल सांगठनिक कार्यों से झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा को चंदवा प्रखंड में मजबूती प्रदान करने में अपना अहम योगदान देने का भरोसा जताया है। जिला अध्यक्ष इनायत करीम ने उन्हें निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द अपने सभी पंचायतों मे कमिटी का विस्तार कर उसकी सूची जिला समिति को प्रेषित करेंगे। मौके पर उपस्थित अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पॉल एक्का, नौशाद अंसारी ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के नेतृत्व में पार्टी को जिले भर में मजबूत करने का काम किया जा रहा है। हम सभी को संगठन को मजबूत कर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूती प्रदान करने का काम करना है। वहीं पार्टी द्वारा प्रखंड अध्यक्ष बनाये जाने पर मो. काजु व प्रखंड सचिव जफीर अंसारी ने कहा कि पार्टी के द्वारा जो जिम्मेवारी सौंपी गई है उस पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे, साथ ही अपने नेताओं के मार्गदर्शन पर चंदवा प्रखंड में संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। नव निर्वाचित पदाधिकारीयो को झामुमो नेताओं व कार्यकतार्ओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से जियाउल राय, अफरोज राय, तबरेज आलम, सामु अंसारी, फिरोज मिंया, मो इस्लाम, सफीक अंसारी, मो सनाउल समेत अन्य कई लोग शामिल हैं।

जिला प्रशासन, लोहरदगा।
होमी जहांगीर भाभा कोचिंग सेन्टर, लोहरदगा।

(अभियांत्रिकी/मेडिकल प्रवेश परीक्षा तैयारी हेतु)

के तत्वाधान् में आगामी **19 जुलाई, 2025 दिन शनिवार को 11.00 बजे पूवार्ह्न** से वर्ग 11वी, 12वी, 12वी उत्तीर्ण एवं B.Com व अन्य संकाय के विद्यार्थियों हेतु एक करियर कांउसिंलिंग सत्र् विशेष कर वाणिज्य क्षेत्र में कम्पनी सेक्रेटरी (CS), चार्टर एकाउन्टेन्ट (CA), कॉस्ट एकाउन्टेन्ट (CMA) का आयोजन **टॉउन हॉल, लोहरदगा** में किया गया है।

उक्त करियर कांउसिंलिंग सत्र् में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में श्री सतीश कुमार/CS, रॉची भाग लेंगे।

उक्त करियर कांउसिंलिंग में आप सादर आमंत्रित हैं।

उपायुक्त,
लोहरदगा।

PR 357649 (Lohardaga) 25-26 (D)

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार

-: आवश्यक सूचना :-

लातेहार जिला अंतर्गत आहतु थाना काण्ड संख्या 02/2023 दिनांक 03.02.2023 धारा 370/371/34 भा0द0वि0 एवं 14 बाल श्रम प्रतिशेध अधिनियम के अभियुक्त सुन्दर कुमार उर्फ छिनदरा पिता रामबाबू दास सा0 पाई बिगहा भोला स्थान, थाना पाई बिगहा, जिला गया (बिहार) के विरूध विधिवत इश्तिहार तामिला किया गया है। उक्त अभियुक्त के विरूध इश्तिहार तामिला पश्चात् कुर्की अधिपत्र प्राप्त किया जाएगा। उक्त से संबंधित सूचना प्रचार–प्रसार हेतु प्रकाशित किया जा रहा है।

क्रम सं0	अभियुक्त का नाम एवं पता
1.	सुन्दर कुमार उर्फ छिनदरा पिता रामबाबू दास सा0 पाई बिगहा भोला स्थान, थाना पाई बिगहा, जिला गया (बिहार)

पुलिस अधीक्षक,
लातेहार

PR 357627 Police (25-26)_D

कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार
(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

"निविदा"

लातेहार जिलान्तर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं अन्य आवासीय विद्यालयों के लिए बंक बेड, गद्दा, बेडशीट एवं तकिया इत्यादि का क्रय हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक– 01.08.2025 को 12:30 बजे अपराह्न तक परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लातेहार के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है।

निविदा दिनांक– 01.08.2025 को 03:00 बजे अपराह्न में अध्यक्ष क्रय समिति के कार्यालय कक्ष में निविदादाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। निविदा का **"तकनीकी बिड"** एवं **"वित्तीय बिड"** अलग–अलग होगा। तकनीकी बिड विधिवत् पाए जाने के उपरांत ही संबंधित निविदादाता का वित्तीय बिड खोला जाएगा।

(क) निम्नलिखित दस्तावेज तकनीकी अहर्त्ता पूर्ण करने के लिए अनिवार्य होगा। तकनीकी बिड का लिफाफा सील बन्द करके अलग देना होगा।

1) निविदादाताओं को निविदा के साथ अग्रधन की राशि के रूप में जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार के पदनाम से 1,00,000 (एक लाख रूपये) का बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा।
2) GST का वित्तीय वर्ष 2025–26 का अद्यतन GSTR-1 एवं GSTR-3B जमा करना अनिवार्य होगा।
3) वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 का आयकर रिर्टन जमा करना अनिवार्य होगा।
4) निर्माता कंपनी/प्राधिकृत विक्रेता, निविदादाता या एजेन्सी को इस आशय का शपथ–पत्र/Undertaking मूल रूप में देना होगा कि उनकी कंपनी/संस्थान केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं अन्य के द्वारा काली सूची में दर्ज नहीं है तथा MRP से अधिक दर अंकित नहीं है।
5) निर्माता कंपनी का ISO Certificate संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6) निर्माता कंपनी का CE Certificate संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7) निर्माता कंपनी का ROHS Certificate संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8) निविदादाता का विगत तीन वर्ष का औसत टर्नओवर 250.00 (दो करोड़ पचास लाख रूपये) होना अनिवार्य होगा, जिसके लिए ऑडिट रिपोर्ट (with UDIN No.) जमा करना होगा।
9) निविदादाता को उद्योग कार्यालय से निबंधित होने का प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10) बंक बेड, गद्दा, बेडशीट एवं तकिया का नमूना लाना अनिवार्य होगा।
11) किसी भी निविदा को स्वीकृत करने, संशोधित करने तथा निविदा को अंशतः या पूर्णतः रद्द करने का अधिकार अध्यक्ष, क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा, जिसपर किसी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

(ख) वित्तीय निविदा :– वित्तीय बिड का लिफाफा अलग से सील बंद कर जमा करना होगा।

1) निविदादाताओं को सामग्रियों से संबंधित दर सभी करों सहित लिफाफे में मुहरबंद कर जमा करना अनिवार्य होगा।
2) निविदा समर्पित कर देने के बाद प्रस्तुत कोई दर मान्य नहीं होगा।

नोटः– आपूर्त्ति किये जाने वाले सामग्रियों की सूची एवं **Technical Specification** लातेहार जिला के **Website (latehar.nic.in)** से प्राप्त किया जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लातेहार

PR 357643 (Welfare)25-26*D

अव्यवस्था छात्रों का आरोप- ना बिजली है, ना पानी, ऐसे में परीक्षा कैसे दें?

परीक्षार्थियों को सेंटर पहुंचने में हो रही परेशानी

- उमस व गर्मी से परेशान रहें परीक्षार्थी

नवीन मेल संवाददाता

प्राचार्या ने आरोपों को नकारा

कॉलेज के प्राचार्या डॉ मनोरमा सिंह ने कहा कि कॉलेज प्रबंधन के द्वारा परीक्षार्थियों के लिए उचित व्यवस्था की गई थी। पानी बाहर से मंगवाया गया था। दो जनरेटर में से एक खराब है जिसकी सूचना एक माह पूर्व विवि प्रबंधन को दिया गया है। परंतु विवि स्तर से बिजली और पानी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं कराया गया। परीक्षा का पहला दिन होने के कारण परीक्षार्थियों को कुछ कठिनाईयों का सामना करना पड़ा।

लातेहार। जिले के विशुनपुर गांव में अवस्थित मॉडल डिग्री महिला कॉलेज को यूजी समेस्टर वन परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परंतु पहले दिन कॉलेज में भारी अव्यवस्था का सामना छात्र छात्राओं को करना पड़ा। अव्यवस्था का आलम ऐसा था कि परीक्षा से पूर्व कुछ छात्रों ने अफवाह फैला दी कि परीक्षा रद्द कर दी गई है। परंतु परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने पर परीक्षार्थियों को पता चला की परीक्षा ली जा रही है। परीक्षा केन्द्र में सभी परीक्षार्थी निर्धारित समय नौ बजे पहुंच गए थे। परंतु परीक्षार्थियों के लिए कॉलेज प्रबंधन के द्वारा कोई व्यवस्था नहीं दी गई।

आलम यह रहा की परीक्षा एक घंटे विलंब से शुरू हो हुआ। परीक्षा केन्द्र में मौजूद परीक्षार्थी श्याम कुमार, आरती कुमार, शहीद अंसारी, डिंपल कुमार, स्वेता कुमारी सोनम कुमार, श्याम कुमार आदि ने बताया कि परीक्षा हॉल में झाड़ू तक नहीं लगाया गया था।

ना ही परीक्षा केन्द्र में बिजली, पानी आदि की कोई व्यवस्था नहीं थी। जनरेटर होते हुए भी परीक्षार्थियों ने अंधेरे में परीक्षा लिखी। परीक्षर्थियों ने कहा कि कॉलेज में कोई व्यवस्था नहीं है। कॉलेज को कैसे परीक्षा केन्द्र बनाया गया यह समक्ष से परे है। छात्र छात्राओं ने कहा कि अव्यवस्था के कारण एक घंटे विलंब से परीक्षा हुई। सिटिंग अरेंजमेंट भी सही तरीके से नहीं किया गया था, जिसके चलते परीक्षार्थियों को अपना स्थान खोजने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। वहीं उत्तर पुस्तिका भी विलंब से मिला और परीक्षा लिखने के लिए पूरा समय भी नहीं मिल पाया।

प्रभारी थाना प्रभारी के तत्परता से लगा जनरेटर : परीक्षा के दौरान छात्र छात्राओं को परेशान देख अपने स्तर से लातेहार थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो के द्वारा जनरेटर की व्यवस्था कराई गई, जिसके बाद बच्चों ने राहत की सांस ली।

न्यूज बॉक्स

वायु सेना में भर्ती के लिए अग्निपथ योजना के तहत रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

लोहरदगा। अग्निवीर वायु इंटेक 02/2026 (अग्निपथ योजना) अंतर्गत भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 11 जुलाई 2025 से प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक अविवाहित युवक-युवतियां अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 के रात्रि 11 बजे तक अपना आवेदन ऑनलाईन समर्पित कर सकते हैं। ऑनलाईन परीक्षा 25 सितंबर 2025 से प्रारंभ होगी। अग्निवीर वायु के भर्ती प्रक्रिया में फेज-1 में ऑनलाईन टेस्ट होगा। फेज-2 में शैक्षणिक योग्यता संबंधित जांच के बाद फिजिकल फिटनेस टेस्ट आयोजित की जाएगी। इसके अंतर्गत 1.6 किमी की दौड़ होगी। इसी फेज में पुरुष वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए पुश-अप, सिट-अप और स्क्वेट्स तथा महिला अभ्यर्थियों को सिट-अप और स्क्वेट्स टेस्ट से गुजरना होगा। फेज-थ्री में अभ्यर्थियों की मेडिकल जांच की जाएगी। आवेदन के लिए आवेदक का जन्म 02 जुलाई 2005 से 02 जनवरी 2009 के बीच हुआ होना चाहिए। आवेदक गणित, भौतिकी, व अंग्रेजी विषय के साथ 12 वीं/10+2 की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। अंग्रेजी विषय मे कम से कम 50% अंक होना चाहिए।

या इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा कोर्स : या गैर-व्यावसायिक विषयों के साथ दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स पूर्ण हो। अंग्रेजी विषय मे कम से कम 50% अंक होना चाहिए। या किसी भी विषय मे इंटरमीडिएट/10+2/समकक्ष परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक। साथ ही अंग्रेजी विषय मे कम से कम 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। नियुक्ति से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट http://agnipathvayu.cdac.in पर लॉग-इन किया जा सकता है।

लोहरदगा के प्रशिक्षु डीएसपी पर युवती ने लगाया यौन शोषण का आरोप, निलंबित

लोहरदगा। शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण के आरोप में लोहरदगा के प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सरकार ने निलंबित कर दिया है, डीएसपी पर होटलों में प्रवेश के लिए फर्जी आधार कार्ड इस्तेमाल करने का भी आरोप है,एक युवती की शिकायत पर जांच के बाद यह कार्रवाई हुई। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय डीआईजी रांची के कार्यालय में होगा। इस अवधि में उन्हें केवल जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही भी चलेगी। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार एक युवती ने ई-मेल के माध्यम से आरोपित प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह के विरुद्ध उक्त शिकायत की थी। इस शिकायत की जांच झारखंड पुलिस की एडीजी प्रशिक्षण सह अधुनिकीकरण ने की थी। जांच में आरोपों को सत्य पाया गया। यह तथ्य भी सामने आया कि आरोपित प्रशिक्षु डीएसपी ने शिकायतकर्ता पर अपनी शिकायत वापस लेने तथा साक्ष्य मिटाने के लिए दबाव बनाया। एडीजी ने जांच में उनके कृत्य को निंदनीय माना और अपनी जांच रिपोर्ट में लिखा है कि आरोपित डीएसपी ने अपने पद की गरिमा को भी धूमिल किया है। यही वजह है कि उन्हें झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2016 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

फसल बीमा को लेकर बैठक का आयोजन

कैरो/लोहरदगा। शुक्रवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में फसल बीमा को लेकर बैठक का आयोजन किया। बैठक में बैंक के बीमा कर्ता, कृषक मित्र, मुखिया व सीएससी संचालकों को बीमा करने की बिधि, लाभुक के चयन और उसके द्वारा आवेदन करने में लगने वाली दस्तावेज जिसके तहत लगान रसीद, वंशावली, बैंक पासबुक, मोबाईल इत्यादि के साथ संबंधित ग्राम प्रधान व जनप्रतिनिधियों के प्रमाणित दस्तावेज लेने जैसे विषयों पर जानकारी दिया गया।बीमा करने में ज्यादा से ज्यादा किसानों को आवेदन करवाने पर जोर दिया गया। बैठक में बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामसहाय टाना भगत, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक ज्ञान साहू, एटीएम सुमन तिग्गा, अनुराधा कुमारी, प्रभारी प्रखंड आपूर्ती पदाधिकारी किशोर उरांव, मुखिया वीरेंद्र महली,अरविंद उरांव, सुमन उरांव सहित प्रखंड कर्मी, कृषक मित्र, सीएससी संचालक इत्यादि उपस्थित थे।

खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में बढ़ावा देना खास मकसद है : ऐनुल अंसारी

कुड़ू/लोहरदगा। कुड़ू प्रखंड के उप प्रमुख सह कैरो प्रखंड के कांग्रेस पर्यवेक्षक ऐनुल अंसारी ने खेल के क्षेत्र में खिलाड़ियों को बढ़ावा मिले इसे लेकर कृतसंकल्पित हैं। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के कड़ाक व अन्य गांवों के बच्चों को फुटबॉल और जर्सी देकर हौसला बढ़ाया। कांग्रेसी नेता सह कुड़ू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में बेहतर प्लेटफार्म मिले और अपने अंदर की प्रतिभा को निखारने के लिए खेल सामग्री बाधा न बने इसके लिए हमेशा कृतसंकल्पित रहेंगे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी निरंतर प्रयास जारी रखें ताकि आने वाले समय में आपको लक्ष्य की प्राप्ति हेतु किसी तरह की कोई व्यवधान न हो सके। उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि खेल के क्षेत्र में राज्य सरकार काफी सराहनीय कार्य कर रही है और खिलाड़ियों को रोजगार से जोड़ने का कार्य कर दिखा रही है, जरूरत है खिलाड़ी अनुशासन और समय को पहचानते हुए नियमित प्रदर्शन करें, निश्चित रूप से एक न एक दिन सफलता मिलेगी। उन्होंने कुड़ू प्रखंड के अलावा लोहरदगा जिला के सभी खेलों में अपनी तैयारियां करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राज्य में खेल के क्षेत्र से आज देश विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके महेंद्र सिंह धोनी, वरूण आरोन, शाहबाज नदीम, ईशान किशन, विश्व की पटल पर अपनी महत्वपूर्ण छाप छोड़ने वाली तीरंदाजी दीपिका कुमारी, हॉकी की सुपरस्टार खिलाड़ी सलीमा टेटे, निक्की प्रधान और रॉबिन मिंज जैसे महान खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर परिश्रम करें, आने वाले दिनों में आपको मंजिल की प्राप्ति अवश्य होगी।

गुमला विभाग निरीक्षक ने विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया

लोहरदगा। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार के द्वारा भैया - बहनों के आगमन से लेकर वंदे मातरम् तक की सारी गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार ने सुझाव दिया कि पाठ्यक्रम में हमें भारतीय संस्कृति को शामिल करना चाहिए, विषय वस्तु को भैया बहनों के साथ जोड़ना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार भैया बहनों को शिक्षित कर उज्जवल भविष्य के साथ तैयार करना आचार्य का कर्तव्य है। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि भैया-बहनों को अपने देश के गौरवशाली इतिहास से परिचय कराकर वर्तमान अवस्था के साथ भविष्य के लिए तैयार करना आचार्य का मूल कर्तव्य है। इस अवसर पर माननीय विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार और महाविद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास की अध्यक्षता में बैठक करके शैक्षिक, सह-शैक्षिक और अन्य गतिविधियों को और अधिक उत्तम बनाने के लिए योजना बनाई गई।

उपायुक्त ने सेन्हा प्रखंड में की विकास योजनाओं की समीक्षा, दिए निर्देश

आंगनबाड़ी केंद्र नियमित रुप से हो संचालित

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ ताराचंद ने सेन्हा प्रखंड -सह-अंचल कार्यालय, स्वेटर उत्पादन केंद्र सेन्हा और बरही स्थित कोल्ड स्टोरेज का स्थल निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त द्वारा सेन्हा प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा प्रखंड कार्यालय स्थित सभाकक्ष में की गई। इसमें मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाएं, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहब भीम राव अंबेडकर योजना, कृषि विभाग अंतर्गत बीज वितरण की योजनाएं, जनवितरण प्रणाली की दुकानों से खाद्यान्न का वितरण की योजना, सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना समेत अन्य पेंशन की योजनाएं, आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति आदि की समीक्षा की। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को नियमित खोले जाने एवं सीडीपीओ व महिला पर्यवेक्षिकाओं को आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण का निर्देश दिया। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रो में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण आहार उपलब्ध कराने, बच्चों का शारीरिक माप लिए जाने का निर्देश दिया गया। आपूर्ति विभाग को ससमय व निर्धारित मात्रानुसार खाद्यान्न वितरण का निर्देश दिया गया। गत वित्तीय वर्ष की आवास योजनाओं को जल्द पूर्ण कराए जाने व किस्त की राशि हस्तांतरित कराए जाने का निर्देश प्रखंड समन्वयक को दिया गया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को मनरेगा की लंबित योजनाओं को पूर्ण कराए जाने, एमबी बुक संधारित कराए जाने का निर्देश दिया गया। प्रखंड के पंचायतों में किसान उत्पादक समूहों का गठन कराए जाने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना जिन किसानों का स्वीकृत हो चुका है उन्हें मनरेगा अंतर्गत पशु शेड उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया गया। अंचल की समीक्षा में उपायुक्त द्वारा भूमि म्युटेशन के मामलों को जल्द निष्पादित करने, ससमय लगान रसीद निर्गत करने, ससमय जाति, आवासीय व आय प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश अंचल अधिकारी को दिया गया। मौके पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय तिर्की, प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मु, अंचल अधिकारी मंसुरी मोदस्सर समेत अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

आत्मनिर्भर बनें, व्यवसाय को आगे बढ़ाएं

उपायुक्त द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में अधिष्ठापित स्वेटर उत्पादन केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। इसमें उत्पादक समूह की दीदीयों से बातचीत करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, कहा कि उत्पादन समूह का रजिस्ट्रेशन कंपनी एक्ट के तहत करायें जिससे कई अन्य लाभ मिलेंगे और उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी।

कोल्ड स्टोरेज का किया निरीक्षण

उपायुक्त द्वारा सेन्हा के बरही स्थित कोल्ड स्टोरेज का भी निरीक्षण किया गया जिसमें वहां कोल्ड स्टोरेज में आवश्यक मूलभूत संरचनाओं, आवश्यक मशीन व उपकरण आदि का अवलोकन किया। इसमें तकनीकी कमियों को दूर करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त के नाम पर फर्जी ई मेल आईडी

लोहरदगा। जिला के उपायुक्त डॉ ताराचंद के नाम व फोटो का प्रयोग कर असामाजिक तत्वों द्वारा फर्जी ई-मेल आईडी बनाया गया है, जिससे उनके नाम और पद का दुरुपयोग कर भ्रामक मैसेज भेजे जा रहे हैं। लोहरदगा जिला प्रशासन ऐसे फेक आई डी के दुरुपयोग से सभी नागरिक को सतर्क और सजग रहने की हिदायत देता है। ऐसे किसी संदेश पर विश्वास न करें और ना ही अपनी प्रतिक्रिया दें। किसी के द्वारा फर्जी ई-मेल आईडी (tarachanddrkumar@gmail.com) बना कर ऐसा मैसेज किया जा रहा है तो अविलंब इसकी सूचना जिला प्रशासन को दें।

बिंदेश्वर उरांव को मिला महामहिम राष्ट्रपति से मिलने का आमंत्रण

लोहरदगा। लोहरदगा जिले के लिए यह एक अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है, जब जिले के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव को 21 जुलाई 2025 को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में औपचारिक मुलाकात के लिए आमंत्रण प्राप्त हुआ है। यह आमंत्रण न केवल श्री उरांव के सामाजिक योगदान का सम्मान है, बल्कि झारखंड की आदिवासी संस्कृति, ग्रामीण विकास और जनसमस्याओं की राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व का अवसर भी है। इस ऐतिहासिक भेंट के दौरान श्री उरांव आदिवासी समाज की समस्याएं, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को महामहिम राष्ट्रपति के समक्ष रखेंगे। श्री उरांव ने इस अवसर पर कहा, यह मुलाकात मेरे लिए नहीं, बल्कि मेरे क्षेत्र की जनभावनाओं की अभिव्यक्ति है। राष्ट्रपति महोदया स्वयं झारखंड के पड़ोसी राज्य ओड़िशा की पुत्री हैं, ऐसे में उनसे अपनी बात कहना मेरे जीवन का सबसे अमूल्य क्षण होगा। इस ऐतिहासिक आमंत्रण को लेकर लोहरदगा सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। सामाजिक संगठनों, युवाओं, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने इसे "झारखंड के आत्मसम्मान और गौरव" का प्रतीक बताया है।

कॅरियर काउंसिलिंग आज

लोहरदगा। जिला प्रशासन लोहरदगा अंतर्गत होमी जहांगीर भाभा कोचिंग सेन्टर, लोहरदगा (अभियांत्रिकी/मेडिकल प्रवेश परीक्षा तैयारी हेतु) के तत्वावधान में आज 11.00 बजे पूर्वाह्न से वर्ग 11वीं, 12वीं, 12वीं उत्तीर्ण एवं बीकॉम व अन्य संकाय के विद्यार्थियों हेतु एक कॅरियर कांउसिलिंग सत्र विशेष कर वाणिज्य क्षेत्र में कम्पनी सेक्रेटरी (सीएस), चार्टर अकाउंटेंट, कॉस्ट अकाउंटेंट का आयोजन टॉउन हॉल, लोहरदगा में किया गया है। उक्त करियर कांउसिलिंग सत्र में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में सतीश कुमार/सीएस रांची भाग लेंगे। उक्त कॅरियर कांउसिलिंग में वर्ग 11वीं, 12वीं, 12वीं उत्तीर्ण एवं बीकॉम व अन्य संकाय के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं।

श्रम अधीक्षक से मिले नगर परिषद के सफाईकर्मी, चालक व अन्य कर्मचारी

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। नगर परिषद लोहरदगा में काम कर रहे सफाईकर्मी, चालक और अन्य करीब 65 कर्मचारियों को पिछले 5 महीने से वेतन नहीं मिला है। सफाईकर्मियों को हर महीने करीब 10 हजार रुपये और चालकों को 14 हजार रुपये पीएफ कटौती के बाद वेतन दिया जाता है। सभी कर्मचारी रोज शहर की सफाई में जुटे रहते हैं। वेतन नहीं मिलने से उनके घरों में खाने-पीने की दिक्कत हो गई है। बच्चों की पढ़ाई की फीस भी नहीं दे पा रहे हैं। हालात इतने खराब हो गए हैं कि कुछ कर्मचारियों के बीच आत्महत्या की नौबत आ गई है। बारिश का मौसम चल रहा है। इसके बावजूद किसी भी सफाईकर्मी या चालक को रेनकोट, दस्ताना और जूता नहीं मिला है। पूर्व में जोहार झारखंड श्रमिक संघ लोहरदगा ने श्रम अधीक्षक लोहरदगा को ज्ञापन सौंपकर सभी कर्मचारियों को तत्काल बोनस, वेतन, रेनकोट, दस्ताना और जूता उपलब्ध कराने की मांग की थी। इसके बाद शुक्रवार को श्रम अधीक्षक कार्यालय कक्ष में श्रम अधीक्षक दिनेश भगत, जोहार झारखंड श्रमिक संघ के पदाधिकारी, श्री श्याम एसडब्ल्यूएम प्राइवेट लिमिटेड हरियाणा एवं नगर पालिका कर्मियों की वार्ता हुई। वार्ता के क्रम में श्री श्याम एसडब्ल्यूएम प्राइवेट लिमिटेड हरियाणा की सोनी कुमारी, भरत शर्मा, शदाब सबा ने जुलाई माह के अंतिम तक श्रमिकों का वेतन भुगतान करने का भरोसा दिया। महासचिव प्रवीण कच्छप ने कहा कि मजदूरों के लंबित मांगों को कंपनी जल्द निष्पादन करें। इस दौरान जोहार झारखंड श्रमिक संघ मजदूरों की हितों की आवाज को लेकर हमेशा अपनी आवाज को बुलंद करता रहेगा, अन्यथा इस कंपनी को झारखंड में कहीं भी काम नहीं करने दिया जाएगा। वार्ता के क्रम में जोहार झारखंड श्रमिक संघ के कार्यकारिणी अध्यक्ष मुकेश कुमार, महासचिव प्रवीण कच्छप, उपाध्यक्ष अंजू देवी, जिला अध्यक्ष अरविंद उरांव, संदीप कुमार, मुकेश उरांव, शशि उरांव, आकाश भगत सहित नगर पालिका के कर्मचारी शामिल थे।

समिति 21 को शिवलिंग पर जलाभिषेक व भंडारे का आयोजन करेगी

लोहरदगा। सावन माह की पावन अवसर पर जय श्रीराम समिति के द्वारा 21 जुलाई (सोमवार) को लोहरदगा जिले के छतर बगीचा स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर में शिवलिंग पर भव्य जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर लोहरदगा एवं गुमला जिले के सनातन धर्म प्रेमियों से भारी संख्या में उपस्थित होकर भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई है। समिति के जिला संगठन महामंत्री रामकुमार साहू, प्रखंड प्रभारी, भंडरा अवधेश मिश्रा व अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि जलाभिषेक के लिए सुबह 7:00 बजे सीठियो कोयल नदी से जल उठाया जाएगा, जिसके बाद श्रद्धालु मोटरसाइकिल जुलूस के माध्यम से मंदिर प्रांगण तक पहुंचेंगे। पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक के उपरांत मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया है। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से समय पर उपस्थित होने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

अपूर्ण योजनाओं को गति प्रदान कर पूर्ण करें : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

भंडरा। प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में पंचायत कर्मियों की बैठक हुई। बैठक में अपूर्ण योजनाओं को गति देते हुए पूरा करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास प्राधिकारी प्रतिमा कुमारी ने प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी योजना को एक सप्ताह के अंदर पूरा करते हुए अभिलेख बंद करने का निर्देश संबंधित पंचायत कर्मियों को दिया है। उन्होंने प्रखंड में मैया सम्मान समृद्धि योजना से वंचित लाभार्थियों का सत्यापन करने को लेकर पंचायत सचिव को आवश्यक निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि सभी पंचायत सचिव अपने-अपने क्षेत्र में रोजाना कम से कम 30 लाभार्थियों का सत्यापन करना सुनिश्चित करें ताकि उन्हें मैया सम्मान समिति योजना का लाभ लेने में किसी भी तरह की परेशानियों का सामना करना ना पड़े। उन्होंने बिरसा मुंडा आम बागवानी बिरसा सांवरिया योजना पीएम आवास योजना में तेजी लाते हुए मनरेगा योजना में अधिक से अधिक डिमांड करने का निर्देश दिया है। इस दौरान उन्होंने विकास योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही पर रखने वाले कर्मियों पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर मनीष अग्रवाल राजेश उरांव नितलेन्द्र कुमार, जेई रविशंकर भगत, पंचायत सचिव महिपाल भगत, रेखा कुमारी, अजय भगत, रोजगार सेवक हेमन्त कुमार, बीरबल महली, राम उरांव, झुनिया उरांव सहित पंचायत के कर्मी मौजूद थे।

नन्हे हाथों ने बोया हरियाली का सपना

पौधरोपण से गूंजा प्रकृति प्रेम

- कार्यक्रम में कक्षा यूकेजी, चार, पांच और छह के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। प्रकृति को सहेजने और आने वाली पीढ़ियों को हरा-भरा वातावरण देने के उद्देश्य से लोहरदगा के रियाडा के पीछे स्थित एकागुड्डी में संचालित ब्लूमिंग बर्ड पब्लिक स्कूल (लोपामुद्रा एजुकेशनल ट्रस्ट के तहत संचालित) में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा यूकेजी, चार, पांच और छह के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने आम, नीम, गुलमोहर जैसे विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे। नन्हें हाथों से मिट्टी खोदते और पौधों को सहेजते बच्चों को देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति भाव-विभोर हो उठा। कार्यक्रम का नेतृत्व स्कूल के संचालक मुकेश कुमार गुप्ता और प्रधानाचार्या शोभा रानी साहू ने किया। उन्होंने बच्चों को पौधों की महत्ता समझाते हुए कहा कि पेड़ केवल छांव और हवा ही नहीं देते, बल्कि वे जलवायु संतुलन और पर्यावरण संरक्षण के आधार भी हैं। दोनों ने बच्चों से यह संकल्प भी करवाया कि वे लगाए गए पौधों की देखभाल स्वयं करेंगे और उन्हें बड़ा होने तक संरक्षित रखेंगे। मुकेश कुमार गुप्ता ने कहा, "आज बच्चों द्वारा लगाए गए ये पौधे आने वाले समय में पर्यावरण के लिए अमूल्य धरोहर बनेंगे। हमें गर्व है कि हमारे छात्र इस नेक कार्य में भागीदार बन रहे हैं। प्रधानाचार्या शोभा रानी साहू ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा, "हर बच्चा अपने जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाए और उसकी देखभाल करे। पर्यावरण की रक्षा करना ही सच्ची देशभक्ति है। कार्यक्रम के समापन पर सभी छात्रों और शिक्षकों ने 'हरित प्रतिज्ञा' ली कि वे पेड़ों की रक्षा करेंगे, उन्हें नियमित पानी देंगे और समाज में अधिक से अधिक लोगों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित करेंगे। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी संकल्प लिया कि भविष्य में समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहेंगे। आज स्कूल परिसर में हर ओर हरियाली की उमंग और पर्यावरण के प्रति जागरूकता की भावना देखी गई। बच्चों की मुस्कान और उनके द्वारा लगाए गए पौधों ने सभी के मन में यह उम्मीद जगा दी कि आने वाला कल सुरक्षित, स्वच्छ और हरा-भरा होगा।

कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा।
(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)
ई–कल्याण पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति लोहरदगा के लिए महत्वपूर्ण सूचना।
PR No.- 356344
शैक्षणिक सत्र– 2024–25

ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–

क0	प्रक्रियात्मक कार्रवाई	प्रारम्भ होने की तिथि	निर्धारित अंतिम तिथि
1.	संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि।	17.07.2025	30.07.2025
2.	DNO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की समय सीमा।	17.07.2025	31.07.2025

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा।
PR 357699 Lohardaga(25-26)D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा
आवश्यक सूचना
(नोटिस)
नाम– (1) मिथलेश पासवान, पे0–स्व0 रामनाथ पासवान, सा0–गम्हरीया, थाना–रमना, जिला–गढ़वा राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप रमना थाना कांड सं0–79/23 दिनांक–04.08.23 धारा–323, 379, 498(ए), 506, भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय श्री शलैन्द्र कुमार नापित, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी नगर उँटारी, जिला– गढ़वा के द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–13.07.2025 को आपके घर पर इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार चल रहे है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप अविलंब माननीय न्यायालय श्री शलैन्द्र कुमार नापित, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी नगर उँटारी, जिला– गढ़वा राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पन करना सुनिश्चित करें।
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा
PR 357684 Police (25-26)_D

राजकीय पोलिटेकनिक,लातेहार
(उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार)
लातेहार (झारखण्ड)–829206
AISHE Code- C-68940, E-mail- gplatehar@gmail.com
अल्पकालीन निविदा सूचना
वित्तीय वर्ष 2025–26 के अन्तर्गत प्राप्त आवंटन से राजकीय पोलिटेकनिक, लातेहार के पुस्तकालय हेतु पुस्तकों का क्रय किया जाना है।
अतः आवश्यकता आधारित पुस्तकालय के पुस्तकों की आपूर्ति हेतु निबंधित पुस्तक विक्रेताओं/प्रकाशनों से दिनांक 19.08.2025 के संध्या 04.30 बजे तक मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा पत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 28.07.2025 से 19.08.2025 अपराह्न 04.30 बजे तक प्राप्त/जमा किये जा सकेंगे तथा दिनांक 26.08.2025 को Technical Bid एवं Financial Bid प्राचार्य कक्ष में खोली जायेगी। निविदा मूल्य रू0 500.00 (पाँच सौ रूपये) का राष्ट्रीय बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट देना होगा जो प्राचार्य राजकीय पोलिटेकनिक, लातेहार के नाम से देय तथा लातेहार में भुगतेय होगा।
नोट– Terms & Conditions संस्थानीय वेबसाईट एवं कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
प्रभारी प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, लातेहार
PR.NO.357677 Higher Education,Technical Education and Skill Development Department(25-26):D

कार्यालय; उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी पलामू,मेदिनीनगर
(जिला स्थापना शाखा)
आम सूचना
(पलामू जिला अन्तर्गत चतुर्थ वर्ग के पद पर पैनल निर्माण हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0–01/2025 से संबंधित)
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक 4140 दिनांक 14.07.2025 द्वारा संसूचित किया गया है कि **"मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) के पत्रांक–892 दिनांक 11.07.2025 के द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की दिनांक 11.07.2025 को आहूत बैठक में राज्य अन्तर्गत वर्ग–4 के पदों पर नियुक्ति एवं भर्त्ती हेतु भर्त्ती एवं सेवाशर्त नियमावली का गठन करने एवं नियमावली अधिसूचित होने तक मुफ्स्सिल कार्यालयों में वर्ग–4 के पदों पर भर्त्ती एवं नियुक्ति प्रक्रिया को स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है।"** साथ ही मंत्रिपरिषद् द्वारा लिए गए उक्त निर्णय के आलोक में आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश प्राप्त है।
उक्त निदेश के आलोक में पलामू जिला अन्तर्गत चतुर्थ वर्ग के पद के लिए पैनल निर्माण हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0 01/2025 द्वारा प्रारम्भ की गई प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाता है।
उपायुक्त,
पलामू
PR 357671 Palamu(25-26).D

न्यूज बॉक्स

इंटर साइंस टॉपर अभिनव कुमार को पंपापुर इंटर महाविद्यालय में किया गया सम्मानित

पालकोट। पंपापुर इंटर महाविद्यालय, पालकोट के विज्ञान संकाय के मेधावी छात्र अभिनव कुमार को गुमला जिले में इंटर साइंस परीक्षा 2025 में जिला टॉपर बनने पर महाविद्यालय की ओर से विशेष सम्मान दिया गया। सम्मान समारोह का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार जयसवाल की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें उन्होंने अभिनव को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रो. प्रभात साहू, विजय मिश्रा, प्रियंका साहू, विनिता नाग, उर्वशी कुमारी, जितेश मिंज, ज्ञानमणि बड़ा, प्रीति गुप्ता, रोशनी मिंज, प्रज्ञा कुमारी, मेनका कुमारी, प्रसाद गोप, तथा अन्य शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भी भाग लेकर अभिनव को बधाइयां दीं। महाविद्यालय परिवार ने अभिनव की सफलता को प्रेरणा का स्रोत बताया और अन्य विद्यार्थियों से भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। यह सम्मान समारोह शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने एवं विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

घाघरा व बसिया प्रखंड में छात्रों को निःशुल्क साइकिल वितरित, शिक्षा के प्रति बढ़ेगा रुझान

गुमला। निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत आज गुमला जिले के बसिया एवं घाघरा प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत आठवीं कक्षा के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विद्यालय परिसरों में सादे, लेकिन उत्साहपूर्ण वातावरण में साइकिल वितरण समारोह का आयोजन हुआ। स्कूलों के शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस योजना का उद्देश्य है कि दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को विद्यालय तक पहुंचने में सहूलियत मिल सके और संसाधनों के अभाव में कोई भी छात्र अपनी पढ़ाई बीच में ना छोड़े। वित्तीय वर्ष 2025-26 में गुमला जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में आठवीं कक्षा के योग्य छात्रों को साइकिल वितरण किया जा रहा है। इससे शैक्षणिक निरंतरता को बढ़ावा मिलेगा और बच्चों की उपस्थिति एवं पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी।

स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

बिशुनपुर। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत अनुसूचित जनजाति बालिका आवासीय विद्यालय, चापाटोली में एक दिवसीय बाल स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यालय की कुल 206 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण, निःशुल्क उपचार तथा स्वास्थ्य कार्ड में प्रविष्टि की गई। शिविर का संचालन सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार के मार्गदर्शन में और सीएसआर अधिकारी श्री मनोज चौधरी के समन्वय से संपन्न हुआ। चिकित्सा सेवा प्रदान करने हेतु डॉ. जहीन खान, डॉ. पी. पी. सिन्हा, फार्मासिस्ट शिवनाथ उरांव, एएनएम ज्योति तोपों, गीता साहू, स्मृति पन्ना एवं ज्योति किन्नो समेत मेडिकल टीम की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। स्वास्थ्य परीक्षण में बच्चियों की बीपी, रक्त जांच, वजन, ऊंचाई आदि की जांच की गई और जरूरत के अनुसार निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। शिविर के दौरान मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। डॉ. जहीन खान ने बरसात के मौसम में गीले कपड़े न पहनने, गर्म पानी पीने और बारिश के पानी से बचने की सलाह दी।

नवनिर्मित स्टेडियम को हस्तगत करने की दिशा में पहल, प्रशासनिक बैठक में बनी व्यापक सहमति

भरनो। भरनो प्रखंड मुख्यालय में नवनिर्मित प्रखंड स्तरीय स्टेडियम को पूर्ण रूप से तैयार कर लिया गया है, किंतु सामाजिक और प्रशासनिक समन्वय के अभाव में इसका हस्तांतरण अब तक लंबित है। इसी संदर्भ में शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, पड़हा समिति, ग्राम प्रधानों और सामाजिक अगुवाकारों की उपस्थिति रही। चर्चा का मुख्य उद्देश्य स्टेडियम के हस्तांतरण, नामकरण, उपयोग और महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्थापना को लेकर आपसी सहमति बनाना था। सभी उपस्थित सदस्यों ने स्टेडियम के शुभारंभ को लेकर सकारात्मक सहमति जताई। बैठक में यह निर्णय हुआ कि आगामी स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन इसी नवनिर्मित स्टेडियम में किया जाएगा, और इसके पूर्व सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली जाएंगी। जतरा खूंटा को वैध एवं विधिवत अन्यत्र स्थानांतरित करने को लेकर 20 जुलाई को संयुक्त पड़हा की बैठक प्रस्तावित की गई है, जिसकी जानकारी ललित टाना भगत ने दी।

पीवीटीजी समुदाय को आधार सेवा से जोड़ने के लिए विशेष अभियान जारी

गुमला। जिले के अति पिछड़ा जनजातीय समूह (पीवीटीजी-पारंपरिक रूप से वंचित जनजातीय समूह) को आधार पहचान सेवा से शत-प्रतिशत आच्छादित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 16 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत आज बिशुनपुर, डुमरी, घाघरा, कामडारा, रायडीह, गुमला एवं चैनपुर प्रखंडों के 11 पीवीटीजी पंचायतों—जरदा, चिरोडीह, जुर्मू, दीर्गाओं, रोडवा, पिबो, गुमला नगर व बारडीह—में विशेष आधार पंजीकरण एवं अद्यतन शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से 79 नए आधार नामांकन एवं 60 आधार अद्यतन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। अभियान की विशेषता यह है कि शिविर आधारित सेवा के साथ-साथ घर-घर जाकर (डोर-टू-डोर) आधार पंजीकरण और अद्यतन सेवा भी सक्रिय रूप से दी जा रही है, ताकि कोई भी पात्र परिवार इस सुविधा से वंचित न रह जाए। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिले के हर एक पीवीटीजी परिवार को आधार जैसी आवश्यक पहचान सेवा से जोड़ा जाए, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ समय पर मिल सके।

टीबी मुक्त भारत अभियान को मिली गति, 15 से 18 के बीच 5,312 लोगों की हुई स्क्रीनिंग

गुमला। टीबी मुक्त भारत अभियान 2025' के तहत गुमला जिले में चल रहा विशेष स्क्रीनिंग व जागरूकता अभियान प्रारंभिक चरण में ही तेज रफ्तार पकड़ चुका है। 15 जुलाई से 18 जुलाई तक जिलेभर में 5,312 नागरिकों की टीबी स्क्रीनिंग की जा चुकी है। यह अभियान उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के नेतृत्व में जनसहभागिता को आधार बनाकर चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा गांव-गांव और टोला-टोला जाकर घर-घर स्क्रीनिंग की जा रही है। संभावित टीबी मरीजों की पहचान कर प्राथमिक जांच, एक्स-रे, बलगम संग्रहण एवं सीबीएनएएटी परीक्षण जैसी चिकित्सकीय कार्रवाई तेजी से सुनिश्चित की जा रही है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने निर्देश दिए हैं कि दिसंबर 2025 तक गुमला को टीबी मुक्त घोषित करने के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अभियान को जनआंदोलन के रूप में संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य सिर्फ स्वास्थ्य विभाग का दायित्व नहीं, बल्कि हर नागरिक, पंचायत प्रतिनिधि, विद्यालय, धार्मिक संगठन एवं स्वयंसेवी संस्था की साझा जिम्मेदारी है।

भागबोथा-लोहराडेरा पुल ध्वस्त, 400 से अधिक ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी

बारिश से पुल व गार्डवाल हुआ क्षतिग्रस्त

नवीन मेल संवाददाता

- स्कूली बच्चों को भी हो रही परेशानी
- जनप्रतिनिधियों की मांग

रायडीह। सुरसांग थाना अंतर्गत कोंडरा पंचायत के भागबोथा से लोहराडेरा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का पुल भारी बारिश के कारण पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है, जिससे लोहराडेरा गांव के लगभग 400 ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस टूटे हुए पुल से अब लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे हैं। पुल के किनारे बना गार्डवाल भी तेज बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे रास्ता और खतरनाक हो गया है। बारिश के इस मौसम में विद्यालय जाने वाले बच्चों को भी टूटे पुल से गुजरना पड़ रहा है, जिससे उनके लिए स्कूल पहुंचना जोखिमभरा बन गया है।

कोंडरा पंचायत के मुखिया लंकेश उरांव ने कहा कि "ग्रामीणों की समस्या गंभीर है। पुल का मरम्मत कार्य अविलंब होना चाहिए ताकि आमजन को राहत मिल सके।" ग्रामीणों की मांग है कि जिला प्रशासन इस मामले पर शीघ्र संज्ञान ले और जल्द से जल्द वैकल्पिक रास्ता या अस्थायी पुल का निर्माण कर आवागमन सामान्य बनाए।

मकुंदा गांव के कीचड़मय सड़क की हालत पर आक्रोशित हुए ग्रामीण

सिसई (गुमला)। प्रखंड क्षेत्र के बरगांव मकुन्दा गांव तक जाने वाली कच्ची सड़क की दयनीय स्थिति को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों ने बैठक कर स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के प्रति घोर नाराजगी जताते हुए जल्द सड़क निर्माण नहीं होने पर उग्र आंदोलन के साथ रांची -गुमला मुख्य पथ को जाम करने का निर्णय लिया है। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि हर बरसात में गांव तक आने जाने वाली सड़क कीचड़ और गढ़े में तब्दील हो जाता है जिसके कारण अक्सर आने जाने वालों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। स्कुली बच्चे भी स्कूल जाने से कतराते हैं। ग़लती से कोई गाड़ी रास्ते में आ जाए तो घंटों फंसा रहना पड़ता है। गांव के बीमार लोगों को इलाज कराने ले जाने के लिए खटिया में लादकर पक्की सड़क तक ले जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि बीते 15 वर्षों से जनप्रतिनिधि और प्रशासन से सड़क निर्माण कराने का गुहार लगाया जा रहा है लेकिन कोई हमारी नहीं सुन रहा है। चुनाव का समय जब आता है तो सांसद, विधायक, मुखिया सभी लोग वोट मांगने के लिए चले आते हैं और जीतने पर सड़क को पक्की बनाने के साथ बड़े बड़े वादे करते हैं। लेकिन चुनाव जीतने के बाद कोई जनप्रतिनिधि गांव में झांकने नहीं आते हैं और न तो हमारी जन समस्या को दूर करने के लिए कोई पहल नहीं करते हैं। स्थानीय मुखिया सुनीता कुमारी का कहना है कि सड़क बनाने के लिए कई बार प्रखंड प्रशासन व जिला प्रशासन को लिखित में आवेदन दिया गया है। लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई पहल नहीं किया गया है मैं पंचायत की मुखिया होने के नाते ग्रामीणों के हर दुख सुख में जनता के साथ खड़ी हूं और हमेशा खड़ी रहुंगी। वहीं उन्होंने गांव की महिलाओं के साथ मिलकर कीचड़ युक्त सड़क पर धान रोपनी भी किया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के जिलाध्यक्ष जवाहर जायसवाल ने कहा कि गांव की सड़क की ये दुर्दशा हो गई है कि ग्रामीणों का चलना दुभर है और इस पर प्रशासन मौन है। ये मानवाधिकार का घोर उल्लंघन है, पानी, बिजली, सड़क, विद्यालय, स्वास्थ्य इन सभी चीजों पर मानव का विशेष अधिकार है और इससे गांव की विकास को गति मिलती है सरकार को इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मौके पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग जिला अध्यक्ष जवाहर जायसवाल, बरगांव पंचायत उत्तरी मुखिया सुनीता कुमारी के अलावा निर्मला उरांव, लक्ष्मी उरांव, शनियारो देवी, निर्मल टोप्पो सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

गुमला में सड़क सुरक्षा व खनन मामलों की समीक्षा बैठक संपन्न

दुर्घटनाओं की रोकथाम, अवैध खनन पर सख्ती व बालू की ई-नीलामी प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा एवं खनन संबंधी संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों विभागों की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ आगे की कार्ययोजना को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए।

सड़क सुरक्षा को लेकर निर्देश : बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए यातायात नियमों के सख्त अनुपालन की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हेलमेट जांच सहित अन्य यातायात नियमों को लेकर नियमित अभियान चलाया जाए।

इसके साथ ही उन्होंने दुर्घटना पीड़ित परिवारों को समय पर पेंशन व मुआवजा उपलब्ध कराने की व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर वहां रेडियम बोर्ड लगाने, गड्ढों की मरम्मत करने और अन्य सुरक्षा उपायों को शीघ्र पूरा करने का आदेश भी दिया गया। बैठक में खनन विभाग से जुड़े मामलों पर भी विस्तृत विमर्श किया गया। उपायुक्त ने झारखंड बालू खनन नियमावली-2025 के तहत बालू निक्षेपों की ई-नीलामी प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमावली के अनुरूप समिति के गठन की प्रक्रिया को प्राथमिकता से पूर्ण करने को कहा। अवैध खनन पर सख्ती बरतते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध खनन की घटनाओं को रोकने के लिए नियमित छापेमारी अभियान चलाया जाए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में अपर समाहर्ता गुमला, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी समेत संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने म्यूटेशन व जन शिकायतों के त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

गुमला। बैठक में राजस्व प्रशासन से जुड़े विभिन्न आयामों की गहन समीक्षा की गई और लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में ऑनलाइन म्यूटेशन, ऑनलाइन लगान वसूली, भूमि सीमांकन, परिशोधन पोर्टल, रेभेन्यू कोर्ट, दाखिल-खारिज, पीएम किसान योजना, प्राकृतिक आपदा राहत, प्रमाण पत्र निर्गत प्रक्रिया एवं जन शिकायतों के समाधान की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गई। म्यूटेशन मामलों की समीक्षा में बताया गया कि जिले में अब तक 33,993 आवेदनों में से 33,023 का निष्पादन हो चुका है। 30 दिन से अधिक समय से लंबित 23 बिना आपत्ति वाले एवं 90 दिन से अधिक से लंबित 15 आपत्ति सहित मामलों के शीघ्र निपटारे का निर्देश उपायुक्त ने दिया। वर्ष 2025-26 में ₹5.20 लाख से अधिक की लगान वसूली की गई है। रेभेन्यू कोर्ट मामलों में 4766 में से 3831 मामलों का निपटारा किया जा चुका है। दाखिल-खारिज मामलों में उत्तराधिकारी म्यूटेशन के 383 में से 194 मामलों का निष्पादन तथा आपसी सहमति आधारित दाखिल-खारिज के 140 में से 73 मामलों का निष्पादन हुआ है। पीएम किसान योजना के सेल्फ रजिस्ट्रेशन एवं ई-केवाईसी की भी समीक्षा की गई। प्राकृतिक आपदा राहत, आय, जाति व आवासीय प्रमाण पत्र एवं जन शिकायतों के समाधान से संबंधित कार्यों की अद्यतन स्थिति पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने सेवा की गुणवत्ता में सुधार हेतु समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा की भूमि विवाद, दाखिल-खारिज एवं म्यूटेशन से जुड़ी जन शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर हो, ताकि आम जनता को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं मिल सकें।

सड़क हादसे में तीन घायल, एक रेफर

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा गांव के पास शुक्रवार को हुए एक सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर होने पर उसे गुमला रेफर कर दिया गया है। हादसा उस वक्त हुआ जब चैनपुर से क़सिर साप्ताहिक बाजार जा रही एक टीवीएस एनटॉर्क बाइक सामने से आ रही एक टीवीएस मोपेड से टकरा गई। जानकारी के अनुसार, टीवीएस एनटॉर्क पर सवार विकास बड़ा उम्र 26, पिता प्रदीप बड़ा और आलोक मिंज उम्र 22, पिता अंधरियास मिंज क़सिर साप्ताहिक बाजार जा रहे थे। बेंदोरा के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक टीवीएस मोपेड से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। मोपेड पर बेंदोरा निवासी रामनाथ नायक और उनकी पत्नी फूलों देवी सवार थे। हादसे में रामनाथ नायक और फूलों देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ उनका इलाज चल रहा है।

कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा
Phone Number:- 06526-222064
email-id: zplohardaga@gmail.com

सूचना

इस कार्यालय द्वारा जिला परिषद् के वाहन संख्या JH08E 4108(TATA INDIGO) की नीलामी सूचना PR No. 356976 Lohardaga(25-26) :D को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

PR 357664
Lohardaga(25-26)#D

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

राष्ट्रीय नवीन मेल में छपी खबर के बाद प्रशासन हरकत में

मीडिया की पहल लाई रंग, भरनो स्कूल मार्ग की जर्जर सड़क दुरुस्त

नवीन मेल संवाददाता

भरनो के स्कूल मार्ग पर जलजमाव व कीचड़ से राह मुश्किल, लोग बेहाल

भरनो। राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में प्रकाशित खबर का तत्काल प्रभाव देखने को मिला। भरनो प्रखंड मुख्यालय के स्कूल चौक से प्लस टू हाई स्कूल एवं राजकीय बालक मध्य विद्यालय तक जाने वाली जर्जर सड़क पर जल जमाव और कीचड़ के कारण स्कूली छात्र-छात्राओं और आमजनों को भारी परेशानी हो रही थी।

बीते गुरुवार को इस समस्या को लेकर अखबार में "भरनो के स्कूल मार्ग पर जल जमाव व कीचड़ से राह मुश्किल, लोग बेहाल" शीर्षक से प्रकाशित खबर के बाद प्रखंड प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की।

बीडीओ अरुण कुमार सिंह की पहल पर शुक्रवार को आरकेडी कंपनी के सहयोग से जेसीबी और रोडर मशीन के माध्यम से सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया। स्कूल चौक से प्लस टू हाई स्कूल तक के गड्ढों को मिट्टी-मोरम से भरा गया और कीचड़ हटाकर रास्ता चलने योग्य बनाया गया। इस कार्य में स्कूल चौक निवासी अभिषेक केशरी, भगवती केशरी, श्रवण केशरी सहित कई लोगों ने अहम भूमिका निभाई। प्लस टू हाई स्कूल की एचएम वरदानी टोप्पो समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने प्रशासन एवं मीडिया का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अब स्कूल जाने में बच्चों को परेशानी नहीं होगी।

इस पर बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने कहा की मीडिया और आमजनों के सहयोग से मिली जानकारी के बाद तत्परता से कार्य किया गया। प्रशासन जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

यह उदाहरण दर्शाता है कि जनहित से जुड़ी पत्रकारिता और प्रशासनिक सक्रियता मिलकर जनकल्याण की दिशा में सार्थक परिणाम दे सकती हैं।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

आवश्यक सूचना।

(गुमशुदा मीरा देवी उम्र करीब–26 वर्ष एवं साथ में एक वर्ष की बच्ची)

गढ़वा थाना सनहा सं0–27/2025, दिनांक–02.07.2025 में गुमशुदा मीरा देवी उम्र करीब–26 वर्ष, पति–अरुण सिंह, सा0–महुडंड, थाना–डंडई, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली हैं। उक्त गुमशुदा महिला के देवर एवं आवेदक अजय सिंह के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है इनकी भाभी(मीरा देवी) दिनांक–01.07.2025 को अपने एक बच्ची के साथ अपने घर से गढ़वा अपने देवर (आवेदक अजय सिंह) के रुम पर आयी परन्तु वह वहॉ नहीं था उसके बाद अपने पति से मोबाईल से बात करके सदर अस्पताल गढ़वा जाने के लिए निकली परंतु अबतक घर वापस नहीं आयी है। उक्त गुमशुदा महिला मीरा देवी का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि गुमशुदा महिला मीरा देवी किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया :–रंग–सांवला, लम्बाई–05 फीट,
पहनावा–ग्रिन साड़ी ग्रिन व्लाउज पैर में जुती
एवं साथ में एक वर्ष की बच्ची।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR 357685 (Police) 25-26 (D)

शिव मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति खंडित

आक्रोश में लोग, गिरफ्तारी के बाद हटा सड़क जाम

नवीन मेल संवाददाता

सिसई। सिसई थाना रोड स्थित शिव मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति को अज्ञात उपद्रवी द्वारा खंडित कर दिया गया। यह घटना गुरुवार दोपहर की है, जिसके बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। मंदिर परिसर में रह रहे फूल विक्रेता उमेश कुमार मालाकार ने बताया कि सावन के महीने में मंदिर का मुख्य द्वार दिनभर खुला रहता है। गुरुवार को दोपहर करीब 3:45 बजे जब वे मंदिर में पूजा का बाजा बजाने पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि मां दुर्गा की मूर्ति टूटी हुई है और साथ ही दो-तीन शिवलिंग भी खंडित अवस्था में बिखरे पड़े थे। इसके बाद उन्होंने स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही सिसई पुलिस, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, बीडीओ रमेश कुमार यादव और सीओ नितेश रोशन खलखो मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। मंदिर के आस-पास लगे सीसी टीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

घटना से आक्रोशित लोगों ने सिसई मेन रोड पर टायर जलाकर जाम लगा दिया और शाम होते-होते सभी दुकानों को बंद करा दिया। स्थानीय लोगों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक मूर्ति खंडित करने वाले को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक सड़क जाम जारी रहेगा और जरूरत पड़ी तो नेशनल हाईवे को भी जाम किया जाएगा।

कुछ लोगों ने बताया कि घटना से पहले एक पंडित वेशधारी विक्षिप्त व्यक्ति मंदिर के पास भीख मांगते देखा गया था, जिससे शक की स्थिति बनी रही। हालांकि, देर रात एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में यह स्वीकार किया कि मूर्ति उसी ने तोड़ी है। महिला के कबूलनामे के बाद समाज के लोग संतुष्ट हुए और फिर मेन रोड का जाम हटा लिया गया।

e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,

Very Short Term E-Quotation Invitation Notice
RATE PURPOSE ONLY
Quotation Reference No -12/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26

Sealed Quotations are invited for the work of **Construction of Three Modular OT at Medinirai Medical College & Hospital (Sadar), Palamu, Jharkhand** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

Terms and Condition

1. The quotationer shall furnish be Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason there of.

नोट :–

(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि	:– 23.07.2025 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि	:– 31.08.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 02.08.2025 अपराह्न 3:30 बजे।	
(4) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता	:– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल डालटनगंज, पलामू।
(5) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0	:– 9430783582

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj.

PR.NO.357668 Building(25-26):D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रेम, ध्यान और आत्मबोध पर केंद्रित हैं। वे जीवन को पूरी तरह से जीने, सामाजिक बंधनों से मुक्त होने और वर्तमान क्षण में रहने की सीख देते हैं। उनके अनुसार, सच्चा धर्म भीतर से आता है। **-ओशो**

संपादकीय

कृषि योजनाओं को लागू कराना चुनौती

भारत कृषि पर ही निर्भर है क्योंकि इसकी बड़ी अर्थव्यवस्था इसी पर टिकी है पर किसानों की स्थिति में बड़ा बदलाव नहीं आया। कृषि उत्पादों की मूल्य वृद्धि राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित होती है पर बीज,खाद और रासायनिक दवाओं में मनमानी वृद्धि खबर ही नहीं बनती क्योंकि इसके पीछे बड़ी शक्तियां होती हैं। राज्यों में कृषि विभागों की पोस्टिंग अधिकारियों को सजा लगती है क्योंकि इसमें ग्लैमर नहीं और हर साल सरकारी बीज खाद वितरण में गड़बड़ी मामूली खबर बन कर रह जाती है भ्रष्ट अधिकारियों को सजा का उदाहरण दुर्लभ है। केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषित जिस प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है, वह कृषि क्षेत्र में बड़े सुधार करने का वायदा तो खैर करती ही है, भारत को आत्मनिर्भर और जलवायु-अनुकूल कृषि व्यवस्था की ओर ले जाने का संकल्प भी दर्शाती है। योजना के तहत अगले छह वर्षों में चौबीस हजार करोड़ रुपये प्रतिवर्ष के निवेश के साथ सौ जिलों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इन जिलों का चयन इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इन सभी में फसलों का उत्पादन कम, फसलों की सघनता मध्यम और ऋण उपलब्धता औसत से कम है। इस योजना की खास बात यह है कि यह नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम से प्रेरित है, और जो केंद्र के ग्यारह मंत्रालयों की छत्तीस मौजूदा योजनाओं को एकीकृत करेगी, जिससे संसाधनों का कुशल उपयोग सुनिश्चित होगा। भारतीय कृषि को लंबे समय से कम उत्पादकता, जलवायु में बदलाव, और अपर्याप्त बुनियादी ढांचे जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यह योजना इन चुनौतियों के अलावा, टिकाऊ खेती को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता देती है। योजना के तहत फसल विविधीकरण के माध्यम से किसानों की एक ही फसल पर निर्भरता कम होगी। यह योजना खासकर छोटे और सीमांत व महिला किसानों, कृषि-तकनीकी स्टार्टअप और स्वयं-सहायता समूहों को फायदा पहुंचाएगी। अनुमान है कि इस योजना से करीब 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे, जिससे स्वाभाविक ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था का भी विकास होगा। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि यह केवल सब्सिडी आधारित राहत न होकर, संरचनात्मक सुधारों पर केंद्रित है। इससे किसान उत्पादन से लेकर विपणन तक के हर चरण में सशक्त बनेगा। हालांकि कम उत्पादकता वाले सौ जिलों का चयन और वहां रणनीतियों का प्रभावी कार्यान्वयन एक जटिल प्रक्रिया होगी। इसके अतिरिक्त, किसानों तक योजना की जानकारी और लाभ पहुंचाने के लिए जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण की जरूरत होगी। आवेदन प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाना भी उतना ही जरूरी है, ताकि छोटे और सीमांत किसान आसानी से इसका लाभ उठा सकें। टिकाऊ खेती के लिए मिट्टी की सेहत, जल संरक्षण और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करने की भी जरूरत है। देश की खाद्य सुरक्षा, रोजगार और निर्यात के संदर्भ में यह योजना भारतीय कृषि का कायाकल्प करने की क्षमता रखती है, बशर्ते इसका सही ढंग से कार्यान्वयन भी हो।

योजना के तहत अगले छह वर्षों में चौबीस हजार करोड़ रुपये प्रतिवर्ष के निवेश के साथ सौ जिलों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

मौन हत्यारा : हमारे शरीर में घुलता प्लास्टिक का जहर

कभी सुविधा का प्रतीक रहा प्लास्टिक, अब विनाश का माध्यम बन चुका है। जो चीज़ें हमें जीवन को आसान बनाने के लिए दी गई थीं, वही अब जीवन को धीमी मौत की ओर ढकेल रही हैं। यह सिर्फ एक पर्यावरणीय संकट नहीं है, यह हमारे शरीर की चुपचाप चलती हुई बर्बादी की कहानी है - एक अदृश्य ज़हर, जिसका नाम है माइक्रोप्लास्टिक। हमने प्लास्टिक को अपनाया, अब वही हमें निगल रहा है। दूध की थैलियों से लेकर सब्ज़ियों की पैकिंग, स्कूल के टिफ़िन से लेकर ऑफिस की पानी की बोतल तक — प्लास्टिक हमारी ज़िंदगी में ऐसे घुल चुका है कि अब हम इसे पहचान भी नहीं पाते। और इसी अनदेखेपन ने जन्म दिया है एक नए संकट कोः माइक्रोप्लास्टिसिटी। माइक्रोप्लास्टिक वे सूक्ष्म प्लास्टिक कण हैं जो 5 मिलीमीटर से छोटे होते हैं, और नैनोप्लास्टिक तो इससे भी हज़ार गुना छोटे। ये कण अब हवा, पानी, मिट्टी, भोजन और यहां तक कि मां के गर्भ तक में पहुँच चुके हैं। हम सोच भी नहीं सकते कि हम कब और कैसे इन्हें निगल रहे हैं, इन्हें साँसों के साथ खींच रहे हैं। शरीर में यह जहर कैसे प्रवेश करता है? हमारे शरीर में माइक्रोप्लास्टिक केवल बोतलबंद पानी से नहीं, बल्कि जीवन के हर कोने से घुस रहा हैः

हवा से : प्लास्टिक जब सूरज की गर्मी से टूटता है या जलाया जाता है, तो वह हवा में सूक्ष्म कणों के रूप में घुल जाता है। यही कण हमारे सांसों के साथ फेफड़ों में जाते हैं और धीरे-धीरे खून में मिल जाते हैं।

पानी से : बोतलबंद पानी हो या नल का, हर जगह माइक्रोप्लास्टिक पाया गया है। जो लोग सोचते हैं कि "बिसलेरी पी रहे हैं तो सुरक्षित हैं," वे भ्रम में हैं — स्टडीज़ दिखाती हैं कि बिसलेरी जैसी ब्रांडेड बोतलों में भी प्रति लीटर हजारों माइक्रोप्लास्टिक पार्टिकल्स होते हैं।

भोजन से : प्लास्टिक के पैकेट में बंद भोजन, गर्म भोजन प्लास्टिक कंटेनर में रखना, प्लास्टिक के टिफ़िन में रोज़ का खाना - सब धीरे-धीरे हमारे शरीर में प्लास्टिक पहुंचा रहे हैं।

दैनिक उपयोग से : टूथपेस्ट, स्क्रब, शैम्पू, फेसवॉश-इन सब में मौजूद प्लास्टिक बीड्स हमारे शरीर में प्रवेश कर रहे हैं और हम हर दिन अनजाने में उन्हें इस्तेमाल कर रहे हैं। यह सिर्फ प्रदूषण नहीं, आत्म-विनाश है। इस ज़हर का असर बाहर नहीं, भीतर दिखाई देता है-बहुत धीरे, लेकिन बेहद ख़तरनाक तरीके से।

मस्तिष्क पर प्रभाव : माइक्रोप्लास्टिक ब्रेन-ब्लड बैरियर को पार कर लेता है। न्यूरॉन्स को क्षति पहुंचाता है, याददाश्त कमजोर करता है, एकाग्रता घटाता है। अल्जाइमर, डिप्रेशन और न्यूरोलॉजिकल डिजीज़ बढ़ रही हैं - ये सिर्फ संयोग नहीं।

हार्मोनल असंतुलन : माइक्रोप्लास्टिक शरीर में 'एंडोक्राइन डिसरप्टर' की तरह काम करता है। इससे थायरॉयड, पीसीओडी, डायबिटीज़, बांझपन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

कैंसर का कारण : प्लास्टिक में मौजूद'बिसफेनॉल-ए(बीपीए)' और 'फ्थैलेट्स' जैसे केमिकल्स शरीर की कोशिकाओं में म्यूटेशन ला सकते हैं, जिससे कैंसर जन्म लेता है।

गर्भस्थ शिशु पर असर : आज नवजात बच्चों के शरीर में भी माइक्रोप्लास्टिक पाए जा रहे हैं। यह हमारी अगली पीढी के भविष्य पर सीधा हमला है।

त्वचा से प्रवेश : बहुत कम लोगों को यह जानकारी है कि सौंदर्य प्रसाधन (cosmetics) जैसे स्किन क्रीम, लोशन, फाउंडेशन, फेसवॉश, मेकअप प्रोडक्ट्स, बॉडी स्क्रब आदि में भी माइक्रोप्लास्टिक के महीन कण होते हैं। इन्हें अक्सर "Polyethylene", "Acrylates", "Polystyrene", या "Nylon-12" जैसे नामों से इंग्रीडिएंट लिस्ट में छिपा दिया जाता है। ये कण त्वचा के रोमछिद्रों (pores) से शरीर में प्रवेश करते हैं और वहां से रक्त में घुल सकते हैं। आज जिस त्वचा को हम सुंदर बनाने की कोशिश कर रहे हैं, वही धीरे-धीरे त्वचा संबंधी एलर्जी, हार्मोनल असंतुलन, और त्वचा कैंसर का रास्ता बन रही है — और हम इसे "ब्रांडेड स्किन केयर" कहकर रोज़ इस्तेमाल कर रहे हैं।

आज की बात

वीणा देवांगन

क्यों घुल रहा है प्लास्टिक हमारे वातावरण में?

इस सवाल का जवाब कहीं और नहीं, हमारे जीवनशैली में ही छिपा है। हमने प्राकृतिक जीवन से दूर जाकर एक 'डिस्पोज़ेबल कल्चर' अपना लिया है — हर चीज़ एक बार की, हर सुविधा पैक में। हम त्योहारों में प्लास्टिक बैनर लगाते हैं, शादियों में पॉलिथीन में मिठाई बाँटते हैं, खेतों में पॉलीशीट बिछाते हैं, और फिर सोचते हैं कि "प्रदूषण कहां से हो रहा है?"

प्लास्टिक जलता है तो डाइऑक्सिन और फ्यूरन जैसी ज़हरीली गैसें निकलती हैं, जो न सिर्फ सांस से अंदर जाती हैं, बल्कि बारिश के पानी से मिट्टी में समा जाती हैं, और वहाँ से खाद्य श्रृंखला में।

हमें अब भी बदलने का वक्त है। हमें विकल्प अपनाने होंगे, बचाव केवल प्लास्टिक का त्याग नहीं, जीवन की पुनर्रचना है। हमें केवल बाहर की सफाई नहीं, अंदर की भी ज़रूरत है।

जीवनशैली में बदलाव ही सबसे बड़ा उपचार है

1. घर का बना हुआ भोजन — यह न केवल प्लास्टिक से मुक्त होता है, बल्कि शरीर के लिए ऊर्जा और संतुलन भी देता है।
2. सात्विक आहार अपनाइए — ताजा, मौसमी, हल्का और प्राकृतिक भोजन शरीर को शुद्ध करता है। बाजार के मैदे, प्रोसेस्ड फूड और प्रिज़र्वेटिव्स से बचना ही सच्चा स्वास्थ्य है।
3. मन का डिटॉक्स भी ज़रूरी है — योग, प्राणायाम और ध्यान (Meditation) से शरीर ही नहीं, सोच और भावनाएं भी शुद्ध होती हैं। जब मन शांत होता है, तब शरीर खुद से सही विकल्प चुनता है।
4. कम से कम पैकिंग वाली वस्तुएँ अपनाएं — जो चीज जितनी अधिक 'सजावट' में आती है, वह उतनी ही अधिक प्रदूषित होती है।
5. पर्यावरण के लिए छोटे कदम, जैसे—

- कपड़े का थैला ले जाना|
- डिस्पोजेबल चीजों से बचना|
- बच्चों को प्लास्टिक खिलौनों से दूर रखना
- घर में प्राकृतिक सफाई उत्पादों का प्रयोग करना|
- स्टील और कांच के बर्तन, बोतलें और टिफ़िन अपनाइए।
- कपड़े का थैला, कागज़ की पैकिंग को प्राथमिकता दीजिए।
- अपने घरों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक पूर्ण रूप से बंद कीजिए।
- स्थानीय उत्पाद खरीदिए जो न्यूनतम पैकिंग में आते हों।
- सरकार को सख़्ती से प्लास्टिक प्रतिबंध लागू करने के लिए जनदबाव बनाइए।
- और सबसे अहम — अपनी आदतें बदलिए, क्योंकि हर बदली हुई आदत, एक नई पृथ्वी की ओर कदम है।

हमने विज्ञान और तकनीक से सुविधाएं लीं, लेकिन जिम्मेदारी नहीं सीखी। अब वह ज़हर हमारे घरों में, हमारे बच्चों के शरीर में, और हमारे खुद के सोचने की क्षमता तक को निगल रहा है। अगर हमने अभी नहीं जागा, तो कल शायद हम याद ही न रख पाएं कि हमने अपना जीवन, अपना पर्यावरण और अपनी अगली पीढ़ी, सिर्फ एक प्लास्टिक की बोतल की कीमत पर क्यों खो दिया।

हम उस मोड़ पर हैं जहां हमें तय करना होगा क्या हम सिर्फ आधुनिकता की दौड़ में अपनी चेतना, अपने शरीर, और अपनी अगली पीढ़ी को बलि चढ़ा देंगे? या फिर हम लौटेंगे उस जीवनशैली की ओर जो हमें केवल जीवित नहीं रखती, बल्कि स्वस्थ, सचेत और संतुलित रखती है। आज यह ज़रूरत नहीं, कर्तव्य है — कि हम स्वयं भी जागें और दूसरों को भी जागरूक करें। वरना कल जब बीमारी दस्तक देगी, तब सिर्फ इलाज नहीं, पश्चाताप ही हाथ आएगा। **(veenavlogs@gmail.com)**

कोई लौटा दे मेरे बीते हुए दिन

वर्ष 1964 में दूर गगन की छांव में फिल्म का गीत कोई लौटा दे मेरे बीते हुए दिन सुनकर आज कई बड़े बुजुर्ग, विपत्ति पीड़ितों, दुखियारों की आंखों में आंसू आ जाते हैं और अपने बीते हुए दिनों की यादों में खो जाते हैं जो रेखांकित करने वाली बात है, इसलिए मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि हमारे आज के युवा राष्ट्र के युवाओं को इस पर मंथन करने की जरूरत है कि आखिर क्यों? वर्तमान प्रौद्योगिकी युग में भी मनीषियों द्वारा अपने पुराने दिनों को अच्छे दिन बताया जाता है। हालांकि यह गीत 1964 का है याने आज से 58 वर्ष पूर्व भी उस समय के बुजुर्गों के भाव ऐसे थे याने जैसे जैसे समय का चक्र अपनी तेज रफ्तार से चल रहा है, हर स्थिति को बदलता जा रहा है, विज्ञान प्रौद्योगिकी डिजिटलाइजेशन में तीव्रता से विकास स्वभाविक और समय की मांग है, परंतु आज माता-पिता बेटा-बेटी भाई-बहन संयुक्त परिवार से एकल परिवार और एकल परिवार में भी बहुत खटास के बढ़ते जाने को रेखांकित कर आज हर व्यक्ति को अपने आपसे प्रश्न पूछने को की जरूरत है कि क्यों उसे बीते हुए सुहाने दिनों की लालसा है? क्यों नहीं अपने स्वभाव में, जीवन शैली में परिवर्तन लाकर खुद और परिवार के बीते हुए दिनों की मिठास ला सकते हैं। आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से रिश्तों में मिठास लाकर अपने बीते हुए दिनों को लौटाने पर,खुशहाल करने पर चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम पुराने दिनों की यादों की करें तो इसकी शुरुआत हम बचपन के दिनों से करते हैं, मेरा मानना है कि सबको अपने बचपन के दिनों में अधिक सुकून मिला होगा, हर किसी को अपना बचपन याद आता है। हम सबने अपने बचपन को जीया है। शायद ही कोई होगा, जिसे अपना बचपन याद न आता हो। बचपन की अपनी मधुर यादों में माता-पिता, भाई-बहन, यार-दोस्त, स्कूल के दिन, आम के पेड़ पर चढ़कर चोरी से आम खाना, खेत से गन्ना उखाड़कर चूसना और खेत मालिक के आने पर नौ दो ग्यारह हो जाना हर किसी को याद है। चोरी और चिरौरी तथा पकड़े जाने पर साफ झूठ बोलना बचपन की यादों में शुमार है। बचपन से पचपन तक यादों का अनोखा संसार है। साथियों, छुटपन में धूल-गारे में खेलना, मिट्टी मुंह पर लगाना, मिट्टी खाना किसे नहीं याद है? और किसे यह याद नहीं है कि इसके बाद मां की प्यारभरी डांट-फटकार व रुंआसे होने पर मां का प्यारभरा स्पर्श! इन शैतानीभरी बातों से लबरेज है सारा बचपन। इसलिए पुराने दिनों की याद कर आज भी हम कहते हैं, हम भी अगर बच्चे होते,हम भी अगर बच्चे होते, नाम हमारा होता गबलू-बबलू, खाने को मिलते लड्डू,और दुनिया कहती हैप्पी बर्थडे टू यू.।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

व्यंग्य की बात

किशन सनमुखदास भावनानीं

नशा मुक्त युवा, विकसित भारत का सारथी

कहा जाता है कि अगर किसी देश को आगे बढ़ना है, विकसित होना है, तो उसका युवा सशक्त और समर्थ होना चाहिए। विश्व में भारत ऐसा देश है, जहां सबसे अधिक युवा आबादी है। हमारे पीएम मोदी कहते हैं कि अगर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो उसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हमारी युवा शक्ति ही निभाएगी। देश के विकास की रफ्तार युवाओं की ऊर्जा, विचार और संकल्प से ही तय होती है। लेकिन आज राष्ट्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती है, अपने युवाओं को नशे की लत से दूर रखना। वर्तमान में युवा वर्ग नशे के घेरे में आता जा रहा है। यह नशा न केवल उनके स्वास्थ्य बल्कि करियर, सपनों और देश की ताकत को भी प्रभावित कर रहा है। एक स्टडी के मुताबिक, भारत में 10 से 24 वर्ष की उम्र के हर 5 में से 1 युवा ने कभी न कभी ड्रग्स का सेवन किया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार, 8.5 लाख से अधिक बच्चे ड्रग्स की लत का शिकार हैं। ये आंकड़े बेहद डरावने और चिंतन योग्य हैं। ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थों के खात्मे के लिए भारत सरकार ने पिछले 11 वर्षों में कई प्रभावी कदम उठाए हैं। 2020 में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने 'नशा मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत की। नशे की लत को रोकने और पीड़ितों की सहायता के लिए सरकार ने राष्ट्रीय नशा मुक्ति केंद्र और आउटरीच-कम-ड्रॉप-इन सेंटर की स्थापना की। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए गए। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने ड्रग माफिया के विरुद्ध सशक्त ऑपरेशन्स किए। साथ ही, देशभर में युवाओं की काउंसलिंग हेतु हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भी स्थापित किए गए। इसके अलावा विभिन्न राज्यों में भी स्थानीय प्रशासन, गैर-सरकारी संस्थाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से नशे के विरुद्ध कई बड़े अभियान चलाए जा रहे हैं। भारत इस लड़ाई को और मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में मेरा भारत ने एक बड़ी पहल की है। बाबा काशी विश्वनाथ की धरती से 19 से 20 जुलाई तक 'युवा आध्यात्मिक समिट' का आयोजन किया जा रहा है। इसका थीम होगा 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत'। वाराणसी के पावन घाटों पर आयोजित होने वाले इस समिट का उद्देश्य, एक ऐसी राष्ट्रीय नीति बनाना है, जो युवाओं के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान को सशक्त बनाए। इस समिट में देशभर की 100 से अधिक आध्यात्मिक संस्थाओं के युवा प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाएं भी इसमें सहभागिता करेंगी। इसके माध्यम से युवाओं को एक ऐसा मंच मिलेगा, जहां वो अपनी आवाज़ को सरकार और नीति निर्माताओं तक पहुँचा सकेंगे। इस समिट में देश की नशे के विरुद्ध लड़ाई को मजबूत करने के लिए विभिन्न सेशन्स आयोजित किए जाएंगे। इसमें नशे की प्रवृत्ति, इसकी प्रकृति, प्रकार, पीड़ितों की जनसांख्यिकी, अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव और सरकार तथा मेरा भारत के युवा स्वयंसेवकों की भूमिका जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श और चर्चा होगी। साथ ही नशे की लत से उबरने वाले युवाओं की प्रेरक कहानियां और उनके अनुभव भी साझा किए जाएंगे, ताकि अन्य युवा उनसे प्रेरणा ले सकें। अंत में एक 'काशी डिक्लेरेशन' जारी किया जाएगा, जो अगले पांच वर्षों के लिए नशा मुक्ति अभियान का रोडमैप होगा। इसमें यह तय किया जाएगा कि युवाओं को किस प्रकार नशे से दूर रखा जाए, नशे की गिरफ्त में आए लोगों की कैसे सहायता की जाए और पूरे देश में जागरूकता अभियान को किस तरह तेज किया जाए। पीएम हमेशा देश की अमृत पीढ़ी के सपनों का भारत बनाने की बात करते हैं। उनके विजन के अनुरूप, युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा उठाया गया यह कदम, एक समग्र और प्रभावशाली पहल का उदाहरण बनेगा। यह पहल न केवल युवाओं को नशे से दूर रखने में मदद करेगी, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में भी सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगी। देश को विकसित राष्ट्र बनाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी हमारी युवा शक्ति की है। काशी में आयोजित होने वाला 'युवा आध्यात्मिक समिट' इस लक्ष्य की दिशा में केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय चेतना का प्रारंभ स्थल बनेगा। यह नशे के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान को नई दिशा और ऊर्जा देगा। साथ ही, युवाओं में नैतिक मूल्यों, सामाजिक ज़िम्मेदारी और आत्म-संयम का ऐसा भाव जागृत करेगा, जो न केवल उन्हें अपने जीवन में सार्थकता देगा, बल्कि देश को भी आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का माध्यम बनेगा। काशी की पवित्र धरती से उठने वाली यह पुकार, हर युवा के मन में जागृति और देशभक्ति का नया प्रकाश भर देगी और यही संकल्प 2047 के विकसित भारत की मजबूत नींव बनेगा।

देश की बात

डॉ. मनसुख मांडविया
केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री, भारत सरकार

फेसबुक वॉल से

एक्स से

आज का दोहा

'कालनेमि'तब एक था, अब घूमें सब ओर।
ऋषियों का सा वेश धर, काम करें घनघोर।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

संपादक

क्या बिहार में सुशासन अब जंगलराज में बदल रहा है?

बिहार में एक बार फिर कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। बेखौफ अपराधियों का आतंक, दिन-दहाड़े हत्याएं, लूट, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध यह संकेत दे रहे हैं कि 'सुशासन बाबू' के नाम से मशहूर नीतीश कुमार का प्रशासन कहीं अपने वादों और आदर्शों से भटकता नजर आ रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव की दस्तक के बीच आमजन में यह सवाल तेजी से उभर रहा है कि क्या बिहार में सुशासन अब फिर से जंगलराज में तब्दील हो रहा है? क्योंकि व्यापारियों, राजनेताओं, वकीलों, शिक्षकों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर की गई लगातार हत्याओं ने बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। पुलिस इन घटना के लिए अवैध हथियारों और गोला-बारूद की व्यापक उपलब्धता को ज़िम्मेदार ठहरा रही है, पुलिस के उच्च अधिकारियों के कुछ बेतूके बयान हास्यास्पद एवं शर्मनाक होने के साथ चिन्ताजनक है। उनके हिसाब से जून में ज्यादा वारदात होती हैं, क्योंकि मॉनसून आने के पहले तक किसान खाली बैठे होते हैं। राज्य की राजधानी पटना के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में दिनदहाड़े 5 शूटर्स ने जिस तरह एक गैंगस्टर की हत्या की, उससे यही लगता है कि कानून-व्यवस्था का डर खत्म हो चुका है। पिछले 10 दिनों में एक के बाद एक कई आपराधिक घटनाओं में व्यापारी गोपाल खेमका, भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार, एक 60 वर्षीय महिला, एक दुकानदार, एक वकील और एक शिक्षक सहित कई हत्याओं ने चुनावी राज्य को हिलाकर रख दिया है। बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर राजनीतिक घमासान चरम पर है। विपक्ष, खासकर राजद और कांग्रेस, जहां नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर लगातार हमलावर है, वही एनडीए इन मुद्दों पर जबावी एवं रक्षात्मक हमला करते हुए चुनाव पर इनके असर को बेअसर करने में जुटी है। लालू यादव के शासनकाल के 'जंगलराज' की भी याद दिलाने की कोशिश एनडीए की पार्टियां कर रही है ताकि विपक्ष इन मामलों पर ज्यादा हावी ना हो। भाजपा के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन का कहना है कि बिहार की जनता लालू राज में जो जंगलराज था, उसे भूली नहीं हैं। विपक्ष चाहे जो भी आरोप लगाए बिहार में आज सुशासन का राज है और जो घटनाएं हुई हैं वह योजनागत अपराध के तहत है, जिस पर सरकार कड़ी करवाई कर रही है।' हॉस्पिटल में जिसकी हत्या हुई, वह खुद हत्या के मामले में जेल में बंद था और फिलहाल पैरोल पर बाहर आया था। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस वारदात में विरोधी गैंग शामिल हो सकता है। इसका मतलब कि राज्य में संगठित अपराध फिर सिर उठा रहा है। इसी महीने, 4 जुलाई को बिहार के बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या हुई थी और उसमें भी भाड़े के शूटर्स का इस्तेमाल किया गया था। ऐसी हत्याएं बार-बार हो रही हैं, यह सिलसिला कहीं रुकता नहीं दिख रहा। पक्ष एवं विपक्ष के राजनीतिक दल एवं नेता चाहे जो बयान दें, लेकिन बिहार में अपराध तो बढ़ ही रहे हैं, आमजनता में भय एवं असुरक्षा व्याप्त है। हाल ही में राजधानी पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, और गया जैसे प्रमुख शहरों में हुई हत्या और डकैती की घटनाएं न केवल भयावह हैं, बल्कि यह भी दिखाती हैं कि अपराधी अब पुलिस और प्रशासन से नहीं डरते और पुलिस का अपराधियों पर नियंत्रण खत्म होता जा रहा है। सड़क पर चल रहे आम लोगों को दिनदहाड़े गोली मार दी जाती है, व्यापारियों से रंगदारी मांगी जाती है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि बिहार भले अपराध में कई दूसरे राज्यों से पीछे दिखता हो, लेकिन सच यही है कि आंकड़े पूरी कहानी नहीं बताते। राज्य में ये अपराध तब हो रहे हैं, जब पूरा फोकस क्राइम कंट्रोल पर है। बिहार में पिछले तीन वर्षों में अपराध दर में निरंतर वृद्धि हुई है। हत्या, बलात्कार, अपहरण, और लूट जैसे संगीन अपराधों में राज्य शीर्ष स्थानों में शामिल हो गया है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि चुनावी राजनीति में एक बड़ा मुद्दा बनकर उभर रही है। एक समय था जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर उल्लेखनीय सुधार किए थे। लालू-राबड़ी शासन के समय जिसे जंगलराज कहा जाता था, उसके मुकाबले एक उम्मीद जगी थी कि बिहार अब विकास, सुरक्षा और शांति की राह पर है। लेकिन वर्तमान परिदृश्य में जनता फिर से असुरक्षा, भय और अराजकता के वातावरण में जीने को मजबूर है। इन स्थितियों में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब सरकार के पास प्रशासनिक अनुभव है, गठबंधन के रूप में राजनीतिक ताकत है, तो फिर अपराधियों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है?

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आपकी बात

ललित गर्ग

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले दल ने 19,500 फीट पर किए दर्शन

एजेंसी। देहरादून। 19,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित कैलाश पर्वत के मानसरोवर यात्रा के पहले दल ने आज भगवान शिव के दर्शन किए। कैलाश की पहली झलक से श्रद्धालुओं की आंखों से अश्रु बह निकले और वे 'हर-हर महादेव' के उद्घोष करने लगे। इस दल में देश के 11 राज्यों से आए कुल 49 श्रद्धालु शामिल हैं। यात्रा की शुरुआत दिल्ली से हुई, जो पिथौरागढ़, गूंजी और लिपुलेख होते हुए चीन के तकलाकोट तक पहुंची। दर्शन के बाद यात्री आज भारत लौट आएंगे और अपनी यात्रा के फोटो भी साझा किए। यात्री नरेंद्र ने बताया कि यात्रा भले ही कठिन रही, लेकिन हर कदम पर भगवान शिव की ओर बढ़ना सुखद अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि डोल्मा पास की चढ़ाई बेहद चुनौतीपूर्ण थी, कईयों को थकान और ऑक्सीजन की कमी हुई, लेकिन भक्ति और आस्था ने उन्हें हिम्मत दी। यात्री ऊं नमः शिवाय का जप करते हुए आगे बढ़ते रहे।

प्रधानमंत्री ने मोतिहारी में 7,200 करोड़ से अधिक की विकास परियोजाओं का किया उद्घाटन, शिलान्यास

बिहार को कांग्रेस-राजद की बुरी नीयत से बचाने की जरूरत: मोदी

नई दिल्ली। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के मोतिहारी में आज एक कार्यक्रम के दौरान 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राज्य अब तेजी से विकास कर रहा है और माओवाद समाप्ति की ओर है। वहीं केन्द्र और राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को बिहार में ही रोजगार देने के लिए मिलकर काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने इस नारे को दोहराया, "बनाएंगे नया बिहार फिर एक बार एनडीए सरकार।" राज्य के मुख्य विपक्षी दलों कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को पिछड़ा विरोधी बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन पार्टियों ने अपने परिवार के बाहर किसी को सम्मान नहीं दिया। उन्होंने कहा, "इन लोगों का अहंकार आज पूरा बिहार देख रहा है। हमें बिहार को इनकी बुरी नीयत से बचाकर रखना है।" प्रधानमंत्री ने रेल, सड़क, मत्स्य पालन, आईटी और ग्रामीण विकास क्षेत्रों की परियोजनाओं की शुरुआत की। उन्होंने चंपारण को ऐतिहासिक धरती बताते हुए कहा कि यह धरती अब बिहार के नए भविष्य को बनाने में प्रेरित करेगी। इस दौरान विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने बिहार के तेजी से हो रहे विकास और माओवाद के खत्म हो रहे प्रभाव का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि चंपारण, गया, औरंगाबाद, जमुई जैसे जिलों में कभी माओवाद का अंधकार था, अब वहां के नौजवान बड़े सपने देख रहे हैं। माओवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। उन्होंने बिहार के युवाओं को राज्य में ही रोजगार देने की प्रतिबद्धता जताई और कहा कि नीतीश सरकार ने पारदर्शिता के साथ लाखों युवाओं को नौकरी दी है। केंद्र सरकार भी इसमें पूरा सहयोग दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज बिहार आगे बढ़ रहा है, जिसके पीछे महिलाओं की बड़ी भूमिका है। उन्होंने राजग सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक घर बनाए गए हैं, जिनमें से 60 लाख बिहार में हैं। अकेले मोतिहारी में 3 लाख से अधिक पक्के घर दिए गए हैं।

बंगाल में पीएम मोदी ने 5000 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में 5000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक इस्पात नगरी होने के नाते, दुर्गापुर भारत की जनशक्ति का केंद्र भी है। देश के विकास में दुर्गापुर की महत्वपूर्ण भूमिका है। ये विकास परियोजनाएं कनेक्टिविटी बढ़ाएंगी और इस्पात नगरी की पहचान को मजबूत करेंगी। मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में विकसित भारत के संकल्प की चर्चा है। इसके पीछे भारत में दिख रहे वो बदलाव हैं जिन पर विकसित भारत की इमारत का निर्माण हो रहा है। इन बदलावों का एक बड़ा पहलू भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर है। मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए बहुत काम किया गया है। पश्चिम बंगाल देश के उन राज्यों में से एक है जहाँ वंदे भारत ट्रेनें बड़ी संख्या में चलाई जा रही हैं। कोलकाता मेट्रो का विस्तार किया जा रहा है। रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

- विकसित भारत को लेकर दुनिया भर में चर्चा : पीएम
- देश के विकास में दुर्गापुर की महत्वपूर्ण भूमिका है
- आज पूरी दुनिया में विकसित भारत के संकल्प की चर्चा है

तबलीगी जमात से जुड़े 70 लोगों को बड़ी राहत

एचसी ने खारिज किए कोविड के दौरान दर्ज सभी मामले

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को 70 भारतीय नागरिकों के खिलाफ दर्ज 16 मामलों को रद्द कर दिया, जिन पर 2020 में कोविड-19 प्रकोप के दौरान अपने घरों या मस्जिदों में तब्लीगी जमात के उपस्थित लोगों को आश्रय देने का आरोप था। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने फैसला सुनाते हुए कहा कि आरोपपत्र रद्द किए जाते हैं।" फैसले की विस्तृत प्रति का इंतज़ार है। दिल्ली पुलिस ने शुरू में भारतीय नागरिकों पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए थे, जिनमें आपराधिक षड्यंत्र, महामारी रोग अधिनियम, आपदा प्रबंधन अधिनियम और विदेशी अधिनियम शामिल थे। पुलिसकर्मियों ने 195 विदेशी नागरिकों के नाम भी दर्ज किए थे। ज़्यादातर विदेशी नागरिकों के ख़िलाफ़ न तो आरोपपत्र दाखिल किया गया और न ही निचली अदालत ने दोहरे खतरे के सिद्धांत के आधार पर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार किया। इन व्यक्तियों ने 2021 में दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उनका कहना था कि निषेधाज्ञा केवल धार्मिक सभाओं और समारोहों पर रोक लगाती है और इनमें केवल उपस्थित लोगों को आश्रय प्रदान किया गया है। उन्होंने आगे दावा किया था कि एफआईआर अनुचित, मनगढ़ंत और कानूनन असमर्थनीय हैं और उन्हें अनुचित और निराधार आरोपों का सामना करने के लिए मजबूर किया गया है।

कविंदर गुप्ता ने लद्दाख के नए उपराज्यपाल पद की शपथ ली

लद्दाख। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के नए उपराज्यपाल के रूप में शुक्रवार को कविंदर गुप्ता ने शपथ ली। राज निवास में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अरुण पल्ली ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य सचिव पवन कोतवाल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से गुप्ता की नियुक्ति का वारंट पढ़ा। वह केंद्र शासित प्रदेश के तीसरे उपराज्यपाल हैं और ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा का स्थान लिया है, जिन्होंने 19 फरवरी, 2024 को केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल का पदभार संभाला था। मिश्रा ने आरके माथुर का स्थान लिया था। जम्मू और कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किये जाने पर 2019 में उन्हें लद्दाख के पहले उपराज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया था। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोमवार को कविंदर गुप्ता को लद्दाख का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया था। भाजपा के वरिष्ठ नेता कविंदर गुप्ता ने अतीत में सरकार और अपनी पार्टी दोनों में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। वह 2018 में भाजपा-पीडीपी सरकार के दौरान 51 दिनों के लिए जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री रहे। जब भाजपा ने महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया, तो उन्होंने पद छोड़ दिया। जम्मू शहर के जानीपुर इलाके के रखने वाले 66 वर्षीय गुप्ता 2005 से 2010 तक लगातार तीन बार जम्मू के मेयर भी रह चुके हैं।

बिहार में 2005 से पहले कोई काम नहीं होता था : नीतीश

एजेंसी। पटना

बिहार के पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी में शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू-राबड़ी के शासनकाल की याद दिलाते हुए कहा कि पहले क्या हाल था, आप सभी जानते हैं। 2005 से पहले यहां कोई काम नहीं होता था।

मुख्यमंत्री नीतीश ने आज प्रधानमंत्री की मोतिहारी जनसभा में अपने संबोधन में कहा कि जब नवम्बर 2005 में भाजपा और जदयू की सरकार बनी, तब से लेकर 20 साल से हम काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की तरफ से लोगों के हित में बिहार में बहुत काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सात निश्चय-2 के तहत युवाओं को 10 लाख सरकारी नौकरी और 29 लाख लोगों को रोजगार दिया गया है। अब अगले 5 साल में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देंगे। नीतीश ने कहा कि पहले वे लोग (लालू-राबड़ी) कुछ भी पैसा नहीं लगाते थे। हमलोग धीरे-धीरे विकास के लिए पैसा बढ़ाते गए। हम सब काम कर रहे हैं।

125 यूनिट बिजली मुफ्त का प्रस्ताव आज ही कैबिनेट

उन्होंने केंद्र सरकार की सराहना करते हुए कहा कि बहुत काम किया गया है। सभी क्षेत्रों में तेजी से काम हो रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य पर बहुत काम हुआ है। पुल-पुलिया, सात निश्चय, हर घर बिजली, शौचालय, टोलों को पक्की सड़क से जोड़ने का काम किया गया है।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने बिहार में 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का ऐलान किया है। इसका प्रस्ताव आज ही कैबिनेट में पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पर हमने आपस में बात कर ली है।

न्यूज़ बॉक्स

मराठा युवाओं को बांट दिए आदिवासी प्रमाण पत्र

नई दिल्ली। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कुछ दिन पहले दिव्यांगजन आयुक्त को सीधे विधानसभा से निलंबित कर दिया था। विधायकों के फोन न उठाने और एक शैक्षणिक संस्थान के बारे में लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न करने के आरोप में उन पर यह कार्रवाई की गई थी। अब आदिवासी विभाग की उपायुक्त संगीता चव्हाण को निलंबित कर दिया गया है। संगीता चव्हाण ने मराठा समुदाय के युवाओं को आदिवासी प्रमाण पत्र दिए थे, जिसके कारण आदिवासी विकास मंत्री अशोक उइके ने उन्हें निलंबित करने की कार्रवाई की और सत्र में इसकी घोषणा भी की गई। इस बीच, उपायुक्त संगीता चव्हाण ने निलंबन की इस कार्रवाई के बाद मीडिया से बात करने से इनकार कर दिया है।

दिल्ली के बाद अब बेंगलुरु के 40 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी, जांच शुरू

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के 40 से अधिक निजी स्कूलों को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ये धमकी ईमेल के जरिए मिली है। जानकारी के अनुसार, बेंगलुरु के जिन 40 से अधिक स्कूलों को धमकी मिली है, उनमें आरआर नगर, केंगेरी और अन्य इलाकों के स्कूल शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और बम निरोधक दस्ते की टीम मौके पर पहुंची और स्कूल परिसरों की तलाशी शुरू की। अभी तक किसी भी स्कूल में विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है, लेकिन जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ये धमकी भरे ईमेल शुक्रवार सुबह भेजे गए हैं। बेंगलुरु पुलिस ने तुरंत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए और बम निरोधक दस्तों के साथ मिलकर सभी प्रभावित स्कूलों की जांच शुरू की।

महाराष्ट्र सरकार ने इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर किया

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की कि सांगली ज़िले के इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर कर दिया गया है। यह घोषणा राज्य विधानसभा में मानसून सत्र के अंतिम दिन की गई। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने विधानसभा को बताया कि गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कैबिनेट के इस फैसले को मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को भेजेगी। यह कदम हिंदूवादी संगठन शिव प्रतिष्ठान द्वारा सांगली कलेक्टरेट को एक ज्ञापन भेजकर इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर करने की मांग के बाद उठाया गया है। शिव प्रतिष्ठान का नेतृत्व संभाजी भिड़े कर रहे हैं, जिनके समर्थकों ने कहा है कि जब तक उनकी माँग पूरी नहीं हो जाती, वे चैन से नहीं बैठेंगे। इस्लामपुर के एक शिवसेना नेता ने बताया कि नाम बदलने की माँग 1986 से चली आ रही है। इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर हिंदू, बौद्ध और सिख धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म के व्यक्ति ने अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र हासिल किया है, तो उसे रद्द कर दिया जाएगा।

पंजाब में मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत अब तक 22 हजार तस्कर गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब में मादक पदार्थों के खिलाफ जारी राज्य-व्यापी अभियान के तहत अब तक 22 हजार से ज्यादा तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। युद्ध नशियां विरुद्ध अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को 113 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 1.5 किलोग्राम हेरोइन, 5 किलोग्राम अफीम और 31,237 नशीली गोलियां बरामद कीं। इस हालिया गिरफ्तारी के बाद, 138 दिनों से जारी अभियान के तहत गिरफ्तारियों की संख्या 22,377 तक पहुंच गई है। विशेष डीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने बताया कि 93 राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी में 1300 से ज्यादा कर्मियों वाले 180 से अधिक पुलिस दलों ने बृहस्पतिवार को 433 ठिकानों पर छापे मारे। शुक्ला ने बताया कि इस कार्रवाई के तहत राज्य भर में 81 प्राथमिकियां दर्ज की गईं।

टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित करना भारत की बड़ी जीतः रक्षा विशेषज्ञ

ग्रेटर नोएडा। अमेरिका की ओर से द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को आतंकी संगठन घोषित करने पर रक्षा विशेषज्ञों ने इसे भारत की जीत बताई है। रक्षा विशेषज्ञ संजय कुलकर्णी ने शुक्रवार को आईएएनएस से बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिका की घोषणा भारत की एक बड़ी जीत है। अमेरिका ने टीआरएफ को एक आतंकवादी संगठन घोषित किया है। इसी टीआरएफ ने शुरुआत में पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी और बाद में खुद को इससे अलग करने की कोशिश की थी। अमेरिका ने इसे आतंकी संगठन घोषित किया है। यह साफ दर्शाता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का सौदागर है। वह अपने यहां आतंकियों को पनाह देता है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पहलगाम का बदला लिया और आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, क्योंकि पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान का ही हाथ था।

आज का राशिफल

मेष : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी।

वृष : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

मिथुन : आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी।

कर्क : उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

सिंह : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

कन्या : घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा।

तुला : संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है।

वृश्चिक : अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

धनु : कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

मकर : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे।

कुंभ : बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

मीन : व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

केएफसी आउटलेट बंद कराने पर पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की

एजेंसी। गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में केएफसी आउटलेट को बंद कराने के मामले में बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस ने इस मामले में करीब 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सावन महीने में नॉनवेज बेचने का आरोप लगाते हुए कुछ युवकों ने गुरुवार को केएफसी आउटलेट को कथित तौर पर जबरन बंद करा दिया था।

शिकायत के अनुसार, इंदिरापुरम के वसुंधरा सेक्टर-11 में गुरुवार को 'हिंदू रक्षा दल' के कुछ कार्यकर्ता कथित तौर पर केएफसी आउटलेट में जबरन घुस गए। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि सावन महीने में केएफसी आउटलेट में कथित तौर पर नॉनवेज बेचा जा रहा था।

प्रदर्शनकारियों ने 'सावन में मीट नहीं बेचने देंगे' नारे लगाते हुए केएफसी आउटलेट को बंद करा दिया। इन कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर कर्मचारियों को भी धमकाया था। हालांकि, बाद में नारेबाजी करते हुए यह प्रदर्शनकारी सड़क पर पहुंच गए थे। आरोप है कि प्रदर्शन के चलते क्षेत्र में राहगीरों और आम जनता को असुविधा का सामना करना पड़ा और कुछ समय के लिए ट्रैफिक जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो गई। घटना की सूचना उपनिरीक्षक अंकुर सिंह राठौर की ओर से दर्ज कराई गई।

स्वर्ण मंदिर को थ्रेट मेल मामला तमिलनाडु से दो संदिग्ध गिरफ्तार

एजेंसी। अमृतसर

पंजाब के अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह गिरफ्तारी तमिलनाडु से की गई है। इन संदिग्धों को पूछताछ के लिए अमृतसर लाया जा रहा है। पुलिस जल्द ही इस मामले में आगे की जानकारी साझा कर सकती है।पंजाब के अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया। 14 जुलाई से अब तक करीब पांच धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए हैं। इनमें से कुछ ईमेल में कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी धमकाया गया। इन तमाम धमकियों के बीच सांसद गुरजीत सिंह औजला शुक्रवार को स्वर्ण मंदिर पहुंचे और मत्था टेका। उन्होंने कहा कि स्वर्ण मंदिर सिख समुदाय का सबसे पवित्र स्थल है, जहां देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु आते हैं। ऐसे पवित्र स्थान को धमकी देना न केवल आस्था पर

हमला है, बल्कि यह शांति और मानवता के खिलाफ अपराध है। औजला ने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि स्वर्ण मंदिर की सुरक्षा के लिए स्थायी और प्रभावी उपाय किए जाएं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की धमकियों को रोका जा सके।

कांवड़ यात्रियों को बदनाम किया जा रहा : सीएम योगी

एजेंसी। वाराणसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांवड़ यात्री पूरी श्रद्धा और भक्ति भावना से यात्रा करते हैं, लेकिन कुछ लोग उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें उपद्रवी और आतंकवादी तक बोला जाता है। यह मानसिकता हर प्रकार से भारत की विरासत और आस्था को अपमानित करने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के अन्तिम दिन शुक्रवार को यहां राजघाट स्थित वसंता महिला महाविद्यालय में आयोजित 'बिरसा मुंडा की विरासत, आदिवासी सशक्तीकरण और राष्ट्रीय आंदोलन' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था।

ऐसे लोग बातों से नहीं मानते

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन का महीना चल रहा है। इससे पहले मुहर्रम था, हमने नियम बना दिये थे कि ताज़िये की लंबाई सीमित रखें। इससे बिजली,पेड़ की टहनी को नुकसान पहुंचता था। मुहर्रम पर नियम नहीं मानने पर जौनपुर में घटना हो गई । ताजिया को इतना ऊंचा किया कि हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर तीन लोग मारे गए। बाद में उपद्रव हुआ, तो मैंने कहा लाठी मारो इनको, बातों से नही मानेंगे। इसका किसी ने विरोध नही किया।

मुख्यमंत्री योगी ने कांवड़ यात्रा को बदनाम करने और जातीय संघर्ष को हवा देने वालों को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाकर जातीय संघर्ष फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि इस बारे में समाज को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कांवड़ यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा, "आज कांवड़ यात्री अपनी भक्ति भावना से 200, 300, 400 किलोमीटर तक कांवड़ उठाकर हर-हर बम बोलते हुए चले जाते हैं, लेकिन उनका भी मीडिया ट्रायल होता है। उन्हें उपद्रवी और आतंकवादी तक बोला जाता है।

संयुक्त राष्ट्र: भारत ने 'पैक्ट फॉर द फ्यूचर' को लेकर जताई प्रतिबद्धता

न्यूयॉर्क (आईएएनएस)

भारत ने 'भविष्य के लिए संधि' (पैक्ट फॉर द फ्यूचर) और इससे जुड़े दस्तावेजों- ग्लोबल डिजिटल कॉम्पैक्ट (जीडीसी) तथा भविष्य की पीढ़ियों पर घोषणापत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। यह बयान तीसरे अनौपचारिक संवाद के दौरान दिया गया, जो इस समझौते की समीक्षा के लिए आयोजित किया गया था। भारत ने इस पहल को वैश्विक समुदाय के उभरती और दीर्घकालिक चुनौतियों से निपटने के सामूहिक प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। भारत ने समावेशी और दूरदर्शी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर जोर दिया। गुरुवार को आयोजित इस अनौपचारिक संवाद का उद्देश्य सदस्य देशों को एक मंच देना था, जहां वे अपने विचार साझा कर सकें और अनुभवों का आदान-प्रदान कर सकें। यह चर्चा 2028 तक 'भविष्य के लिए संधि' (पैक्ट फॉर द फ्यूचर) को ध्यान में रखकर की गई। 22 सितंबर 2024 को शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं ने 'भविष्य के लिए संधि' और इसके साथ जुड़े दस्तावेज-ग्लोबल डिजिटल कॉम्पैक्ट और भविष्य की पीढ़ियों पर घोषणापत्र-को अपनाया था। यह ऐतिहासिक समझौता वर्षों की समावेशी बातचीत और सहयोग का परिणाम है, जिसका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग को आधुनिक बनाना और आज की वास्तविकताओं का सामना करने के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होना है। भारत के संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने सत्र को संबोधित करते हुए कहा, "भारत का मानना है कि 2028 की समीक्षा परिणाम आधारित और भविष्य

भारत ने तेज़ प्रयासों की मांग की : भारत ने सदस्य देशों से वास्तविक सुधारों के लिए प्रयास तेज़ करने का आह्वान किया।

स्थिति बनाए रखने की कोशिशों का विरोध जरूरी : हरीश ने कहा कि उन देशों का विरोध किया जाना चाहिए जो यूएन में कोई बदलाव नहीं चाहते।

ठोस मसौदे पर बातचीत की जरूरत : भारत ने जल्द से जल्द किसी ठोस मसौदे पर बातचीत शुरू करने की आवश्यकता जताई।

रणनीतिक समन्वय का समर्थन : भारत ने कहा कि प्रभाव को अधिकतम करने और दोहराव से बचने के लिए रणनीतिक समन्वय आवश्यक है।

की ओर देखने वाली होनी चाहिए। हमें विशेष रूप से महत्वपूर्ण सुधार क्षेत्रों, जैसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना सुधार पर ध्यान देना चाहिए, जहां प्रगति अपर्याप्त रही है। उन्होंने कहा, "सुरक्षा परिषद सुधारों के संबंध में अधिकांश देश इस बात पर सहमत हैं कि परिषद को वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को दर्शाना चाहिए। इससे परिषद की विश्वसनीयता, वैधता और प्रभावशीलता बढ़ेगी। 79वें सत्र के दौरान इंटरगवर्नमेंटल नेगोशिएशन (आईजीएन) बिना किसी ठोस प्रगति के समाप्त हो गया। ऐसे में सदस्य देशों को वास्तविक सुधारों के लिए अपने प्रयास और तेज करने होंगे। साथ ही उन देशों के प्रयासों का विरोध करना होगा जो स्थिति को जस का तस बनाए रखना चाहते हैं। अब जरूरी है कि जल्द से जल्द एक ठोस मसौदे पर बातचीत शुरू की जाए।

हरीश ने जोर देकर कहा कि भारत प्रभाव को अधिकतम करने और दोहराव से बचने के लिए रणनीतिक समन्वय का दृढ़ता से समर्थन करता है। उन्होंने कहा, "आदर्श रूप से, यूएन@80 के लक्ष्यों को 'भविष्य के लिए संधि' के ढांचे का हिस्सा बनाया जाना चाहिए था और इन्हें पिछले साल सदस्य देशों के बीच हुई बातचीत में शामिल किया जाना चाहिए था। हालांकि, अब आगे बढ़ते हुए हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पैक्ट का कार्यान्वयन और समीक्षा यूएन@80 पहल के अनुरूप हो। भारत ने कहा कि 2028 में होने वाली पैक्ट की समीक्षा को 2027 के एसडीजी शिखर सम्मेलन के परिणामों के साथ जोड़ा जाना चाहिए, ताकि सतत विकास की प्रगति पर एक एकीकृत नरैटिव बनाया जा सके। राजदूत हरीश ने कहा, "हमें क्षेत्रीय समीक्षाओं, जैसे चौथे अंतरराष्ट्रीय वित्तपोषण सम्मेलन, विश्व सामाजिक शिखर सम्मेलन, डब्ल्यूएसआईएस प्लस 20 समीक्षा और शांति निर्माण संरचना समीक्षा सहित क्षेत्रीय समीक्षाओं पर भी काम करना चाहिए। साथ ही हाई-लेवल पॉलिटिकल फोरम और ईसीओएसओसी जैसे मौजूदा तंत्रों का भी लाभ उठाना चाहिए।

पहलगाम आतंकी हमला

अमेरिका ने लश्कर के प्रॉक्सी संगठन टीआरएफ को 'विदेशी आतंकी संगठन' घोषित किया

नई दिल्ली । एजेंसी

आतंकवाद के खिलाफ भारत की इंटरनेशल मुहिम को बड़ी कामयाबी मिली है। अमेरिका ने पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार पाकिस्तान समर्थित 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने लश्कर-ए-तैयबा के प्रॉक्सी संगठन TRF को विदेशी आतंकवादी संगठन और Specially Designated Global Terrorist की लिस्ट में शामिल किया है। आपको बता दें कि TRF ने बीते अप्रैल महीने में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हमले में 26 सैलानियों की हत्या की ज़िम्मेदारी ली थी।

लश्कर का मुखौटा संगठन है टीआरएफ : अमेरिका ने ये भी माना कि टीआरएफ लश्कर ए तैयबा का ही मुखौटा संगठन है जिसे यूएन पहले ही आतंकवादी संगठन घोषित कर उस पर बैन लगा चुका है। 22 अप्रैल को पहलगाम में हमले के बाद टीआरएफ ने ही जिम्मेदारी ली थी। ये लश्कर का मुखौटा संगठन है जो कि जम्मू-कश्मीर में आतंकी वारदातों को अंजाम देता है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने ये जानकारी दी है।

अमेरिका ने और क्या बताया : अमेरिकी विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि टीआरएफ को आतंकवादी संगठन घोषित किया जाना हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा करने, आतंकवाद का मुकाबला करने और पहलगाम हमले के लिए इंसाफ के प्रति ट्रंप प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। टीआरएफ ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसे अमेरिकी अधिकारियों ने लश्कर-ए-तैयबा द्वारा 2008 में किए गए मुंबई हमलों के बाद भारत में नागरिकों पर सबसे घातक आतंकवादी हमला बताया था। इस संगठन ने भारतीय सुरक्षा बलों के खिलाफ कई हमलों की जिम्मेदारी भी ली है, जिसमें हाल ही में 2024 में हुआ हमला भी शामिल है।

टीआरएफ की मुश्किलें कैसे बढ़ेंगी?

1. टीआरएफ के आतंकियों के खिलाफ और कड़े एक्शन होंगे
2. टीआरएफ के आतंकियों पर कड़े वित्तीय प्रतिबंध लागू होंगे
3. टीआरएफ से जुड़े लोगों पर यात्रा प्रतिबंध भी लगेगा
4. टीआरएफ के खिलाफ आतंक-रोधी मुहिम तेज होगी

हाफिज सईद पर पहले भी हो चुका एक्शन

आपको बता दें कि ये पहला मौका नहीं है जब अमेरिका ने आतंकी हाफिज सईद के संगठनों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। इससे पहले साल 2008 में मुंबई हमले के लिए जिम्मेदार हाफिज सईद के आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा पर बैन लगा चुका है। उसके बाद हाफिज ने जमात उद दावा बनाया। उसे भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकी संगठन घोषित किया जा चुका है। और अब हाफिज के दूसरे मुखौटा संगठन टीआरएफ को भी आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया गया है।

जल्द ही लागू होगा 'कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी- 3' : नितिन गडकरी

- **उद्देश्य है देश की कच्चे तेल पर निर्भरता कम करना और वाहनों से होने वाले प्रदूषण को घटाना**

ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि जल्द ही फ्यूल एफिशिएंसी से जुड़े नए नियम कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी- 3 लागू होने जा रहा है। इन नए नियमों का उद्देश्य न केवल इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना है, बल्कि उन फ्लेक्स फ्यूल कारों को भी प्रोत्साहित करना है जो इथेनॉल मिलाकर चलती हैं। इसका मुख्य उद्देश्य देश की कच्चे तेल पर निर्भरता को कम करना, वाहनों से होने वाले प्रदूषण को घटाना व घरेलू स्तर पर बनने वाले इथेनॉल के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी नियमों के तहत, कार कंपनियों के पूरे साल में बेचे गए यात्री वाहनों का एवरेज कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन तय सीमा में रहना जरूरी होता है। ये नियम कंपनियों को ज्यादा फ्यूल एफिशिएंट गाड़ियां बनाने के लिए मजबूर करते हैं। फिलहाल कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी- 2 नियम लागू हैं, जो मार्च 2027 तक मान्य रहेंगे। इसके बाद अप्रैल 2027 से नए कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी- 3 नियम लागू होंगे। अब तक लागू कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी नियम इलेक्ट्रिक वाहनों के पक्ष में झुके हुए थे। लेकिन गडकरी ने साफ किया कि नए कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी- 3 नियम इलेक्ट्रिक व फ्लेक्स फ्यूल इंजन दोनों को समान रूप से बढ़ावा देंगे। उन्होंने कहा, "पुराने नियम इलेक्ट्रिक वाहन को केंद्र में रखते थे, लेकिन नए नियम संतुलन बनाएंगे।" बता दें कि फ्लेक्स फ्यूल का मतलब होता है - पेट्रोल और इथेनॉल के मिश्रण से बना ईंधन। भारत में फिलहाल ई-20 ईंधन (20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण) उपलब्ध है। कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी-3 ड्राफ्ट को अंतिम रूप देने के लिए सड़क परिवहन मंत्रालय, बिजली मंत्रालय व प्रधानमंत्री के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार के बीच उच्च स्तरीय बैठक बुधवार को हो चुकी है। इसके अलावा, इस महीने की शुरुआत में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से भी चर्चा की गई थी। एक अहम मुद्दा यह है कि क्या बड़ी और छोटी कारों के लिए अलग-अलग नियम बनाए जाएं या नहीं, इस पर भी विचार चल रहा है। हालांकि, रिपोर्ट के मुताबिक, गडकरी ने यह स्पष्ट कर दिया कि देशहित को किसी लॉबी के दबाव में नहीं आने दिया जाएगा। उन्होंने कहा, "प्रदूषण, लागत, आयात व कृषि के फायदे को ध्यान में रखते हुए हमें देश के हित में ही फैसला लेना है।" मौजूदा कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी-2 नियमों के तहत, 3,500 किलोग्राम से कम वजन वाले सभी यात्री वाहनों, चाहे वो पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, हाइब्रिड या इलेक्ट्रिक हों, का एवरेज CO2 उत्सर्जन 113 ग्राम प्रति किलोमीटर से ज्यादा नहीं होना चाहिए। यह औसत किसी एक मॉडल पर नहीं बल्कि कंपनी की पूरी गाड़ियों की बिक्री पर लागू होता है। इथेनॉल की कैलोरी वैल्यू पेट्रोल से कम होती है, यानी बराबर दूरी तय करने में ज्यादा ईंधन खर्च होता है, जिससे CO2 उत्सर्जन बढ़ सकता है। हालांकि इससे पेट्रोल पर निर्भरता कम होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार रूस की उस तकनीक का परीक्षण कर रही है जिससे इथेनॉल की ऊर्जा क्षमता बढ़ाई जा सके और वह पेट्रोल जितना असरदार बन सके। सरकार का दीर्घकालिक लक्ष्य है कि 100 प्रतिशत इथेनॉल से चलने वाली कारें हकीकत बनें। गडकरी ने बताया कि भारत अब यूरो VI स्तर के उत्सर्जन मानकों की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2020 में बीएस-VI मानक लागू करने में भी शुरू में विरोध हुआ था। लेकिन भारत अब विश्व के सबसे कड़े उत्सर्जन मानक वाले देशों में शामिल हो चुका है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पुराने पेट्रोल और डीजल वाहनों पर लगे प्रतिबंध को लेकर गडकरी ने कहा कि यह मुद्दा कानूनी रूप से सुलझाया जाना चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि पुराने वाहनों को सीएनजी में बदलना आर्थिक रूप से बेहतर विकल्प हो सकता है।

जापान के 'डिफेंस वाइट पेपर' पर भड़का उत्तर कोरिया, 'युद्ध की तैयारी' का लगाया आरोप

सोल (आईएएनएस)। उत्तर कोरिया ने जापान के 'डिफेंस वाइट पेपर' पर सख्त ऐतराज जताया है। दरअसल, इस रक्षा रिपोर्ट में उत्तर कोरिया को 'खतरा' बताया गया है। बिफरे विदेश मंत्रालय ने इसे 'युद्ध की तैयारी' और आक्रामक इरादों वाला कदम करार दिया है। उत्तर कोरिया ने जापान पर आरोप लगाया कि वह खुद को एक सैन्य ताकत बनाने की कोशिश को छुपाने के लिए ऐसा कर रहा है। नॉर्थ कोरियाई विदेश मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले द इंस्टीट्यूट फॉर जापान स्टडीज ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के जरिए बयान जारी कर जापान के रक्षा श्वेत पत्र (डिफेंस वाइट पेपर) की निंदा की। ये श्वेत पत्र तीन दिन पहले जापान ने जारी किया था।

किम-जोंग का ड्रीम रिसॉर्ट रूसी पत्रकार की रिपोर्ट से बंद

11 साल में बनकर तैयार हुआ था

प्योंगयांग । उत्तर कोरिया ने अपने मशहूर वॉनसन-काल्मा बीच रिसॉर्ट को विदेशी पर्यटकों के लिए अचानक बंद कर दिया है। उत्तर कोरिया सरकार इस रिसॉर्ट के जरिए विदेशी टूरिस्ट्स को लुभाकर अपने फॉरेन करेंसी रिजर्व को बढ़ाना चाहती थी। यह रिसॉर्ट को नार्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन का ड्रीम प्रोजेक्ट था। अब इसके अचानक बंद होने से कई सवाल खड़े हो गए हैं। वॉनसन-काल्मा बीच रिसॉर्ट उत्तर कोरिया के पूर्वी तट पर बसा एक शानदार टूरिस्ट स्पॉट है। इसे 2014 में बनाना शुरू किया गया था। यह उत्तर कोरिया का 'हवाई' कहा जाता था। इसे 24 जून को लोकल टूरिस्ट्स के लिए खोला गया था।

वियतनाम ने अफ्रीकी स्वाइन फीवर को रोकने के लिए निर्देश जारी किया

हनोई (आईएएनएस)

वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चीन्ह ने अफ्रीकी स्वाइन फीवर (एएसएफ) को नियंत्रित करने के लिए मजबूत और समन्वित प्रयासों का आह्वान करते हुए एक निर्देश जारी किया है। स्थानीय दैनिक समाचार पत्र नहान दान (पीपुल) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कृषि एवं पर्यावरण मंत्रालय के

आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया कि 2025 की शुरुआत से देश के 34 में से 28 प्रांतों में 514 से अधिक अफ्रीकी स्वाइन फीवर (एएसएफ) के प्रकोप हुए हैं, जिसके कारण 30 हजार से अधिक सूअरों की मौत हो गई है या उन्हें मारने के लिए मजबूर होना पड़ा है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, निर्देश में स्थानीय अधिकारियों से कहा गया है कि वे बीमारी के प्रकोप को जल्दी पहचानें और खत्म करें, सख्ती से पशुओं को मारें और अवैध सुअर व्यापार व शव फेंकने की गतिविधियों को रोकें, जो वायरस फैला सकते हैं।

समाज में महिलाओं को रूढ़ियों से मुक्त किया जाना चाहिए : भागवत

ब्यूरो

नई दिल्ली। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सोलापुर में उद्योगवर्धिनी संगठन के

कार्यक्रम में कहा कि महिला सशक्तिकरण से ही देश का विकास संभव है। समाज में महिलाओं को पिछड़ी परंपराओं और रूढ़ियों से मुक्त किया जाना चाहिए, क्योंकि महिलाओं को पुरुषों के बराबर सभी योग्यताएं प्राप्त हैं। उन्होंने कहा- महिलाओं की स्वतंत्रता से पूरा समाज लाभान्वित होता है।मोहन भागवत ने कहा, 'महिलाएं किसी भी समाज का सबसे अहम हिस्सा होती हैं। पुरुष जीवन भर काम करता है, महिला भी जीवन भर काम करती है, लेकिन उससे आगे जाकर वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती है। बच्चों के मन और संस्कार मां के स्नेह में ही विकसित होते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल समाज के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के विकास के लिए अनिवार्य है। मोहन भागवत ने कहा, 'ईश्वर ने महिलाओं को एक अतिरिक्त विशेषता दी है, जिससे वे वह सब कर सकती हैं जो पुरुष नहीं कर पाते। साथ ही, उन्हें पुरुषों के जैसे सभी गुण भी दिए हैं। इसलिए वे पुरुषों के बराबर हर काम कर सकती हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि पुरुषों को यह सोचना कि वे महिलाओं को ऊपर उठाएंगे, यह एक अहंकार की बात है। 'ऐसा सोचने की कोई जरूरत नहीं है। महिलाओं को बस स्वतंत्र छोड़ देना चाहिए, उन्हें पिछड़ी परंपराओं से मुक्त करना चाहिए और उन्हें खुद को विकसित करने देना चाहिए। जब एक महिला आगे बढ़ती है, तो वह पूरे समाज को आगे ले जाती है।' इस कार्यक्रम के दौरान मोहन भागवत ने उद्योगवर्धिनी संस्था की तरफ से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों की भी सराहना की।

कहानी फिल्म जगत की

टीवी शो 'निमकी मुखिया' में महुआ के किरदार से अपने करियर की शुरुआत करने वाली सानिया अब हाल ही में रिलीज़ हुए आत्मीय संगीत वीडियो 'कर फ़ैसला' में एक नए रंग में नज़र आईं हैं। उनकी यह यात्रा न केवल सधी हुई अभिनय प्रतिभा को दर्शाती है।

मैं उन कहानियों में विश्वास करती हूं जो लोगों को छू जाएं : सानिया

अपनी शांत भाव-भंगिमा और लगातार उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ, अभिनेत्री सानिया नूरैन आज भारतीय मनोरंजन जगत में उभरते हुए चेहरों में से एक बनती जा रही हैं। टीवी शो 'निमकी मुखिया' में महुआ के किरदार से अपने करियर की शुरुआत करने वाली सानिया अब हाल ही में रिलीज़ हुए आत्मीय संगीत वीडियो 'कर फ़ैसला' में एक नए रंग में नज़र आईं हैं। उनकी यह यात्रा न केवल सधी हुई अभिनय प्रतिभा को दर्शाती है, बल्कि उनके चयनित किरदारों में गहराई और भावनात्मक पकड़ भी देखने को मिलती है। 'कर फ़ैसला' में सानिया के साथ नज़र आए जाने-माने पार्श्वगायक आमन त्रिखा, जिनके गाए गाने 'हुक्का बार' और 'प्रेम लीला' जैसी हिट्स रह चुके हैं। जहाँ त्रिखा की आवाज़ इस गाने की आत्मा को स्वर देती है, वहीं सानिया की अदायगी इसे एक अलग ही गहराई प्रदान करती है। उन्होंने केवल अभिनय नहीं किया-उन्होंने हर भावना को आत्मसात किया और उसे ईमानदारी से परदे पर उतारा। सानिया कहती हैं, "मैं उन कहानियों में विश्वास करती हूँ जो लोगों को भीतर तक छू जाती हैं। 'कर फ़ैसला' ने मुझे यह मौका दिया-बिना संवादों के दर्द, शक्ति और मौन को अभिव्यक्त करने का।

सानिया जल्द ही वेब सीरीज 'सरकारी दमाद' में नजर आएंगी

यह पहली बार नहीं है जब सानिया ने दर्शकों का दिल जीता हो। 'निमकी मुखिया' और इसके सीक्वल 'निमकी विधायक' में उन्होंने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई थी। यह शो सामाजिक मुद्दों पर आधारित था और 600 से अधिक एपिसोड तक चला-जो अपने आप में एक उपलब्धि है। महुआ का किरदार, जिसकी ईमानदारी और भावनात्मक गहराई दर्शकों के दिलों में उतर गई, सानिया के अभिनय की असली पहचान बना। अब सानिया जल्द ही नज़र आएंगी आगामी वेब सीरीज़ 'सरकारी दमाद' में, जिसमें नज़र आएंगे व्यंग्य, ड्रामा और मनोज तिवारी के गानों से सजा एक शानदार साउंडट्रैक।

राज्य सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था जर्जर : बाबूलाल

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। मरांडी ने शुक्रवार को कहा कि सड़क पर घायल व्यक्ति के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था कराने के बजाय स्वास्थ्य मंत्री ने उसे टेंपो में लादकर अस्पताल भेजा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अपनी पीठ खुद थपथपाने वाले स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग का बंटाधार कर दिया। उन्होंने कहा कि आए दिन ये खबरें आती हैं कि गरीबों, जरूरतमंदों को सरकारी एंबुलेंस नहीं मिल पाते। इससे अधिक शर्मनाक स्थिति और क्या हो सकती है?

नदी नाले की जमीन अतिक्रमण करने वालों की खैर नहीं

नवीन मेल संवाददाता

पंचशील नगर मामले में अब एलआरडीसी स्तर पर होनी है कारवाई

रांची। कहते हैं बकरे की मां कब तक खैर बनाएगी। नदी नाले की जमीन को अतिक्रमण कर लोग उसमें मकान दुकान बना लिए और पिछले कई वर्षों से रहते आ रहे हैं, उन्हें लगा कि उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं होगी और सरकारी गैरमजरूआ जमीन को हड़प लेंगे। नदी नाले की जमीन की अतिक्रमण की पोल नदी नाले ने स्वयं सबूत देकर अपना पक्ष उजागर किया है। बरसात के दिनों में बारिश होती है तो बंसी नगर चौक पानी में डूब जाता है और राष्ट्रीय राजमार्ग 35 राजधानी से कट जाता है। सारे महत्वपूर्ण कार्य और अच्छे इलाज राजधानी में होती है और राजधानी से यह रोड कट जाने के कारण मरीज से लेकर व्यापारी तक को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। वही अतिक्रमण स्थल के पीछे राधा नगर शांति नगर पानी में डूब जाता है और चौक के सामने हुए अतिक्रमण से सहदेव नगर पंचशील नगर की सड़कों में पांच फीट तक पानी भर जाता है और कई घरों के अंदर पानी घुस जाता है।

राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के लगातार प्रकाशित खबरों के कारण विभागीय सक्रियता बढ़ी है और डीसी मंजूनाथ भजंत्री स्वयं रात में अतिक्रमण स्थल का दौरा कर पदाधिकारी को मामले की जांच का निर्देश दिए थे। हेहल अंचल द्वारा अतिक्रमण करने वाले पांच लोगों को नोटिस दिए गए और जमीन की मापी के बाद पाया गया की सरकारी जमीन का अतिक्रमण हुआ है नाले की जमीन पर घर बना है। इसका रिपोर्ट बनाकर अंचल ने एलआरडीसी को भेज दिया है और जमाबंदी रद्द करने का प्रस्ताव रख दिया है।

अब एलआरडीसी स्तर पर कार्रवाई होनी बाकी है सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि नदी नालों के अतिक्रमण करने वालों की खैर नहीं है पांच अतिक्रमणकारियों की फाइल एलआरडीसी को पुट अप की जा रही है इसके बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। दोषी पाए जाने पर उन्हें अपने घर और दुकान स्वयं तोड़ने पड़ेंगे और अगर प्रशासन तोड़ती है तो उसका सारा खर्च प्रशासन अतिक्रमणकारियों से ही वसूल करेगी।

कोई सुपात्र सामाजिक सुरक्षा की योजना से वंचित न हो : उपायुक्त

- उपायुक्त ने रातू में प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण
- बिचौलियों पर सख्ती का दिया निर्देश, कहा- बिचौलिया गतिविधि पर होगी कड़ी कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय, रातू का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में सभी पदाधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने प्रखंड और अंचल का लॉग बुक, आगत निर्गत पंजी, सेवा पुस्तिका, रोकड़ पंजी, संचिका, जनशिकायत, पेंशन के अलावे अन्य जांच भी की। उपायुक्त भजंत्री ने कार्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित कर्मियों को परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि प्रखंड और अंचल कार्यालयों में बिचौलियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पदाधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि केवल वही व्यक्ति कार्यालय आएं, जिनका कार्य हो। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की बिचौलिया गतिविधि पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में मौजूद लोगों से उपायुक्त भजंत्री ने व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उनकी समस्याओं व कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही, उनकी ओर से संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने का निर्देश भी दिया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों को वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन सहित सभी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ हर हाल में मिलना चाहिए।

बेहतर व्यवस्था के लिए दिया निर्देश

उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रातू का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों, दवा वितरण केंद्र और आपातकालीन सेवाओं की बारीकी से समीक्षा की। उपायुक्त ने दवा वितरण केंद्र में उपलब्ध दवाओं की जानकारी ली और दवाओं की समय पर आपूर्ति एवं वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

साइबर ठगों के बड़े गिरोह का रांची पुलिस ने किया खुलासा

सरगना बिहार में बैठकर तनख्वाह देकर झारखंड में करवा रहा था ठगी

- जल्द ही सरगना को भी किया जायेगा गिरफ्तार : रांची पुलिस
- 90 एटीएम कार्ड बरामद, एटीएम के अवैध इस्तेमाल में एटीएमधारी भी शामिल या ठगी का हुए शिकार, पुलिस कर रही जांच
- क्रिकेट में सट्टेबाजी और ऑनलाइन गेमिंग में शामिल थे आरोपी

नवीन मेल संवाददाता

साइबर अपराधियों को देते थे सपोर्ट

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बरियातू थाना क्षेत्र के हाउसिंग कॉलोनी के रोड नंबर 2 में कुछ संदिग्ध लोग रुके हुए हैं। जिनका आचरण भी संदिग्ध है। सूचना की पुष्टि होने के बाद डीएसपी सदर के नेतृत्व में बरियातू थानेदार और उनकी टीम ने हाउसिंग कॉलोनी स्थित मकान में छापेमारी की, जहां मौके से एक साथ 14 ठग पकड़े गए। वहीं एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार सभी अपराधी ऑनलाइन तरीके से होने वाले कई जालसाजी के अपराध में शामिल थे। गिरफ्तार सभी अपराधी साइबर अपराधियों को सपोर्ट सिस्टम भी उपलब्ध करवाते थे। साइबर अपराधियों को ठगी के लिए फोन नंबर अकाउंट नंबर सहित पैसे निकालने के लिए एटीएम तक की व्यवस्था यह गिरोह करवाता था।

रांची। रांची पुलिस ने शुक्रवार को साइबर ठगों के बड़े गिरोह का खुलासा किया। डीआईजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर साइबर अपराधियों को सपोर्ट सिस्टम देने वाले एक बड़े गिरोह का खुलासा किया गया है। गिरोह के 14 सदस्यों को एक साथ रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दर्जनों एटीएम, मोबाइल और लैपटॉप बरामद किए गए हैं।

बरियातू थाना और एसएसपी की स्पेशल टीम ने रांची के बरियातू इलाके में छापेमारी कर 14 ठगों को गिरफ्तार किया। यह गिरोह क्रिकेट में सट्टेबाजी से लेकर कई तरह के ऑनलाइन गेमिंग में शामिल था। जिसके द्वारा लोगों से ठगी की जाती थी।

गिरफ्तार 14 अपराधी बिहार के रहने वाले हैं। पिछले डेढ़ महीने से सभी आरोपी बरियातू इलाके में किराए का मकान लेकर ठगी का कला कारोबार चला रहे थे। गिरफ्तार अपराधियों में केशव कुमार बिहार के छपरा, आलोक बलजीत, सुमित शिवहर, दिलीप कुमार, पंकज कुमार और विवेक कुमार सहरसा, लव कुमार, नीतिश कुमार, साजन कुमार और अंजन कुमार पूर्णिया, सुबोध कुमार और अरुण यादव सुपौल और रोशन कुमार मुजफ्फरपुर का रहने वाला है।

गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारी मिली है। जिसमें बताया गया है कि बेरोजगार युवकों को 15 से 20 हजार रुपया हर महीने महीने देने की बात पर काम पर रखा जाता था। युवाओं से ऑनलाइन जुआ के साथ-साथ साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम दिलवाया जाता था। वहीं अपराधियों के द्वारा एटीएम को रेंट में लेकर साइबर अपराध के पैसे को ट्रांसफर करने का काम भी किया जाता था। मास्टरमाइंड बिहार में बैठ कर इस गिरोह को चला रहा था। रांची पुलिस का दावा है कि जल्द ही मास्टरमाइंड को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से 90 एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं। जिसके बारे में यह जानकारी मिल रही है कि किराए पर एटीएम अपराधियों के द्वारा लिया गया था। जिससे अवैध निकासी का काम किया जाता था। एसएसपी ने कहा कि हर एटीएम की जांच की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि लोगों से एटीएम ठगी कर ली गई थी या फिर एटीएमधारी भी उस अपराध में शामिल थे।

रांची मंडल में डाक घर की सेवाएं 21 को रहेगी बाधित

रांची। रांची मंडल के सभी डाकघरों में 21 जुलाई को नई एडवांस्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी (एटीपी) सॉफ्टवेयर लागू की जाएगी। इस कारण से 21 जुलाई को पूरे रांची मंडल में डाक घर की सेवाएं एक दिन के लिए बाधित रहेंगी। यह सॉफ्टवेयर एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसे डाक सेवाओं को तेज, सरल और आधुनिक बनाने के लिए शुरू किया जा रहा है। यह सिस्टम 22 जुलाई से पूरी तरह कार्यान्वित हो जाएगा।

अपने भ्रष्ट निकायों का हिसाब दे भाजपा : विनोद

- झामुमो ने कहा : राष्ट्रपति सम्मान ने साबित किया कि झारखंड सही दिशा में है

नवीन मेल संवाददाता

रांची। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में झारखंड के प्रदर्शन को लेकर भाजपा द्वारा लगाए गए आरोपों का झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने करारा जवाब दिया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा को शहरी विकास पर सवाल उठाने से पहले अपने कार्यकाल की "विफलताओं और भ्रष्ट निकायों" का हिसाब देना चाहिए। उन्होंने कहा, "भाजपा का काम सिर्फ झूठ फैलाना और जनता को गुमराह करना रह गया है। हेमंत सरकार के कुशल नेतृत्व में झारखंड ने हाल ही में स्वच्छता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां दर्ज की हैं। जमशेदपुर और बुंडू को राष्ट्रपति और केंद्रीय मंत्री द्वारा सम्मानित किया जाना इस बात का प्रमाण है कि झारखंड सही दिशा में है। 74वें संविधान संशोधन को लेकर भाजपा के आरोपों पर पांडेय ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, "जिन्होंने अपने शासनकाल में नगर निकायों को अफसरशाही के हवाले कर दिया और चुने हुए बोर्ड भ्रष्टाचार के अड्डे में तब्दील हो गए, वे आज लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं। सरकार निकाय चुनाव को लेकर गंभीर है और कानूनी प्रक्रिया पूरी होते ही चुनाव कराएगी। विनोद पांडेय ने कहा कि विपक्ष की नकारात्मक राजनीति के बीच झारखंड के लिए यह गर्व का क्षण है कि हाल ही में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में राज्य के दो शहरों ने राष्ट्रीय स्तर पर झंडा बुलंद किया है।

रांची 16 थाना प्रभारियों समेत 34 पुलिस अधिकारियों का तबादला

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया गया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को 16 थाना प्रभारियों समेत कुल 34 पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। इसमें इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर और ओपी प्रभारी शामिल हैं। इससे संबंधित आदेश एसएसपी ने कार्यालय से जारी कर दिया गया है।

इन थाना प्रभारियों का हुआ स्थानांतरण

- रणविजय शर्मा : लोअर बाजार थाना प्रभारी
- ब्रह्मदेव प्रसाद : अरगोड़ा थाना प्रभारी
- रवि कुमार सिंह : डेली मार्केट थाना प्रभारी
- कृष्ण कुमार साहू : सुखदेवनगर थाना प्रभारी
- रेनू गुप्ता : ट्रैफिक थाना गोंदा प्रभारी
- अभिषेक राय : खेलगांव थाना प्रभारी
- अभिषेक कुमार 2 : लापुंग थाना प्रभारी
- प्रवीण कुमार 2 : नगड़ी थाना प्रभारी
- प्रवीण मोदी : तमाड़ थाना प्रभारी
- सिद्धांत : ठाकुरगांव थाना प्रभारी
- गणेश यादव : विस थाना प्रभारी
- प्रेम प्रदीप कुमार : सोनाहातू थाना प्रभारी
- सचिन मिश्रा : सिकदरी थाना प्रभारी
- गगन ठाकुर : मुरी ओपी प्रभारी
- दीपक नारायण सिंह : पुंदाग ओपी प्रभारी
- सुजीत उरांव : दलादली टीओपी प्रभारी
- मनोज कुमार : सीसीआर प्रभारी
- जयप्रकाश राणा : सर्किल इंस्पेक्टर, सदर पश्चिमी अंचल
- सतीश गोराई : सर्किल इंस्पेक्टर, सोनाहातू अंचल
- दयानंद कुमार, आलोक सिंह, तुलेश्वर कुशवाहा और महेश्वर रंजन : साइबर थाना
- विश्वजीत सिंह : प्रभारी, डीसीबी शाखा
- रविंद्र नाथ सिंह, कृष्ण तिवारी, दीपक सिन्हा, कुंदन कुमार, चंद्रशेखर कुमार, रोशन कुमार, विकास सिंह, संतोष यादव, विनीत कुमार, चंदन कुमार : पुलिस लाइन

कृषि मंत्री ने की धान रोपनी, पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ गीत गाती हुई गांव की महिलाएं हुई शामिल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में ये वक्त धान रोपनी का है। हर तरफ पानी से भरे खेत में महिला - पुरुष की टोली धान रोपनी करते दिख रहे हैं। राज्य भर में लगातार हो रही झमाझम बारिश के बीच राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी चान्हो प्रखंड के रघुनाथपुर गांव में महिलाओं के साथ धान रोपनी करने उतरी। अपने साथ राज्य की मंत्री को धान रोपनी करते देख गांव की महिलाएं काफी उत्साहित नजर आई। आपको बता दें की झारखंड में धान रोपनी का एक अलग महत्व है। पारंपरिक रीति- रिवाज के साथ महिलाएं गीत गाती हुई अपने खेत में धान रोपनी करती है। धान रोपनी के वक्त गांव में उत्सव जैसा माहौल रहता है। किसान ईश्वर से अच्छी फसल होने का प्रार्थना कर धान की फसल की रोपाई करते है। चान्हो प्रखंड के रघुनाथपुर गांव में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के खेत में रोपा की सूचना पा कर बारिश के बावजूद महिलाओं ने खेत का रुख किया। रघुनाथपुर गांव की जॉनी उरांव ने कहा कि मंत्री को अपने साथ देख कर अच्छा लगा।

आईएनएस निस्तार | राष्ट्र को समर्पित हुआ 2300 करोड़ की लागत से बना स्वदेशी युद्धपोत

विकसित होते भारत का प्रतीक है 'निस्तार': रक्षा राज्य मंत्री

- देश के 120 एमएसएमई सेक्टर के सहयोग से तैयार हुआ 10,500 टन का जहाज

नवीन मेल डेस्क

भारत के रक्षा क्षेत्र के विकसित होने का प्रमाण है 'आईएनएस निस्तार'

'आईएनएस निस्तार' भारत के रक्षा क्षेत्र के विकसित होने का प्रमाण है। आत्मनिर्भरता का पीएम का संकल्प और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मोटिवेशन से हमारे रक्षा क्षेत्र ने कई ऐतिहासिक और अभूतपूर्व सफलताएं प्राप्त की है। इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज के द्वारा 17वीं शताब्दी में स्थापित किए गए नौसेना को याद करते हुए संजय सेठ ने कहा कि हम छत्रपति शिवाजी की विरासत को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उनकी प्रेरणा को लेकर आगे बढ़ रहे हैं और राष्ट्र प्रथम के भाव से भारतीय नौसेना काम कर रही है। इसका परिणाम आज पूरी दुनिया देख रही है।

रांची / विशाखापत्तनम। विशाखापत्तनम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को स्वदेशी पोत 'आईएनएस निस्तार' को नौसेना को समर्पित किया। इसके साथ ही भारत दुनिया के उन गिने राष्ट्रों में शामिल हो गया, जिनके पास नौसेना का ऐसा अत्याधुनिक पोत है। इस ऐतिहासिक अवसर पर भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, कमांड अधिकारी कमांडर अमित सब्रो बनर्जी, पूर्व नौसेना अध्यक्ष एडमिरल सुनील लांबा भी मौजूद थे। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि पीएम की प्रेरणा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में तैयार हुआ 'आईएनएस निस्तार' आत्मनिर्भर होते भारतीय नौसेना का प्रतीक है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे मंत्रों ने भारत को जो शक्ति दी है, 'आईएनएस निस्तार' इस शक्ति का सफल परिणाम है। आज भारत रक्षा क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ा है। हमारे कर्मयोगियों, वैज्ञानिकों के अनथक परिश्रम का परिणाम है कि हम स्वदेश में निर्मित जहाज का जलावतरण कर रहे हैं, विकसित भारत की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे सभी कर्मयोगियों को मैं बधाई देता हूं। उन्हें सैल्यूट करता हूं।

सेठ ने कहा कि 'आईएनएस निस्तार' सिर्फ हमारा युद्धपोत नहीं है, यह समुद्री क्षेत्र में हमारी बढ़ती शक्ति का प्रतीक है। दुनिया के बहुत कम ऐसे देश हैं, जिनके पास ऐसी सामरिक शक्ति वाला जहाज है। 2300 करोड़ रुपए की लागत से बना यह जहाज 10 मंजिला है। 10,500 टन वजन वाला निस्तार समुद्र की अथक गहराई में भी जाकर राहत और बचाव कार्य करने में सक्षम है। इसमें लगे उपकरण 1000 मीटर तक समुद्र की गहराई में जा सकते हैं और वहां राहत बचाव कार्य कर सकते हैं। इसके निर्माण में एमएसएमई से जुड़े देश की 120 छोटे-बड़े संस्थाओं ने अपनी भागीदारी दी है। निःसंदेह निस्तार अपने नाम को सार्थकता प्रदान करता है।

न्यूज बॉक्स

नए आपराधिक कानूनों के लिए गठित समितियों के कार्यों की डीजीपी ने की समीक्षा

रांची। झारखंड में नए आपराधिक कानूनों के लिए गठित छह समितियों के कार्यों की डीजीपी अनुराग गुप्ता ने समीक्षा की। समीक्षा बैठक झारखंड पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित हुई। नए अपराधिक कानून के सफल कार्यान्वयन के संबंध में गठित विभिन्न समितियों के अब तक के कार्यों की समीक्षा की गयी। जिनमें लीगल कमेटी, पब्लिक अवेयरनेस कमेटी, टेक्निकल अपग्रेडेशन कमेटी, फाइनेंशियल कमेटी, ट्रेनिंग कमेटी और डिजिटल इन्वेस्टिगेशन कमेटी के अध्यक्षों और सदस्यों ने भाग लिया। डीजीपी ने इन समितियों के उद्देश्यों पर व्यापक चर्चा की। इन उद्देश्यों में डिजिटल एसओपी तैयार करना, डिजिटल अनुसंधान में संक्रमण का पर्यवेक्षण और निगरानी करना, वित्तीय आवश्यकताओं का आकलन और खरीद प्रस्ताव तैयार करना, जमीनी स्तर पर तकनीकी ढांचे की तैनाती और रखरखाव सुनिश्चित करना, नए आपराधिक कानूनों के बारे में आम जनता को जागरूक करने के लिए निरंतर अभियान चलाना, सर्कुलर और मैनुअल की रूपरेखा तैयार करना, तथा पुलिस और सभी हितधारकों के सभी पदों के लिए बहुस्तरीय प्रशिक्षण विकसित करना और उसकी व्यवस्था करना शामिल था। डीजीपी ने सभी समितियों को आपसी समन्वय से काम करने का निर्देश दिया, ताकि राज्य में इन नवीन विधियों का कार्यान्वयन समयबद्ध और प्रभावशाली तरीके से सुनिश्चित किया जा सके।

बिजली सरचार्ज से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ, चैंबर ने जताई आपत्ति

रांची। झारखंड इलेक्ट्रिसिटी कंजम्प्शन सरचार्ज रूल्स 2025 के तहत नगरीय उपभोक्ताओं पर 5 प्रतिशत बिजली सरचार्ज लगाने के प्रस्ताव का झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने कड़ा विरोध किया है। इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को चैंबर भवन में एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें सदस्यों ने प्रस्ताव को जनविरोधी बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। बैठक में सदस्यों ने कहा कि यह सरचार्ज व्यापार, उद्योग और निवेश पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा और आम जनता पर भी आर्थिक बोझ बढ़ाएगा। बैठक के बाद चैम्बर ने अपने सभी सदस्यों से अपील की कि वे इस प्रस्ताव के विरोध में अपनी आपत्ति संबंधित विभाग को प्रेषित करें। इस मौके पर आगामी 20 जुलाई को साहेबगंज में होनेवाली कार्यकारिणी समिति की बैठक की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। इस बैठक में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भाग लेगा। कार्यक्रम का आयोजन ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की मेजबानी में किया जाएगा। बैठक में नामकोम स्थित नव निर्मित ईएसआईसी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को लेकर भी चिंता जताई गई। इसके साथ ही बैठक में गढ़वा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने अपनी स्थानीय समस्याओं को साझा किया और झारखंड चैम्बर से हस्तक्षेप की अपील की। बैठक में अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, सदस्य रोहित पोद्दार, संजय अखौरी, प्रमोद सारस्वत, मुकेश पांडे, और गढ़वा चैंबर की ओर से बबलू पटवा समेत कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।

सज्जन कुमार पाड़िया हैं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद के एकमात्र उम्मीदवार

रांची। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सत्र- 2025-27 के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए एकमात्र उम्मीदवार सज्जन कुमार पाड़िया का नामांकन पत्र शुक्रवार को दाखिल हुआ। मुख्य चुनाव पदाधिकारी अशोक कुमार नारसरिया ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 18 जुलाई 2025 थी। नामांकन पत्र दिन में 4:00 बजे तक दाखिल करना था। बताया गया शाम 5:00 बजे नामांकन पत्र जांच करने के बाद सज्जन कुमार पाड़िया की उम्मीदवारी वैध पाई गई। उम्मीदवारों की अंतिम सूची 20 जुलाई 2025 को जारी की जाएगी। अशोक नारसरिया ने कहा कि शुक्रवार को सज्जन कुमार पाड़िया मारवाड़ी भवन कार्यालय में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार का नामांकन पत्र दाखिल किया था। मौके पर सहायक चुनाव अधिकारी प्रमोद सारस्वत तथा नंदकिशोर पाटोदिया, मनोज चौधरी, अमित जालान आदि उपस्थित थे। ये जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

पृष्ठ एक के शेष

झारखंड को आवास प्लस सूची से...

उन्होंने उल्लेख किया कि बजट 2024-25 में केंद्र सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ अतिरिक्त आवास बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में उन्होंने झारखंड राज्य के लिए बचे हुए 2,22,069 लाभार्थियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि "सभी के लिए आवास" के संकल्प को साकार किया जा सके। यह जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने साझा की।

रिम्स-2 के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक से...

उन्होंने यह भी जोड़ा कि यह वह सपना है जिसे 20 वर्षों में कोई साकार नहीं कर सका, लेकिन अब मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह सच्चाई बन रही है। अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री और मंत्री की पहल से ही यह संभव हो पाया है। यह अस्पताल सभी मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं एक ही छत के नीचे देगा, जिससे झारखंड देश के मेडिकल टूरिज्म मानचित्र पर उभरेगा। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल और पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

झारखंड पुलिस ने छह माह में पांच आतंकी...

इस दौरान 553.856 किलोग्राम गांजा (अनुमानित कीमत 2.76 करोड़ रुपये), 66.566 कि.ग्रा. अफीम (अनुमानित कीमत 3.32 करोड़ रुपये), 2.49 कि.ग्रा. ब्राउन शुगर (अनुमानित कीमत 24.90 लाख रुपये), 9950.94 कि.ग्रा. डोडा (अनुमानित कीमत 14.92 करोड़ रुपये) और 7925 टैबलेट नशे की गोलियां (अनुमानित कीमत 31.70 लाख रुपये) बरामद किए गए। इसके अलावा 2301 बोतल सिरप और 1100 पीस इंजेक्शन बरामद किया गया है। आईजी अभियान ने बताया कि झारखंड पुलिस ने संगठित अपराध पर अंकुश लगाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जनवरी से जून 2025 तक संगठित अपराध से संबंधित 4 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 12 संगठित गिरोहों के अपराधियों की गिरफ्तार हुई। इनके पास से 4 हथियार, 21 गोलियां, 23 मोबाइल फोन और एक चारपहिया वाहन बरामद हुए। इसके अलावा 26 अप्रैल को एटीएस ने धनबाद में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हुत (हिज्ब उत-तहरीर) के पांच सक्रिय कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। उनके पास से दो हथियार, 12 गोलियां, पांच लैपटॉप, तीन पेन ड्राइव, आठ मोबाइल फोन और प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के साहित्य बरामद किए गए।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य को ईडी...

रखी है कि इससे धार्मिक भावना को ठेस पहुंची है। वकील ने इस गिरफ्तारी को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया है। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने भूपेश बघेल के निवास पर शुक्रवार की सुबह छापामार कार्रवाई की। जिसके बाद ईडी की टीम ने चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई तब की गई जब उनके बेटे चैतन्य बघेल का जन्मदिन मनाया जा रहा था। ईडी की टीम ने सुबह लगभग 6 बजे भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निवास पर छापा मारा था। जांच की कार्रवाई लगभग 7 घंटे तक चली। चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद रायपुर स्थित प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय के आसपास गुमटी और ठेलों को हटवाया गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध को देखते हुए ईडी दफ्तर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात है।

बीसीसीआई को 2023-24 में ₹9742 करोड़ की कमाई हुई, इसमें से 5761 करोड़ आईपीएल से आए

बोर्ड के पास 30 हजार करोड़ रिजर्व में हैं

नई दिल्ली । एजेंसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है और इसकी कुल आय 9742 करोड़ रुपए रही। एक फर्म रेडिफ्यूजन की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस कमाई का सबसे बड़ा हिस्सा इंडियन प्रीमियर लीग से आया। आईपीएल ने अकेले 5,761 करोड़ रुपए का योगदान दिया। यानी बोर्ड की कुल कमाई का 59% हिस्सा आईपीएल से आया। गैर-आईपीएल मीडिया राइट्स से बीसीसीआई को 361 करोड़ रुपए की आमदनी हुई। आईपीएल अब बीसीसीआई की सबसे बड़ी आय का सोर्स बन चुका है और रणजी ट्रॉफी समेत घरेलू क्रिकेट के खिलाड़ियों को बड़े मौके भी दे रहा है।

बीसीसीआई के पास 30,000 करोड़ रुपए रिजर्व में रेडिफ्यूजन के मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप गोयल ने कहा, बीसीसीआई के पास रणजी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी और सीके नायडू ट्रॉफी जैसे डोमेस्टिक टूर्नामेंट को व्यवसायिक बनाने की बड़ी क्षमता है, जिससे गैर-आईपीएल राजस्व बढ़ सकता है। बोर्ड के पास करीब 30,000 करोड़ रुपए रिजर्व में है, जिससे हर साल लगभग 1,000 करोड़ रुपए ब्याज मिलता है।

मीडिया राइट्स से कमाई

- मीडिया और ब्रॉडकास्टिंग राइट्स से बीसीसीआई को सबसे ज्यादा रेवेन्यू मिलता है।
- लाइव टेलीकास्ट, हाइलाइट्स और डिजिटल प्रसारण का अधिकार उसी कंपनी को मिलता है जिसके पास मीडिया राइट्स हों।
- यह राइट्स करोड़ों में बिकते हैं और आईपीएल के हर सीजन में इसकी कीमत बढ़ती जा रही है।

टाइटल स्पॉन्सरशिप

2008 में टाइटल स्पॉन्सरशिप की कीमत ₹50 करोड़ सालाना थी।

2023 में यह बढ़कर ₹300 करोड़ सालाना से भी ज्यादा हो गई।

टाटा और बीसीसीआई के बीच दो साल की डील ₹600 करोड़ में हुई थी।

ऐसे आईपीएल से पैसा कमाता है बीसीसीआई

- **मीडिया राइट्स:** मीडिया और ब्रॉडकास्टिंग राइट्स, यानी आईपीएल के मैचों के टेलीकास्ट करने का अधिकार। मैच के लाइव टेलिकास्ट के अलावा हाइलाइट्स तक सिर्फ वही कंपनी दिखा सकती है जिसके पास मीडिया राइट्स हों। इससे ही बीसीसीआई को सबसे ज्यादा रेवेन्यू मिलता है।
- **टाइटल स्पॉन्सरशिप:** साल 2008 में टाइटल स्पॉन्सरशिप के लिए सालाना ₹50 करोड़ दिए गए थे। वहीं 2023 में ये आंकड़ा सालाना ₹300 करोड़ से ज्यादा हो गया। टाटा और बीसीसीआई के बीच दो साल की डील हुई थी, इसके लिए कुल ₹600 करोड़ दिए गए।
- **फ्रेंचाइजी फीस:** कोई भी नई टीम जब आईपीएल का हिस्सा बनती है, इसके लिए फ्रेंचाइजी फीस देनी होती है। ये पूरा प्रोसेस बोली लगाकर होता है, जिसमें अलग-अलग कंपनियां या ग्रुप टीम खरीदने के लिए बिडिंग प्रोसेस का हिस्सा बनते हैं। साल 2022 में जब गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपरजायंट्स लीग का हिस्सा बनीं, तो बीसीसीआई के खाते में ₹12500 करोड़ जुड़ गए।

मांजरेकर ने कहा

'लॉर्ड्स में गिल के आक्रामक रवैए से उनकी बल्लेबाजी पर पड़ा नकारात्मक असर'

नई दिल्ली (आईएएनएस)

इंडियन क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि शुभमन गिल ने जैक क्रॉली के साथ बहस में अपना उग्र पक्ष दिखाया, लेकिन इसका उनकी बल्लेबाजी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप भारत लॉर्ड्स टेस्ट में 22 रनों से हार गया। लॉर्ड्स टेस्ट में गिल और क्रॉली के बीच तीखी बातचीत ने तीसरे दिन के खेल को रोमांचक बनाया। इंग्लैंड ने चौथे दिन इसका बदला लिया। गिल 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए देर से बल्लेबाजी के लिए उतरे। गिल क्रीज पर असहज दिखे और ब्रायडन कार्से की गेंद पर मात्र छह रन बनाकर आउट हो गए। गिल तब अपना विकेट गंवा बैठे जब टीम रनों के लिए लगातार संघर्ष कर रही थी और एक अच्छी साझेदारी की जरूरत थी। संजय मांजरेकर ने विराट कोहली की तुलना में शुभमन गिल की मानसिकता पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि कोहली दबाव में और बेहतर प्रदर्शन करते थे, जबकि गिल का उग्र रवैया, जैसे क्रॉली के साथ बहस, उनकी बल्लेबाजी पर नकारात्मक असर डाल रहा है। संजय मांजरेकर ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो पर कहा कि शुभमन गिल के लिए जैक क्रॉली के साथ बहस एक नया अनुभव था। उन्होंने बताया कि भारतीय खिलाड़ियों को आजकल विदेशी टीमों से आमतौर पर दोस्ताना व्यवहार मिलता है, इसलिए गिल इस आक्रामक माहौल के लिए तैयार नहीं थे और अनिश्चित दिखे। मांजरेकर ने यह भी संकेत दिया कि गिल ने लॉर्ड्स में अपना आक्रामक रूप शायद इसलिए दिखाया होगा क्योंकि उन्होंने बर्मिंघम में पिछले टेस्ट में 269 और 161 रन की पारी खेली थी।

2012 में स्टार्क ने सचिन को अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया था: पोंटिंग

नई दिल्ली (आईएएनएस)

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अपने 100वें टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने उनकी गेंदबाजी की तारीफ की। पोंटिंग ने 2012 के भारत-ऑस्ट्रेलिया दौरे का जिक्र किया, खासकर पर्थ टेस्ट में स्टार्क के स्पैल को याद करते हुए, जहां उन्होंने सचिन तेंदुलकर जैसे दिग्गज को अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया था। पोंटिंग ने कहा कि उस स्पैल ने स्टार्क की असाधारण प्रतिभा और भविष्य में महानता की क्षमता को स्पष्ट कर दिया था।

जमैका में गुलाबी गेंद से खेले गए टेस्ट मैच में मिचेल स्टार्क ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मात्र 15 गेंदों में 5 विकेट लिए और 6/9 के आंकड़े के साथ वेस्टइंडीज को 27 रन पर समेट दिया, जो टेस्ट क्रिकेट इतिहास का दूसरा सबसे कम स्कोर है। इस शानदार प्रदर्शन ने उनकी गति, स्विंग और आक्रामकता को दर्शाया। रिकी पोंटिंग ने 2012 के (पर्थ) टेस्ट की दूसरी पारी का जिक्र किया, जहां स्टार्क, जो उस समय अपना केवल तीसरा टेस्ट खेल रहे थे। उन्होंने सचिन तेंदुलकर को निशाना बनाया। स्टार्क ने तेंदुलकर के कंधे पर सटीक गेंदबाजी कर उन्हें दबाव में ला दिया था, जिससे उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास का पता चला। रिकी पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो में 2012 के वाका टेस्ट में मिचेल स्टार्क के शानदार स्पेल को याद किया, जहां स्टार्क ने सचिन तेंदुलकर जैसे महान बल्लेबाज को परेशान किया। उन्होंने बताया कि स्टार्क ने एक शॉर्ट गेंद फेंकी, जो तेंदुलकर की बगल के नीचे से उठी और लेग साइड में शॉर्ट लेग पर चली गई।

बर्थडे स्पेशल

हर्षा भोगले: हुनर और पैशन कमेंट्री का पर्याय बन गया

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारत में कई पूर्व क्रिकेटरों ने संन्यास के बाद कमेंट्री की दुनिया में अपना नाम कमाया। दर्शकों के बीच इन जाने-पहचाने चेहरों ने अपनी आवाज के जरिए क्रिकेट का आंखों देखा हाल घर-घर तक सुनाया है। चाहे सुनील गावस्कर हो या रवि शास्त्री, इन्होंने कमेंट्री को नए आयाम दिए। इसी बीच एक ऐसा नाम भी उभरकर आया तो परंपरागत क्रिकेटर नहीं था, लेकिन अपने हुनर और पैशन से अंग्रेजी कमेंट्री का पर्याय बन गया। ये शख्स हैं- हर्षा भोगले। उन्होंने इंग्लिश कमेंट्री में एक अलग ही फैन बेस बनाया। हर्षा ने अंग्रेजी कमेंट्री में दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया और क्रिकेट की क्लास को युवाओं तक पहुंचाया। समय के साथ हिंदी भाषा के बढ़ते बाजार के साथ, हर्षा हिंदी में भी कमेंट्री करते नजर आते हैं।

प्रतीका रावल और इंग्लैंड टीम पर आईसीसी ने लगाया जुर्माना

रावल पर मैच फीस का 10% और इंग्लिश टीम पर 5% फाइन

नई दिल्ली । एजेंसी

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारतीय विमेंस टीम की ओपनर प्रतीका रावल पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना के साथ ही एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया है। जबकि इंग्लैंड टीम स्लो ओवर रेट के लिए मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। रावल पर यह जुर्माना बुधवार को साउथम्पटन में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए पहले वनडे मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगा। उन्हें आईसीसी के अनुच्छेद 2.12 का दोषी पाया गया है। यह नियम खिलाड़ी, सपोर्ट स्टाफ, अंपायर, मैच रेफरी या दर्शक के साथ अनुचित व्यवहार शामिल है। रावल पर मैच के दौरान दो अलग - अलग घटनाओं के कारण कार्रवाई हुई रावल पर दो अलग-अलग घटनाओं के कारण यह कार्रवाई हुई। 18वें ओवर में रन लेते समय उन्होंने गेंदबाज लॉरेन फाइलर के साथ अनावश्यक शारीरिक संपर्क किया। इसके बाद, अगले ओवर में आउट होने के बाद पवेलियन लौटते समय उन्होंने गेंदबाज सोफी एक्लेस्टोन के साथ भी ऐसा ही अनुचित संपर्क किया।

आईसीसी एनुअल मीटिंग

इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने की न्यूनतम आयु 15 साल होगी

नई दिल्ली । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कई महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा के लिए एक वर्किंग ग्रुप बनाने का फैसला किया है। इसमें क्रिकेट के हर फॉर्मेट की संरचना और 2028 लॉस एंजिलिस ओलिंपिक के लिए क्वालिफिकेशन प्रक्रिया शामिल है। यह भी तय हुआ कि सीनियर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भाग लेने की न्यूनतम आयु 15 वर्ष रहेगी, लेकिन विशेष मामलों में इसकी समीक्षा की जा सकती है। इस ग्रुप में सीईसी और बोर्ड के सदस्य शामिल होंगे।

कमजोर तिमाही नतीजों से शेयर बाजार लाल निशान में बंद

मुंबई (आईएएनएस)

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। गिरावट की वजह वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के उम्मीद से कमजोर नतीजों को माना जा रहा है। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 501.51 अंक या 0.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,757.73 और निफ्टी 143.05 अंक या 0.57 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,968.40 पर बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बड़ी गिरावट हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 414.60 अंक या 0.70 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 59,104.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 157.65 अंक या 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,959.65 पर था। ज्यादातर सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, एनर्जी, एफएमसीजी, प्राइवेट बैंक और कमोडिटी सबसे ज्यादा गिरने वाले इंडेक्स थे। आईटी, मेटल और मीडिया इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, एमएंडएम और बजाज फिनसर्व टॉप गेनर्स थे। एक्सिस बैंक, बीईएल, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, इटरनल (जोमैटो), पावर ग्रिड,ट्रेंट और टेक महिंद्रा टॉप लूजर्स थे।

पीयूष गोयल ने देश के युवाओं से विकसित भारत का निर्माता बनने की अपील की

नई दिल्ली (आईएएनएस)

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को देश के युवाओं से 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की अपील की, जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 'अमृत काल' के लिए दिए गए 'पंच प्रण' (पांच प्रतिज्ञाओं) में शामिल है। भारत के अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र आंदोलन (आईआईएमयूएन) सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने युवाओं से 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहने को कहा। प्रधानमंत्री के 15 अगस्त, 2022 के संबोधन को याद करते हुए, उन्होंने कहा कि उस पीएम मोदी ने कहा था कि 2047 में भारत की स्वतंत्रता की शताब्दी तक अमृत काल की 25 वर्ष की अवधि राष्ट्र के लिए एक निर्णायक क्षण है। उन्होंने आगे कहा कि उनकी पांच प्रतिज्ञाओं में से पहली प्रतिज्ञा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प है। युवाओं से कहा कि वे इस बदलाव के प्रमुख वाहक होंगे। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा, "यह प्रतिबद्धता तभी साकार हो सकती है जब हम शेष चार प्रतिज्ञाओं को भी समान गंभीरता से अपनाएं।



- **भारत की संस्कृति और मूल्यों का महत्व :** गोयल ने कहा कि जैसे-जैसे भारत विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है, हमारी इतिहास, परंपराएं और मूल्य प्रणालियां और अधिक प्रासंगिक होती जा रही हैं।
- **राष्ट्र की एकता सर्वोपरि :** राष्ट्र की एकता और अखंडता भारत की सबसे बड़ी ताकत है, जिसे हर स्तर पर पोषित किया जाना चाहिए।
- **विकसित राष्ट्र के लिए सामूहिक भावना जरूरी :** एक विकसित भारत की नींव तभी रखी जा सकती है जब जनता साझा जिम्मेदारी और करुणा के साथ कार्य करे।
- **1.4 अरब भारतीयों का राष्ट्र निर्माण में संकल्प :** उन्होंने कहा कि पांचवीं प्रतिज्ञा हर भारतीय के लिए एक आह्वान है कि राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

गोयल ने कहा, दूसरी प्रतिज्ञा औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागना है।

वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में भारत के समृद्ध इतिहास का उल्लेख करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सदियों की विदेशी अधीनता ने आत्मविश्वास को कम किया है और सीमाएं लगाई हैं। हमें अतीत की सीमाओं से बंधे नहीं रहना चाहिए, बल्कि वैश्विक मानकों को पूरा करने और महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने की आकांक्षा रखनी चाहिए। तीसरी प्रतिज्ञा भारत की विरासत पर गर्व करने के बारे में है।

सरकार वर्ल्ड-क्लास रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध : हर्ष मल्होत्रा

नई दिल्ली (आईएएनएस)

कॉरपोरेट मामले और सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार विकसित भारत 2047 विजन के तहत विश्व-स्तरीय सड़क और परिवहन इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने दिल्ली में सड़क एवं राजमार्ग शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय एक विश्व-स्तरीय सड़क और परिवहन इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो लोगों को जोड़ेगा, आर्थिक विकास को गति देगा और सभी के लिए सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करेगा। मल्होत्रा ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन को वास्तविकता में बदलने के लिए अथक प्रयास किया है, जिसमें शहरों को जोड़ना, समुदायों को सशक्त बनाना और राजमार्ग निर्माण की अभूतपूर्व गति और पैमाने के माध्यम से विकास को गति देना शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक राजमार्ग सिर्फ सड़कें नहीं हैं, ये प्रगति की जीवन रेखाएं हैं, जो लोगों, उद्योगों और अवसरों को जोड़ती हैं और नेटवर्क का विस्तार करके सरकार ने यात्रा के अनुभव को पुनः परिभाषित किया है, जिससे यह प्रत्येक नागरिक के लिए अधिक तीव्र, सुरक्षित और अधिक आरामदायक बन गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क वर्ष 2014 में 91 हजार किलोमीटर से बढ़कर आज 1.46 लाख किलोमीटर से अधिक हो गया है।

धातुओं में गिरावट : लगातार तीन दिन गिरने के बाद फिर बढ़े सोना-चांदी के दाम

नई दिल्ली (आईएएनएस)



सोना-चांदी की कीमतों में आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को बढ़त दर्ज की गई। 24 कैरेट के सोने की कीमतों में 750 रुपए से ज्यादा का इजाफा हुआ है। वहीं, चांदी की कीमत एक बार फिर 1,12,000 रुपए के पार हो गई है। इससे पहले लगातार तीन दिनों से कीमती धातुओं की कीमत में गिरावट देखी जा रही थी। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 790 रुपए बढ़कर 98,243 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि बीते गुरुवार को 97,453 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 89,991 रुपए हो गई है, जो कि पहले 89,267 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 73,682 रुपए हो गया है।

परप्लेक्सिटी ने चैटजीपीटी को पीछे छोड़ एप्पल ऐप स्टोर पर शीर्ष स्थान किया हासिल

नई दिल्ली (आईएएनएस)



ग्लोबल एआई रेस में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में अरविंद श्रीनिवास के नेतृत्व वाले परप्लेक्सिटी एआई ने ओपनएआई के चैटजीपीटी को पीछे छोड़ते हुए एप्पल ऐप स्टोर पर फ्री ऐप्स में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। यह तेज उछाल टेलीकॉम ऑपरेटर एयरटेल के साथ एक रणनीतिक गठबंधन के बाद देखा गया, जिसमें एयरटेल अब अपने ग्राहकों को प्रीमियम परप्लेक्सिटी प्रो सब्सक्रिप्शन की मुफ्त सुविधा प्रदान की जा रही है, जिसकी कीमत 17,000 रुपए प्रति वर्ष है। परप्लेक्सिटी प्रो के जरिए जीपीटी-4.1, ग्रोक 4 और इमेज जेनरेशन टूल्स जैसे कई स्टेट-ऑफ-द आर्ट एआई मॉडल तक पहुंच संभव हो पाई है। इसके अतिरिक्त, यह भुगतान न करने वाले यूजर्स को कंपनी के एक्सक्लूसिव कॉमेट ब्राउजर तक शीघ्र पहुंच प्रदान करता है।